CMYK

तापमान — अधिकतम :30°C, न्यूनतम: 12°C

सेंसेक्स 77,414.92
निफ्टी 23,519.35

सोना 92,115
चांदी 1,04,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, रविवार 30 मार्च 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 78 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com

चैत्र कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 29 रमजान 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


# म्यांमार त्रासदी: मौत का आंकड़ा 1644 पहुंचा

## 3400 घायल, म्यांमार में फिर आया 5.1 तीव्रता का भूकंप, दो दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता के भूकंप आए

नेपीदा, वार्ता

- यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे को आशंका, 10 हजार से ज्यादा हो सकता है मौत का आंकड़ा
- पड़ोसी देश थाईलैंड में कम से कम 10 लोग मारे गए और 100 से अधिक लोग लापता



**म्यांमार में** शनिवार दोपहर 3.30 बजे फिर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। इस तरह 2 दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता वाले तीन भूकंप आ चुके हैं। शुक्रवार को 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई है। मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। यह आशंका यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने जताई है।

भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए थे। म्यांमार के पड़ोसी देश थाईलैंड में कम से कम 10 लोग मारे गए हैं और 100 से अधिक लोग लापता हैं, उनमें से कई बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत के मलबे में फंसे हुए हैं। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक म्यांमार की सैन्य सरकार ने कहा है कि मरने वालों का आंकड़ा 1,644 हो चुका है, जबकि 3400 से ज्यादा लोग घायल हैं। म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11.50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप है। भारी तबाही के चलते म्यांमार के 6 राज्यों और पूरे थाईलैंड में इमरजेंसी लगा दी गई है। संयुक्त राष्ट्र ने रिलीफ प्रोग्राम शुरू करने के लिए म्यांमार को 5 मिलियन डॉलर (43 करोड़ रुपये) दिए। रूस के इमरजेंसी मंत्रालय ने 120 बचावकर्मियों और जरूरी सामान के साथ दो विमानों को भेजा है। चीन की रेस्क्यू टीम सबसे पहले पहुंची। हॉन्ग कॉन्ग, सिंगापुर और मलेशिया भी रेस्क्यू टीम भेजेंगे। थाईलैंड में आए भीषण भूकंप के दौरान बैंकॉक के डाक्टरों ने हॉस्पिटल के बाहर सड़क पर एक बच्चे को जन्म दिलवाया। महिला बच्चे को जन्म देने के लिए हॉस्पिटल गई हुई थी, इसी दौरान भूकंप आ गया। इसके बाद डाक्टरों को हॉस्पिटल को खाली करना पड़ा। बैंकॉक शहर के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें अब तक 2,000 से ज्यादा इमारतों के नुकसान की रिपोर्ट मिली है। इसके लिए वे 100 से ज्यादा इंजीनियरों को तैनात करने जा रहे हैं।

### भारत ने म्यांमार के लिए सहायता की पहली खेप भेजी

**नई दिल्ली।** भारत ने भूकंप से बुरी तरह प्रभावित म्यांमार के लोगों के लिए मानवीय सहायता की पहली खेप भेजी है। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने शनिवार को यह जानकारी दी। डा. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा कि वायुसेना का सी-130 विमान कंबल, तिरपाल, स्वच्छता किट, स्लीपिंग बैग, सोलर लैंप, भोजन के पैकेट और रसोई सेट लेकर जा रहा है। इस उड़ान के साथ एक खोज और बचाव दल और चिकित्सा दल भी है। हम घटनाक्रम पर नज़र रखना जारी रखेंगे और आगे और सहायता भेजी जाएगी।

### मोदी ने म्यांमार के वरिष्ठ जनरल से बात कर एकजुटता व्यक्त की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भीषण भूकंप से तबाह म्यांमार के वरिष्ठ जनरल मिन आंग फ्लाइंग से बात कर कहा है कि भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ खड़ा है और राहत सामग्री के साथ-साथ बचाव अभियान में भी मदद कर रहा है। श्री मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग फ्लाइंग से बात की। विनाशकारी भूकंप में हुई मौतों पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। एक करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में, भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, खोज और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से भेजा जा रहा है।

### यूपी से म्यांमार जाएंगे फील्ड अस्पताल के 118 मेडिकल स्टाफ

**नई दिल्ली।** भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया है। यूपी के आगरा से 118 सदस्यों वाला फील्ड अस्पताल म्यांमार जाएगा। ऑपरेशन ब्रह्मा पर विदेश मंत्रालय ने बताया कि म्यांमार में भारत के राजदूत राहत और बचाव कार्यों का बेहतर समन्वय करने के लिए फिलहाल नेपीदा में हैं। सरकार के मुताबिक भारतीय समुदाय के किसी सदस्य के हताहत होने की अभी तक कोई खबर नहीं मिली है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि संकट के समय सबसे पहले मदद करना भारत की विदेश नीति का हिस्सा है।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में मुठभेड़, 17 नक्सली ढेर

सुकमा, वार्ता

- इंसॉस और एसएलआर समेत बड़ी मात्रा में हथियार बरामद दो जवान भी घायल

**छत्तीसगढ़ के** सुकमा जनपद में शनिवार सुबह सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में अब तक 17 नक्सली मारे गए हैं। इंसास और एसएलआर समेत बड़ी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। मरने वाले नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। एक साल के अंदर अब तक 410 नक्सली मारे जा चुके हैं।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने अपडेट देते हुए बताया कि 17 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। दो जवानों को मामूली चोटें आई हैं। खबर है कि इस मुठभेड़ में डीवीसीएम जगदीश ढेर हो गया है। वहीं सुकमा एसपी किरण गंगाराम चव्हाण ने बताया कि हमने अब तक 17 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। बड़ी संख्या में एके-47, एसएलआर, इंसास राइफल और अन्य हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। दो जवानों को मामूली चोटें आई हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, एक अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ केरलापाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक जंगल में हुई है। मुठभेड़ उस वक्त हुई जब सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। आगे बताया कि केरलापाल क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर शुक्रवार रात को अभियान शुरू हुआ। अभियान में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और सीआरपीएफ के जवान शामिल हैं। सुकमा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, जिला सुकमा के थाना केरलापाल क्षेत्र में माओवादियों के उपस्थिति की सूचना परब 28 मार्च को जिला सुकमा डीआरजी और सीआरपीएफ की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी सर्च अभियान में रवाना हुए हुई। अभियान के दौरान शनिवार सुबह सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ स्थल और आस-पास क्षेत्रों की सुरक्षाबलों द्वारा सघन सर्चिंग जारी है।

### हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता: शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को छत्तीसगढ़ में 17 नक्सलियों को ढेर किए जाने पर सुरक्षा बलों को बधाई देते हुए शनिवार को संकल्प व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने हथियार रखने वालों से अपील की है कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता। केवल शांति और विकास ही बदलाव ला सकता है।

## 29वां रोज़ा

### दुआ का पैगाम देता है माहे रमज़ान का आखिरी दिन



आज उन्तीसवां रोज़ा है। अगर ईद का चांद आज शाम को नज़र आता है, तो माहे-रमज़ान के आखिरी अशरे यानी दोजख से निजात के अशरे का यह आखिरी रोज़ा होगा, लेकिन आज चांद नजर नहीं आता है, तो इंशाअल्लाह कल तीसवां और आखिरी रोज़ा होगा यानी सवाब का एक और दिन। उन्तीसवां रोज़ा रमज़ान की रुखसत के इशारे के साथ रोज़ेदारों और नेक बंदों से अल्लाह पर ईमान के साथ दुआ का पैगाम दे रहा है। माहे-रमज़ान में रोज़े रखते हुए तिलावते कुरआन करते हुए इबादत करते हुए अनजाने में जो भूलें या गलतियां हुई हैं, रोज़ेदार की किसी बात से किसी का दिल दुख गया हो। फर्ज में कोई कमी रह गई हो, न चाहते हुए भी यानी जब्त करने के बाद भी गुस्सा आ गया हो, वादाखिलाफी हो गई हो। अनजाने ही कोई कोताही हो गई हो, तो तौबा-ए-अस्तगफार करके अल्लाह से अपने मां-बाप, मुल्क और दुनिया की भलाई के लिए कसरत से दुआ मांगनी चाहिए।






### सऊदी अरब में हुआ चांद का दीदार भारत में कल मनाई जाएगी ईद

**नई दिल्ली।** सऊदी में ईद का चांद नजर आ गया है। सऊदी अरब में अब 30 मार्च (आज) को ईद-उल-फितर मनाई जाएगी। 29 मार्च को सऊदी अरब में ईद का चांद नजर आने का लोगों को बड़ी बेसब्री से इंतजार था, जो कि अब खत्म हुआ और ईद का चांद नजर आ गया। वहीं, भारत में 30 मार्च को चांद नजर आएगा और ईद-उल-फितर 31 मार्च 2025, सोमवार को मनाई जाएगी। हर बार भारत से एक दिन पहले सऊदी अरब में ईद मनाई जाती है। इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि सऊदी अरब में रमजान एक दिन पहले यानी 1 मार्च से शुरू हुआ था, तो वहीं, भारत में रमजान की शुरुआत 2 मार्च से हुई थी। इस्लामिक कैलेंडर चांद के मुताबिक चलता है और हर हिजरी महीने की शुरुआत चांद दिखने से तय होती है। ईद-उल-फितर इस्लामी महीने शव्वाल की पहली तारीख को मनाई जाती है।

### आयुष्मान भारत योजना में 36.9 करोड़ कार्ड बने

**नई दिल्ली।** देश की स्वास्थ्य क्षेत्र की प्रमुख आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के अंतर्गत 36.9 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने संसद में पेश एक रिपोर्ट में कहा है कि आयुष्मान भारत योजना देश में स्वास्थ्य सेवा का परिदृश्य बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# डिजिटल अरेस्ट में बुजुर्ग दंपति ने की आत्महत्या

बेंगलुरु, वार्ता

- ठगों ने कर्नाटक में दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बन 50 लाख ठगे सुसाइड नोट से हुआ खुलासा

**कर्नाटक के** बेलगावी में एक बुजुर्ग दंपति ने डिजिटल अरेस्ट में 50 लाख रुपये की साइबर ठगी होने के बाद आत्महत्या कर ली। 83 साल के दियांगो नजारत ने गला काटकर जबकि उनकी पत्नी प्लेव्याना नजारत (79) ने जहर खाकर खुदकुशी की।

पुलिस के मुताबिक, ठगों ने बुजुर्ग दंपति से वीडियो कॉल पर संपर्क किया और खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया। उन्होंने दंपति को झूठे आपराधिक मामले में फंसाने की धमकी दी और डिजिटल अरेस्ट कर 50 लाख रुपये ठग लिए। बेलगावी के एसपी भीमाशंकर गुलेद ने बताया कि पुलिस बैंक खातों की जांच कर रही है और ठगों की ओर से वसूली गई कुल रकम का पता लगाया जा रहा है। यह एक गंभीर मामला है और इसकी जांच की जा रही है। ठगों ने खुद को दिल्ली के टेलीकॉम विभाग और क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर बुजुर्ग दंपति को कॉल

-शेष पृष्ठ दो पर

# प. बंगाल के मालदा में हिंसा 34 गिरफ्तार, इंटरनेट बंद



- उपद्रवियों ने दुकानें- गाड़ियां तोड़ीं, सामान लूटा, कलकत्ता हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मोथाबाड़ी में 27 मार्च को दो गुटों के बीच हुई हिंसा मामले में 34 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद से इलाके में इंटरनेट बंद है। आर्म्ड और रैपिड एक्शन फोर्स की तीन कंपनियां तैनात की गई हैं।

हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने डीएम और एसपी से 3 अप्रैल तक एक्शन रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कहा कि राज्य को सावधानी से काम करना चाहिए। साथ ही हिंसा से प्रभावित लोगों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। 26 मार्च को मोथाबाड़ी मस्जिद में नमाज हो रही थी। इस दौरान वहां से एक जुलूस गुजर रहा था, तभी कुछ लोगों ने धार्मिक नारे लगाए। 27 मार्च को दूसरे समुदाय ने इसका विरोध किया। स्थानीय लोगों के मुताबिक 27 मार्च को विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों के हाथ में धार्मिक झंडे थे। नारेबाजी कर रहे लोग अचानक हिंसक हो गए और दुकानों, घरों में तोड़-फोड़ की, सामान लूटा और सड़कों पर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे।






# यूपी में यकायक बदला मौसम का मिजाज

- पश्चिमी उप्र और पूर्वांचल के जिलों में ठंडी हवाएं चलीं

**लखनऊ।** उप्र में एक बार फिर से मौसम ने यू-टर्न लिया है। शनिवार की सुबह से पश्चिमी उप्र और पूर्वांचल के जिलों में ठंडी हवाएं चल रही हैं। शुक्रवार की आंधी रात को कई जिलों में धूल भरी हवाएं चली थीं।

मौसम विभाग ने पहले ही शनिवार को मौसम में बदलाव की भविष्यवाणी की थी। देश के दूसरे राज्यों में हुए मौसम का बदलाव भी यहां देखने को मिल रहा है। प्रदेश में बीते दो से तीन दिनों में चुभने और जलने वाली गर्मी पड़ी थी। कई जिलों में तापमान 40 के आसपास पहुंच गया था। शुक्रवार को प्रयागराज और हमीरपुर में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया और लू जैसी स्थितियां रहीं। कई जिलों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। वाराणसी, सुल्तानपुर, अमेठी जैसे शहरों में भी उष्ण दिवस रहा और तपिश से लोग बेहाल रहे। हालांकि 30 से 40 किमी रफ्तार से चली पछुआ के असर से तीखी गर्मी और तपिश बर्दाश्त करने लायक रही। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक रविवार को भी पछुआ की रफ्तार बनी रहेगी और पारे में थोड़ी सी गिरावट आएगी और तात्कालिक तौर पर तपिश से थोड़ी राहत मिलेगी। सोमवार से गर्मी फिर से सिर उठाएगी। अप्रैल की शुरुआत तपिश भरी धूप और गर्म हवा के थपेड़ों के साथ होगी।

# कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई में तीन नए केस दर्ज



**मुंबई।** स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में 3 नए केस दर्ज किए गए हैं। ये केस महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को लेकर दिए गए विवादित बयान से जुड़े हैं।

मुंबई पुलिस की ओर से शनिवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, पहली शिकायत जलगांव की मेयर ने दर्ज करवाई है, जबकि बाकी 1-1 केस नासिक के दो अलग-अलग बिजनेसमैन ने किया है। केस में मुंबई पुलिस कुणाल कामरा से पूछताछ के लिए 2 समन जारी कर चुकी है। वहीं महाराष्ट्र विधान परिषद में भी कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस स्वीकार कर लिया गया है।

# नदियों की हालत देख चिंता होती है: जस्टिस नाथ

## दिल्ली पॉल्यूशन को लेकर कहा: बच्चे बाहर खेलने के लिए भी मास्क लगाएं, ये मंजूर नहीं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि देश की नदियां देखकर चिंता होती है। वे गंदगी से भरी पड़ी हैं। मैं जब इन नदियों के किनारों को देखता हूं, तो मुझे पुरानी बातें याद आती हैं। ये पानी कभी कितना जीवंत और शुद्ध था। हम इनका गौरव बचाने में असमर्थ हैं, ये चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में पॉल्यूशन का लेवल हर रोज हाई होता है। हम सभी का मानना है कि हमारे बच्चों का ऐसे वातावरण में बड़ा होना कतई मंजूर नहीं, जहां उन्हें बाहर खेलने के लिए भी मास्क की जरूरत, कम उम्र में सांस संबंधी बीमारियों की चिंता हो। शनिवार को जस्टिस नाथ दिल्ली में विज्ञान भवन में पर्यावरण पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन- 2025 के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी थीं। कार्यक्रम में देश के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी भी मौजूद थे। जस्टिस नाथ ने कहा कि हमें ऐसे समाधान तलाशने की जरूरत है, जो आर्थिक विकास और पर्यावरण की भलाई के बीच संतुलन बनाए रखें। सरकारी नीतियों को ग्रीन टेक्नॉलोजिस पर फोकस करना चाहिए। हमें एमिशन को रेग्यूलेट करने, क्लीन टेक्नॉलोजिस में इंवेस्ट करने और सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट ऑप्शन के लिए साथ आना चाहिए। जिससे हमें सांस लेने वाली हवा से समझौता नहीं करना पड़े और आर्थिक प्रगति हो। मैं जब इन नदियों के किनारों को देखता हूं, तो मुझे पुरानी बातें याद आती हैं चिंता होती है। ये पानी कभी कितना जीवंत और शुद्ध था। हम उन्हें उनकी नेचुरल प्राइड में कंजर्व करने में असमर्थ हैं। ये चिंता का विषय है।




## संक्षिप्त समाचार

### योगी ने नव सम्वत्सर व चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा सम्वत-2082 से प्रारम्भ भारतीय नव सम्वत्सर व चैत्र नवरात्रि पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं मंगलमय भविष्य की कामना भी की है। अपने बधाई सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा कि बासंतीय नवरात्रि प्रकृति और शक्ति की उपा. सना का पर्व है। इस पर्व में उपवास, प्रार्थना एवं ध्यान का विशेष महत्व है। बासंतीय नवरात्रि की प्रतिपदा से ही नववर्ष के पंचांग की गणना शुरू होती है। इस समय मौसम में परिवर्तन भी होता है इसलिए धर्म, अध्यात्म, ज्योतिष के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टि से भी नवरात्रि का महत्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि का पर्व हमारे जीवन में एक नई उमंग, एक नए उत्साह के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के प्रति रचनात्मक सोच पैदा करता है। शक्ति का अनुष्ठान रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों के प्रति हो, नवरात्रि के अवसर पर हम सभी को यही संकल्प लेना चाहिए।

### जामिया में नमाज पर प्रतिबंध, एमएमयू ने की निंदा

**श्रीनगर।** मुत्ताहिदा मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) ने शनिवार को यहां ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में शब-ए-कद्र और जुमात-उल- विदा की नमाज की अनुमति नहीं देने और कश्मीर के प्रमुख मौजवी मीरवाइज उमर फारूक को घर में नजरबंद किए जाने की कड़ी निंदा की और इसे क्षेत्र में मुसलमानों के धार्मिक अधिकारों में खुला हस्तक्षेप बताया। एमएमयू जम्मू-कश्मीर में 45 धार्मिक संगठनों का प्रतिनिधि मंच है, जिसका नेतृत्व मीरवाइज उमर फारूक करते हैं। एमएमयू ने एक बयान में कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है कि जहां युद्धग्रस्त क्षेत्रों और संघर्ष क्षेत्रों सहित दुनिया के हर हिस्से में लोगों को इन पवित्र प्रार्थनाओं को शांतिपूर्वक करने के लिए इकट्ठा होने की अनुमति दी गई थी, वहीं केवल कश्मीर में मुसलमानों की सबसे बड़ी सभा को जानबूझकर प्रशासन ने अनुमति नहीं दी और इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इससे लोगों की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है और यह जम्मू-कश्मीर के मुसलमानों के धार्मिक अधिकारों में हस्तक्षेप करने और उन पर अंकुश लगाने की नीति को प्रदर्शित करता है।

### वक्फ बिल को लेकर तनाव फैलाना खतरनाक: कलराज

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री और पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि वक्फ बोर्ड विधेयक को राजनी. तिक स्वरूप देकर इस पर साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने की को. शिश करना देश के लिए खतरनाक है। उत्तर प्रदेश के देवरिया में शनिवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता मिश्र ने बातचीत में कहा कि मुझे लगता है कि वक्फ बोर्ड का जो विधेयक लाया जा रहा है। उस विधेयक को विरोधी दल एक धर्म का विधेयक मानकर उसका राजनीतिकरण करने का प्रयास कर रहे हैं। विरोधी दल इसे राजनीति से प्रेरित होकर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि यह कोई धर्म विधेयक नहीं है। हमेशा से कानून के दृष्टिकोण से सुधार करने करने के लिए विधेयक लाए जाते रहे हैं और समय-समय पर कानून में संशोधन भी हुए हैं, उसी प्रक्रिया के तहत यह विधेयक लाया गया है।

# एयरफोर्स के इंजीनियर की हत्या

**प्रयागराज, वार्ता**

भारतीय वायु सेना के इंजीनियर की घर में ही गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस और वायुसेना दोनों पारिवारिक रंजिश का एंगल, विभाग की रंजिश के एंगल समेत कई एंगल पर जांच कर रही हैं। चीफ इंजीनियर का नाम एसएन मिश्रा है। उन्हें जब गोली मारी गइ, तब वह घर में सोए हुए थे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, हत्या की यह वारदात सुबह करीब तीन बजे हुई। अज्ञात हमलावर ने बाहरी खिड़की से गोली मार दी।

घटना पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बम्हरौली इलाके में स्थित कॉलोनी की है। पुलिस को शुरुआती जांच में आपसी रंजिश में हत्या की आशंका लग रही है। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के साथ-साथ वायुसेना भी इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि बम्हरौली इलाके में स्थित एयरफोर्स कॉलोनी में एसएन मिश्रा अपने परिवार के साथ रहते थे। शनिवार सुबह करीब तीन बजे कुछ लोग घर की खिड़की पर पहुंचे। ऐसे में जैसे ही



**प्रयागराज में घर में घुसकर मारी गोली**

मिश्रा ने खिड़की खोली, हमलावरों ने उन्हें गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर परिवार के लोग जाग गए, तो उन्होंने देखा कि मिश्रा जमीन में लहूलुहान पड़े थे। मिश्रा को तुरंत सेना के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर फॉरेंसिक की टीम को बुलाया। टीम ने घटनास्थल से सबूत एकत्र किए। मिश्रा के कमरे को भी सील कर दिया गया है। वायुसेना ने भी अपनी जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा आसपास के सीसीटीवी के फुटेज के आधार पर हमलावरों का पता लगा रही है।

# नई पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत सौंपे

**नई दिल्ली, वार्ता**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत सौंपना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

मुर्मू ने शनिवार को यहां 'पर्यावरण-2025' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि पर्यावरण से जुड़े सभी दिवस यह संदेश देते हैं कि हमें उनके उद्देश्यों और कार्यक्रमों को ध्यान में रखकर यथासंभव अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सभी की भागीदारी पर आधारित सतत सक्रियता से ही पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन संभव होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि बच्चों और युवा पीढ़ी को व्यापक स्तर पर पर्यावरण परिवर्तन का सामना करना होगा और उसमें योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों के स्कूल, कॉलेज और करियर की चिंता के साथ साथ यह यह भी सोचना



होगा कि बच्चे कैसी हवा में सांस लेंगे, उन्हें कैसा पानी पीने को मिलेगा, वे पक्षियों की मधुर आवाज सुन पाएंगे या नहीं, वे हरे-भरे जंगलों की खूबसूरती का अनुभव कर पाएंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि इन विषयों के आर्थिक, सामाजिक और वैज्ञानिक पहलू हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन सभी विषयों से जुड़ी चुनौतियों का एक नैतिक पहलू भी है। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए हमें पर्यावरण के प्रति जागरूक और संवे. दनशील जीवनशैली अपनानी होगी, ताकि पर्यावरण न केवल संरक्षित हो बल्कि

**पर्यावरण पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का आह्वान**

संवर्धित भी हो और पर्यावरण अधिक जीवंत बन सके। स्वच्छ पर्यावरण और आधुनिक विकास के बीच संतुलन बनाना एक अवसर और चुनौती दोनों है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि प्रकृति एक मां की तरह हमारा पोषण करती है और हमें प्रकृति का सम्मान और संरक्षण करना चाहिए। विकास की भारतीय विरासत का आधार पोषण है, शोषण नहींद्ध संरक्षण है, उन्मूलन नहीं। इसी परंपरा का पालन करते हुए हम विक. सित भारत की ओर आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि पिछले एक दशक में भारत ने अंतरराष्ट्रीय समझौतों के अनुसार अपने निर्धारित योगदान को समय से पहले पूरा किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने देश के पर्यावरण शासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने पर्यावरण न्याय या जलवायु न्याय के क्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभाई है। एनजीटी द्वारा दिए गए ऐतिहासिक निर्णयों का जीवन, स्वास्थ्य और पृथ्वी के भविष्य पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने पर्यावरण प्रबंधन पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़ी संस्थाओं और नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास करने का आग्रह किया। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि देश और पूरे विश्व समुदाय को पर्यावरण के अनुकूल मार्ग पर चलना होगा। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी हरित पहलों के माध्यम से विश्व समुदाय के सामने कई अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी हितधारकों की भागीदारी से भारत वैश्विक स्तर पर हरित नेतृत्व की भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है, जहां हवा, पानी, हरियाली और समृद्धि पूरे विश्व समुदाय को आकर्षित करती है।

## एटीएम निकासी शुल्क बढ़ाना जनविरोधी: खड़गे

# बैंकों के जरिये जनता को लूट रही सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एटीएम से पैसे निकालने पर शुल्क बढ़ाने के सरकार के निर्णय को जन विरोधी करार देते हुए कहा है कि सरकार बैंकों के माध्यम से देश की जनता को लूटने का काम कर रही है।

खड़गे ने कहा कि बैंक एटीएम, केवाईसी, वहाट्सएप पर निकाशी तथा जमा संबंधी संदेश देने, ग्राहक का अपने खाते का विवरण हासिल करने आदि पर पैसे वसूल कर आम लोगों को लूटने में लगी है। पहले बैंक इसका डाटा देते थे लेकिन अब सरकार यह कहते हुए डाटा देने से इनकार कर दिया कि रिजर्व बैंक डाटा नहीं रखता है। उन्होंने एटीएम पर शुल्क बढ़ाने को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि दुर्भाग्य से मोदी सरकार ने हमारे बैंकों को 'कलेक्शन एजेंट' बना दिया है। एटीएम निकासी शुल्क महंगा होगा। मोदी सरकार ने 2018 से 2024 के बीच बचत खातों और जन धन खातों से न्यूनतम शेष राशि न रखने के कारण कम से कम 43,500 करोड़ रुपए निकाले हैं। बैंकों पर नागरिकों को लूटने का आरोप लगाते



**मोदी सरकार देश के बैंकों को कलेक्शन एजेंट बना दिया, केवाईसी अपडेट जैसे हस्ताक्षर परिवर्तन पर भी लगता है शुल्क**

हुए उन्होंने बैंकों द्वारा वसूले जाने वाले शुल्कों का विवरण देते हुए कहा कि बैंकों को सालाना निष्क्रियता शुल्क 100-200 रुपए है। स्टेटमेंट जारी करने का शुल्क 50-100 है। एसएमएस अलर्ट के लिए प्रति तिमाही 20-25 का शुल्क लिया जाता है। ऋण प्रसंस्करण शुल्क के रूप में 1.3 प्रतिशत शुल्क लेते हैं। एनईएफटी, डिमांड ड्राफ्ट शुल्क अतिरिक्त बोझ हैं। केवाईसी अपडेट जैसे हस्ताक्षर परिवर्तन पर भी शुल्क लगता है। पहले केंद्र सरकार इन शुल्कों से एकत्रित राशि का डेटा संसद में उपलब्ध कराती थी, लेकिन अब यह प्रथा भी यह कहकर बंद कर दी गई है कि 'रिजर्व बैंक' ऐसा डेटा नहीं रखता है। उन्होंने यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तो डॉलर के मुकाबले उस समय 60 रुपए थे और वह कहते थे रुपया आईसीयू में चला गया है लेकिन आज डॉलर की तुलना में रुपया 89 पर है। रुपया वेंटिलेटर पर लेकिन श्री मोदी खामोश हैं।

### केंद्र सरकार जांच से बचने के लिए संसद में चर्चा बाधित कर रही है: प्रियंका

**वायनाड, (केरल)।** कांग्रेस महासचिव एवं केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जांच से बचने के लिए संसद में चर्चा को जानबूझकर बाधित कर रही है। श्रीमती वाड्रा ने यहां दिशा बैठक में भाग लेने के बाद कलपेटा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी संसद में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सक्रिय रूप से बाधित कर रही है और यह हमारे (सांसदों के) लिए बहुत दुखद है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि सत्तारूढ़ सरकारों की नीति लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करना है। आमतौर पर ऐसी धारणा है कि विपक्ष पर संसद की प्रक्रिया को बाधित करने का आरोप लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह घटना सरकार की ओर से एक नए प्रकार की है और मैंने संसद के पिछले कुछ सत्रों में ऐसा देखा है।

### सरकार के कुप्रबंधन ने बैंकिंग क्षेत्र को बर्बाद कर दिया: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि नियामक कुप्रबंधन तथा सरकार के नजदीकी पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने वाले कदमों के कारण देश के बैंकिंग सिस्टम को बर्बाद कर दिया है और बैंक गंभीर संकट में आ गए हैं। गांधी ने कहा कि बैंकों में भाई-भतीजावाद चल रहा है और सरकार के करीबी उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए उनका ऋण माफ किया जा रहा है। संसद परिसर में उनसे मिलने आए आईसीआई सीआई बैंक के प्रतिनिधियों से हुई बातचीत में उनकी शिकायतों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों की कीमत कर्मचारियों को चुकानी पड़ रही है और उनका शोषण तथा उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने शोषण का शिकार लोगों से उनसे मिलकर अपनी पीड़ा व्यक्त करने भी आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने अरबपति मित्रों के 16 लाख करोड़ रुपए के ऋण माफ कर दिए हैं। नियामक कुप्रबंधन के साथ-साथ भाई-भतीजावाद ने भारत के बैंकिंग क्षेत्र को संकट में डाल दिया है। इसका बोझ अंततः जूनियर कर्मचारियों पर पड़ता है, जो तनाव और विषाक्त कार्य स्थितियों को झेलते हैं। गांधी ने कहा कि आईसीआईसीआई बैंक के 782 पूर्व कर्मचारियों की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल ने कल संसद में मुझसे मुलाकात की।

# शाहवर शोहरत जैदी को राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** अल्पसंख्यकों की सहभागिता और सशक्तिकरण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में अमरोहा ज़िले की शाहवर शोहरत जैदी को भारत सरकार के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) का राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया गया है।

एक गतिशील उद्यमी, परोपकारी और महिला सशक्तिकरण की पैरोकार सुश्री जैदी लंबे समय से समावेशी विकास को बढ़ावा देने और हाशिए पर पड़े समुदायों, खास तौर पर अल्पसंख्यक पृष्ठभूमि की महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित रही हैं। उनकी नियुक्ति सार्थक बदलाव को आगे बढ़ाने और पूरे भारत में अल्पसंख्यक समूहों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आभार व्यक्त करते हुए, सुश्री जैदी ने समावे. शिता और सामुदायिक उत्थान में उनके नेतृत्व के लिए एनसीएम के माननीय अध्यक्ष इकबाल सिंह लाल. पुरा की सराहना की। उन्होंने एक मजबूत और टिकाऊ सशक्तिकरण पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने में



**सीएम योगी को अब मठ में जाने की तैयारी कर लेनी चाहिए**

निरंतर समर्थन के लिए रमणीक सिंह मोंगिया, सुश्री शैलजा नारंग और सुश्री शिखा की भी सराहना की। सुश्री जैदी की नियुक्ति समानता, आर्थिक अवसर और सामाजिक विकास में अंतर को पाटने के उनके चल रहे प्रयासों को रेखांकित करती है। अपनी नई भूमिका में, उनका लक्ष्य उन पहलों को आगे बढ़ाना है जो स्थायी प्रभाव डालें और पूरे भारत में अल्पसंख्यक समुदायों का उत्थान करें। उनके नामांकन का सामाजिक विकास, उद्यमिता और अल्पसंख्यक मामलों के हितधारकों द्वारा व्यापक रूप से स्वागत किया गया है, जो उन्हें प्रगति और सकारात्मक परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में पहचानते हैं।

## अर्थ व्यापार

# ऊर्जा आपूर्ति व खपत में बढ़ोतरी जारी

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारत ने 2047 तक विकसित बनने के स्वप्न को साकार करने के लिए वैश्विक महामारी पर नियंत्रण पाकर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान ऊर्जा आपूर्ति और खपत दोनों में स्थिर और स्वस्थ वृद्धि दर्ज किया है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने वार्षिक प्रकाशन 'ऊर्जा सांख्यिकी भारत 2025' शनिवार को जारी किया जिसके अनुसार भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान ऊर्जा के मामले में स्वस्थ वृद्धि देखा है, जिसमें कुल प्राथमिक ऊर्जा आपूर्ति (टीपीईएस) में पिछले वर्ष की तुलना में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 9,03,158 केटीओई (किलो टन तेल समतुल्य) पर पहुंच गई। भारत में अक्षय ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावना है, जो 31 मार्च 2024 तक 21,09,655 मेगावाट है। पवन ऊर्जा से ऊर्जा



उत्पादन की क्षमता में सबसे अधिक 11,63,856 मेगावाट (लगभग 55 प्रतिशत) की हिस्सेदारी है, इसके बाद सौर ऊर्जा (7,48,990 मेगावाट) और बड़ी पनबिजली (1,33,410) का स्थान आता है। अक्षय ऊर्जा उत्पादन की आधी से ज्यादा क्षमता भारत के चार राज्यों में केंद्रित है जिनमें राजस्थान (20.3 प्रतिशत), महाराष्ट्र (11.8 प्रतिशत), गुजरात (10.5 प्रतिशत) और कर्नाटक (9.8 प्रतिशत) शामिल है। नवीकरणीय संसाधनों से बिजली उत्पादन (उपयोगिता और गैर-उपयोगिता सहित) की स्थापित क्षमता में भी पिछले वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 31 मार्च 2015 को 81,593 मेगावाट से बढ़कर 31 मार्च 2024 को 1,98,213 मेगावाट हो गई है, जो पिछले वर्षों में 10.36 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर है। नवीकरणीय संसाधनों (उपयोगिता और गैर-उपयोगिता दोनों को मिलाकर) से बिजली का सकल उत्पादन भी पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ गया है। वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान उत्पादित 2,05,608 जीडब्ल्यूएच बिजली की मात्रा से, यह वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान बढ़कर 3,70,320 जीडब्ल्यूएच हो गई है, जो पिछले कुछ वर्षों में 6-76 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। यह वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान 14,682 मेगा जूल प्रति व्यक्ति से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 18,410 मेगा जूल प्रति व्यक्ति हो गई है, जो पिछले कुछ वर्षों में 2. 55 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि है।

## अर्थ व्यापार

### 100 करोड़ से अधिक के अल्ट्रा लक्जरी होम मार्केट में आया उछाल

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख महानगरीय केंद्रों मुंबई और दिल्ली एनसीआर में पिछले तीन सालों में 100 करोड़ रुपए या उससे अधिक कीमत वाले 49 अल्ट्रा लग्जरी घर बेचे गए हैं, जो देश के लग्जरी रियल एस्टेट बाजार में मजबूत मांग का प्रतीक है। प्रॉपर्टी कंसल्टेंसी कंपनी जेएलएल ने शनिवार को यहां जारी एक रिपोर्ट में कहा कि घर खरीदने वालों के कुलीन वर्ग ने सामूहिक रूप से इन आलीशान घरों में 7,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिनमें से आधे लेन-देन – कुल 3,652 करोड़ रुपए – अकेले 2024 में हुए हैं। इसने कहा कि गति धीमी होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं, क्योंकि 2025 के पहले दो महीनों में पहले ही चार अल्ट्रा-लक्जरी घरों की बिक्री हो चुकी है, जिनका कुल मूल्य 850 करोड़ रुपए है। जेएलएल के मुख्य अंर्थशास्त्री एवं अनुसंधान और आरईआईएस, भारत के प्रमुख सामंतक दास ने कहा कि पिछली धारणाओं के विप. रीत बंगले और विला जैसे स्वतंत्र घर अब ट्रॉफी आवासीय निवास के पर्याय नहीं रह गए हैं। इस तरह के ऊंचे अपार्टमेंट इस विशिष्ट क्षेत्र में एक विशेष आवासीय अनुभव प्रदान करते हैं।

## अर्थ व्यापार

# स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त, जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5450-5550, दाल चना 6450- 6550, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द



दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300-8400 रुपए प्रति क्विटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विटल पर रहा है।

# माटी कला पुरस्कार समारोह में पारंपरिक कारीगरों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड और खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने शनिवार को मिट्टी के बर्तन और ग्रामोद्योग के क्षेत्र में योगदान देने वाले उत्कृष्ट शिल्पियों और उद्यमियों को सम्मानित किया। लखनऊ के गांधी भवन सभागार में आयोजित 'राज्य स्तरीय माटी कला एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार समारोह 2025' के दौरान ये पुरस्कार वितरित किए गए। योगी सरकार की इस पहल का उद्देश्य न केवल कारीगरों को वित्तीय सशक्तीकरण प्रदान करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और पारंपरिक शिल्प को संरक्षित करना भी है। समारोह में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों और कारीगरों ने इस पहल की सराहना की तथा इसे आत्मनिर्भर

**इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है**

भारत की दिशा में एक आवश्यक कदम बताया है। समारोह का उद्घाटन खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने किया। सचान ने पर्यावरणं संरक्षण, जन स्वास्थ्य में सुधार और रोजगार सृजन के लिए मिटी के बर्तनों और खादी उद्योगों को बढ़ावा देने की योगी सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्लास्टिक के पर्यावरण अनुकूल विकल्प के रूप में मिटी से बने उत्पादों कुल्हड़, गिलास, प्लेट और बोतल का उपयोग करने को प्रोत्साहित किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**डिजिटल अरेस्ट...** किया। उन्होंने दावा किया कि उनके नाम पर फर्जी सिम कार्ड जारी किया गया है, जो अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहा है। पहले सुमित बिर्रा नामक ठग ने खुद को टेलीकॉम विभाग का अधिकारी बताकर धमकाया और फिर अनिल यादव नाम के शख्स से कॉल ट्रांसफर कर दिया, जिसने खुद को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताया। ठगों ने मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी और डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग से उनकी संपत्ति और वित्तीय जानकारी मांग ली। डर और घबराहट में आकर, दियांगो ने ठगों को 50 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी धमकियां मिलती रहीं और और ज्यादा पैसों की मांग की गई। बुजुर्ग दंपति लगातार मिल रही धमकियों और ठगी की वजह से मानसिक रूप से टूट गए और उन्होंने घर में आत्महत्या कर ली। घटना स्थल से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने ठगी की सारी जानकारी दी है। शुरुआत में पुलिस को हत्या का संदेह हुआ, लेकिन जब दंपति का सुसाइड नोट और मोबाइल फोन रिकॉर्ड खंगाले गए, तो साइबर ठगी का मामला सामने आया। बुजुर्ग दंपति महाराष्ट्र सचिवालय में कार्यरत रह चुके थे और सेवानिवृत्त जीवन जी रहे थे। उनकी कोई संतान या करीबी रिश्तेदार नहीं थे। वे डर और शर्मिंदगी के कारण किसी को अपनी परेशानी नहीं बता सके।

# दिल्ली जीत गए, अब बिहार की बारी

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसने का आह्वान करते हुए कहा कि दिल्ली जीत गए हैं, अब बिहार की बारी है।

नड्डा ने दिल्ली भाजपा के पूर्वांचल मोर्चा की ओर से यहां के अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' स्नेह मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता लालू यादव पर तीखा प्रहार किया और कहा कि उनके (यादव के) शासनकाल में बिहार जंगलराज में तब्दील हो गया था। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा आया था कि शाम पांच बजे के बाद लोगों का बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया था। लालू राज ने बिहार को डूबता हुआ बिहार बना दिया था। डॉक्टर, उद्योग. पति और अन्य पेशेवर लोग बिहार से



**विश्व को प्रजातंत्र की सीख भी बिहार से मिली**

पलायन करने लगे थे, लेकिन अब स्थित बदल चुकी है। बिहार विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि विश्व को प्रजातंत्र की सीख भी बिहार की भूमि से मिली है। दुनिया के किसी भी कोने में जाएंगे, तो मैथिली, मगही या भोजपुरी बोलने वाले मिल जाएंगे। ईमानदारी से अपने काम को करने की ताकत इसी बिहार की धरती के लोगों में हैं। उन्होंने कहा कि जहां पूर्वांचल चल पड़ता है, वहां से देश आगे बढ़ता है। इतिहास इस बात का गवाह है। बिहार चाणक्य की भूमि रही है, तो महात्मा गांधी और लो. कनायक का आंदोलन भी बिहार की भूमि से ही शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि अपने बचपन के दौरान मैंने गंगा किनारे महात्मा गांधी सेतु को बनते हुए देखा है, निर्माण कार्य कई दशकों तक चलता रहा। आज बिहार में गंगा किनारे मरीन ड्राइव बन चुका है। सड़क और रेल के बड़े ब्रिज बन चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2005 में बिहार में ग्रामीण क्षेत्र में सड़क केवल 384 किलोमीटर की थी, लेकिन इस समय एक लाख 12 हजार किमी सड़क बन चुकी है। बिहार में राजमार्ग बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पटना की सौगात बिहार को दी है। उन्होंने कहा कि श्री लालू से लोग सड़क बनाने की बात करते थे, तो वह कहते थे कि सड़क बन जाएगी, तो पुलिस आ जाएगी, ए बेवकूफी ठीक नहीं। उन्होंने कहा कि कभी आपने सोचा था कि पूर्णिया, सारण, सीतामढ़ी, झंझारपुर, सीवान, बक्सर, जमुई जैसे शहरों में मेडिकल कॉलेज खुलेंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



29 वां रोज़ा इफ्तार
30 मार्च रविवार
सुन्नी...................... 06:37
शिया..................... 06:41

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# छात्र ने फांसी लगाई, काली नदी में महिला का शव मिलने से फैली सनसनी

■ अमित विहार में बुआ के पास रहकर कर रहा था पढ़ाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** अमित विहार में एक छात्र ने कमरा बंद कर फांसी लगा ली। पुलिस को कमरे की खिड़की तोड कर अंदर घुसना पडा। इसके अलावा काली नदी से भी पुलिस को एक महिला का शम मिला है। उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

नई मंडी कोतवाली के अमित विहार में 20 वर्षीय सूरज पुत्र रोहिताश निवासी थाना भवन जिला शामली अपनी बुआ ओमबीरी के पास रहकर पढाई कर रहा है। इस साल उसने इंटर की परीक्षा दी है।

शुक्रवार रात वह खाना खाने के बाद कमरे में सोने चला गया था लेकिन शनिवार सुबह तक जब वह बाहर नहीं आया तो स्वजन ने उसे आवाज लगाई लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। खिडकी से झांक कर देखा तो उसका शव पंखे से लटका हुआ था। सूचना मिलते ही नई मंडी पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसएसआइ नई मंडी सुरेंद्र नाहर ने बताया कि पुलिस कमरे की खिडकी तोड कर अंदर दाखिल हुई थी। इसके बाद सूरज के शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। सूरज ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया।

इस संबंध में किसी ने कोई जानकारी नहीं दी है। उधर, नगर कोतवाली क्षेत्र में स्थित काली नदी में पुलिस को एक महिला का शव तैरता हुआ मिला। प्रत्यक्षदर्शी ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुला लिया। इसी बीच पुलिस भी आ गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से निकलवा लिया। नगर कोतवाल ने बताया कि महिला नदी किनारे बैठी थी, तभी अचानक नदी में गिर गई। महिला की पहचाम के प्रयास किए जा रहे हैं। शव पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।



**मुजफ्फरनगर: नदी से शव निकालकर पहचान कराती पुलिस।**

# भाजपा नेता के होटल पर बदमाशों ने की फायरिंग

## स्कार्पियो कार में सवार होकर आए नकाबधारी बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

■ पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज लेकर शुरू की जांच पड़ताल

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** भाजपा के युवा नेता नीतिश मलिक के दून हाईवे पर स्थित होटल पर कार सवार नकाबपोश बदमाशों ने घुसकर हथियारों के बल पर दहशत का नंगा नाच किया। उन्होंने होटल में घुसने के बाद गाली गलौच करते हुए जमकर फायरिंग की और होटल मालिक के सिर में गोली मारकर हत्या करने की धमकी देते हुए बेखौफ अंदाज में हथियार लहराते हुए फरार हो गये। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद हड़कम्प मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फुटेज को कब्जे में लेने के साथ ही बदमाशों की पहचान के लिए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के पचेंड़ा बाईपास दिल्ली देहनादून हाइवे पर भाजपा के युवा नेता नितीश मलिक का संगम होटल है। यहां पर हथियारबंद बदमाशों ने कई राउंड फायरिंग की। इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी और होटल में मौजूद लोगों के बीच दहशत का माहौल पैदा हो गया। यह वारदात उस समय हुई जब संगम होटल पर कुछ लोग खाना खा रहे थे। अचानक स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर आए कुछ बदमाश वहां पहुंचे। इन बदमाशों ने अपने मुंह पर रुमाल बांध रखा था, जिससे उनकी पहचान छिपी रहे। इसके बाद उन्होंने हथियार निकालकर होटल पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोलीबारी के दौरान बदमाशों ने धमकी भी दी कि अगली गोली होटल मालिक नितीश मलिक के माथे में मारी जाएगी। फायरिंग के समय होटल में कई लोग मौजूद थे, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं। घटना की सूचना मिलते ही थाना मंडी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने सबसे पहले सीसीटीवी फुटेज को खंगाला, जिसमें दो बदमाश फायरिंग करते हुए नजर आ रहे हैं, लेकिन रूमाल बंधा होने के कारण उनके चेहरे साफ नहीं दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने यह फुटेज अपने कब्जे में ले ली है। होटल मालिक नितीश मलिक व उनके पिता के साथ ही घटना के समय वहां पर मौजूद कर्मचारियों से भी पूछताछ की।

सीओ मण्डी रूपाली राव का कहना है कि भाजपा नेता के होटल पर फायरिंग कर दहशत फैलाने का प्रयास बदमाशों ने किया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बदमाश स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर आए थे और फायरिंग के बाद उसी गाड़ी से धमकी देते हुए फरार हो गए।



**मुजफ्फरनगर: द्वारकापुरी में बैंक प्रबंधक के घर में आग बुझाते फायरकर्मी।**

# बैंक प्रबंधक के घर में लगी आग से लाखों का नुकसान

■ दमकलकर्मियों ने आग पर पाया काबू, सिलेण्डर सुरक्षित निकाला

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** अपनी पत्नी के साथ द्वारिकापुरी की एक कालोनी में किराए के मकान में रह रहे बैंक प्रबंधक आयुष वर्मा के मकान में आग लग जाने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दमकल कर्मियों की सूझबूझ से आग ने विकराल रूप धारण नहीं किया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। आग लगने के कारण कालोनी में अफरा तफरी का आलम बना रहा। घटना के दौरान मकान बंद था, बैंक प्रबंधक और उनकी पत्नी ही यहां रहते हैं, दोनों यहां से बाहर गये हुए थे। शनिवार की सुबह बैंक मैनेजर के फ्लेट में आग लगने से सौफा, बेड, और कीमती सामान जलकर कर राख हो गया। पति और पत्नी शनिवार को सुबह किसी काम से कॉलेज में गए थे तभी फ्लेट में अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई। सोसाइटी वालों ने इसकी सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड और दंपति को दी। मौके पर पहुंचे वर्मा दंपति के होश उड़ गए। पूरा मामला नई मंडी थाना क्षेत्र के द्वारकापुरी स्थित ओम रेजिडेंसी का है। जहाँ पर वर्मा दंपति पिछले 8 महीने से सेकंड फ्लोर पर किराए के फ्लेट में रह रहे थे। फ्लेट किराएदार आयुष वर्मा मूल रूप से जनपद मेरठ के रहने वाले हैं और अब इंडियन ओवरसीज बैंक पुरकाजी ब्रांच में मैनेजर के पद पर तैनात है। दंपति अकेले ओम रेजिडेंसी सोसायटी में किराए पर रहते है। फ्लेट में आग लगने से घर का सभी फर्नीचर और जरूरी सामान जलकर राख हो गया। गाड़ियों सहित मैं मौके पर पहुंचा, और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद फ्लैट में ऊपर चढ़कर आग पर काबू पाया गया उन्होंने कहा कि प्रथम ख्रष्टया शॉर्ट सर्किट से आग लगना सामने आया है। जांच की जा रही है कि क्या कारण रहे। उन्होंने कहा कि आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया है। उन्होंने कहां की फ्लैट था इसीलिए सबसे पहले गैस के सिलेंडरों को सुरक्षित बाहर निकल गया।

# बैठक में जिले का नाम बदलने का प्रस्ताव पास

## जिला पंचायत बोर्ड बैठक में वार्षिक बजट के साथ कई मुद्दों पर लगी मोहर

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** जिला पंचायत बोर्ड बैठक में वार्षिक बजट के साथ ही मुजफ्फरनगर जनपद का नाम बदलवाने के लिए सदन एकजुट नजर आया। कई विशेष प्रस्तावों को सदन ने पारित किया, लेकिन यह मीटिंग इसलिए बेहद खास रही कि पूरा सदन सदन में कुछ सदस्यों ने जिले का नाम लक्ष्मीनगर किये जाने के लिए आवाज उठाई तो पूरा सदन इस पर एकमत नजर आया। इसके साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा लाये गय एक देश एक चुनाव विधेयक को भी सदन का पूर्ण समर्थन रहा।

शनिवार को जिला पंचायत के चौ. चरण सिंह सभा भवन में जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में मीटिंग में प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार भी पहुंचे तो वहीं सपा सांसद हरेन्द्र मलिक के प्रतिनिधि ने भी हिस्सा लिया। एजेंडे पर चर्चा के दौरान ही सभी प्रस्तावों को सदन की पूर्ण सहमति मिली। इसमें जिला पंचायत के एएमए ने सदन को बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिला पंचायत ने 72 करोड़ 65 लाख 97 हजार 66 रुपये की आय जुटाने का अनुमान लगाया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम छह माह में जिला पंचायत द्वारा 46.42 करोड़ रुपये की आय अर्जित की है। इसके साथ ही सदन में मुजफ्फरनगर जनपद का नाम बदलकर इसे लक्ष्मीनगर किये जाने की आवाज भी बुलंद रही। कुछ सदस्यों ने चर्चा के दौरान इस मुददे को उठाया और इस पर पूरा सदन एक मत दिखाई दिया। सदस्यों ने कहा कि मुजफ्फरनगर जनपद धार्मिक लिहाज से काफी महत्वपूर्ण और प्राचीन हैं। यहां शुकतीर्थ जैसा ऐतिहासिक धार्मिक स्थल है, ऐसे में इस जनपद का नाम मुगलकालीन पहचान से अलग करते हुए इसे मां लक्ष्मी के नाम पर लक्ष्मीनगर करना चाहिए।



वहीं सदन में एक देश एक चुनाव की व्यवस्था का भी समर्थन करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने बताया कि सदन में जिले के चहुमुखी विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किये गये हैं। जनपद का नाम बदलकर लक्ष्मीनगर करने और एक देश एक चुनाव का समर्थन हुआ है। इसके लिए हम जिलाधिकारी के माधयम से दोनों प्रस्ताव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भिजवायेंगे और उनसे आग्रह करेंगे कि मुजफ्फरनगर को लक्ष्मीनगर के नाम से नई पहचान दिलाने का काम जल्द किया जाये। जो अधिकारी पूर्व चेतावनी के बावजूद भी बैठक में नहीं पहुंचे, उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। इसके लिए हम शासन में भी पत्र लिखेंगे। बैठक में मंत्री अनिल कुमार, सांसद चंदन चौहान, विधायक राजपाल बालियान, सपा सांसद हरेन्द्र मलिक के प्रतिनिधि राकेश शर्मा, विधायक पंकज मलिक के प्रतिनिधि ओमकार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप के अलावा अन्य सदस्य व अधिकारी मौजूद रहे।



**मुजफ्फरनगर:** मंसूरपुर में आयोजित निजी कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे बाबा बागेश्वर धाम के दर्शन करने के लिए उनके अनुयायियों में लगी रही होड़। धीरेन्द्र शास्त्री महाराज ने आशा जताई कि बाला जी जयंती तक मुजफ्फरनगर का नाम योगी बाबा लक्ष्मीनगर जरूर करा देगे। इस दौरान राज्यमंत्री कपिल देव भी मौजूद रहे।

# आज होने वाली जाट महापंचायत में आरक्षण पर भरेंगे जाट नेता हुंकार

■ जिलाध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** सिसौली में रविवार की सुबह 11 बजे से डीएवी इंटर कालेज के पास मैदान में आयोजित विशाल जाट महापंचायत में आरक्षण की मांग को लेकर जाट नेता हुंकार भरेंगे। जिला जाट महासभा के जिलाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। शनिवार को सभी ने महापंचायत स्थल पर पहुंचकर तैयारी का जायजा भी लिया। जनपद जाट महासभा के जिलाध्यक्ष धर्मवीर बालियान ने अपनी कार्यकारणी के साथ सिसौली जाकर महापंचायत स्थल की तैयारी का जायजा लिया। साथ ही तैयारी में जुटे समाज के लोगों को सुझाव भी दिए। धर्मवीर बालियान ने कहा कि रविवार को होने जा रही महापंचायत ऐतिहासिक होगी। जनपद मुजफ्फरनगर से ही नहीं बल्कि वेस्ट यूपी के मेरठ, बागपत, शामली, सहारनपुर, बिजनौर, बुलंदशहर सहित देश की राजधानी दिल्ली से भी जाट समाज के लोग शामिल होंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि महापंचायत में कोई राजनीतिक बात नहीं होगी लेकिन आरक्षण की बात जरूर होगी। जाट समाज पिछले कई वर्षों से जाट आरक्षण की मांग करता आ रहा है। इस दौरान दूसरों को जीवनदान और जीवन बचाने के लिए विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि महापंचायत में सिर्फ समाज हित आरक्षण के प्रति ही बोला जाएगा। महापंचायत स्थल पर तैयारी में जिला जाट महासभा के महासचिव ओमकार अहलावत, जयवीर सिंह, कुलदीप प्रधान, बिट्टू सिखेडा, अनुज बालियान, मास्टर यशपाल सिंह, राहुल पवार, सतेंद्र राठी रमेश तोमर, नरेंद्र, यशपाल सिंह, पुष्पेंद्र, महावीर सिंह, कृष्णपाल फौजी हरीश बालियान, विपिन बालियान रामकुमार बालियान आदि शामिल रहे।

# शौचालय की जांच में 25,775 आवेदन निकले फर्जी

**मुजफ्फरनगर।** डीपीआरओ विभाग में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण को गए 35 हजार आवेदनों में से 25,775 आवेदन जांच में फर्जी पाए गए है। उक्त आवेदन अपात्रों के पाए गए है। इनमें से कुछ लोग तो एसे है जिनके पूर्व में शौचालय बन चुके है। जांच में करीब 9225 आवेदन सहीं पाए गए है। जिनके शौचालय बनवाए गए है।

स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तिगत शौचालय बनवाए जा रहे है। शौचालय निर्माण के लिए प्रत्येक पात्र व्यक्ति को 12 हजार रुपए की धनराशि मिलती है। यह धनराशि दो किश्तों में दी जाती है। वित्तीय वर्ष 2024.25 में व्यक्तिगत शौचायल निर्माण के लिए डीपीआरओ विभाग में करीब 35 हजार आवेदन आए है। डीपीआरओ के द्वारा उक्त आवे. दन पत्रों की जांच कराई गई है। जांच में करीब 25,775 आवेदन सहीं नहीं पाए गए है।

इन आवेदनों को निरस्त कर दिया गया। जांच में करीब 9225 आवेदन सहीं पाए गए है। इन पात्र लोगों के व्यक्तिगत शौचालय बनवाए गए है।

इसके अलावा विभाग में अभी 1139 आवेदन ओर आए है। जिनकी जांच कराई जा रही है। जनपद में 1 लाख 10 हजार 915 शौचालय बन चुके है।

# ईद-उल-फितर की नमाज के लिए समय तय

■ शहर ईदगाह में सुबह सात बजे होगी ईद की नमाज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** शहर काजी तनवीर आलम ने ईद उल फितर की नमाज को लेकर समय निर्धारित कर दिया गया है।

ईदगाह में सुबह सात बजे सबसे पहले नमाज होगी। इसके बाद विभिन्न मस्जिदों में 7:15, 7:30 और 7:45 बजे तक अलग-अलग समय पर नमाज अदा की जाएगी।

ईदगाह कमेटी और प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे समय से पहले अपनी निर्धारित मस्जिदों में पहुंचे और शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा करें।

ईदगाह पर सुबह 7.00 बजे, मस्जिद फक्करशाह 7.15 बजे, मस्जिद पीरवाली मल्हूपुरा 7.15 बजे,मस्जिद लियाकतपुर चाड़ी गली लद्दावाला 7.15 बजे, मस्जिद हौजवाली सरवट गेट 7.15 बजे, मस्जिद हौजवाली खालापार 7.30 बजे, मस्जिद नुमाइश कैंप विकास भवन के सामने 7.30 बजे, मस्जिद मुहम्मदी पुजाये वाली रहमत नगर 7.45 बजे।

# जिला जज ने डीएम के साथ परखी जेल व्यवस्था

■ मुलाकाती रजिस्टर व रसोई घर का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** जनपद न्यायाधीश, डीएम व डीआईजी द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरकों, रसोईघर, सुरक्षा उपकरणों को किया चेक कर बंदियों से वार्ता की गयी। उनकी सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी लेकर जेल अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

शनिवार को जनपद न्यायधीश डा. अजय कुमार द्वितीय, डीएम उमेश मिश्रा तथा डीआईजी एवं एसएसपी अभिषेक सिंह द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान जिला कारागार में पुरुष व महिला बैरकों, रसोईघर का निरीक्षण करते हुए विशेष सफाई एवं बंदियों को मेन्यू के हिसाब से गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उसके पश्चात अधिकारियों द्वारा पुरुष व महिला बंदियों से जेल में मिलने वाली सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही उन्होने मुलाकाती रजिस्टर व रसोई का भी निरीक्षण किया और बंदियो को दिए जाने वाले खाने की गुणवत्ता भी परखी। इस दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कविता अग्रवाल, जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रितेश सचदेवा मौजूद रहे।

# शिफा व मिश्कात बनीं आदर्श बाल विद्या की टॉपर

## अफीफा त्यागी, रिहान, उजेफ, अयान, सफिया, इलमा, उमेरा व सना रहे कक्षावार टॉपर

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** खादरवाला स्थित आदर्श बाल विद्या केंद्र जूनियर हाई स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमे प्राइमरी विंग की टॉपर कक्षा 1 की छात्रा शिफा त्यागी व जूनियर विंग की टॉपर कक्षा 8 की छात्रा मिश्कात शेख रही।

इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या शमा सिद्दीकी ने कहा की विद्यालय के छात्र छात्राओं ने मेहनत की। शिक्षकों ने उनके परिश्रम को आगे बढ़ाया। परीक्षा का परिणाम अति उत्तम रहा। उन्होंने कहा की बच्चे मनं लगाकर पढ़ाई करें। इससे उनका भविष्य उज्जवल होता है। यहाँ नर्सरी मे आइशा सिद्दीकी, मारिया, अमन राव, एल के जी मे जोया, जैनब, वली, कक्षा यू के जी मे वैधा गोयल, माहिरा,



अली फातिमा, कक्षा 1 मे अफीफा त्यागी, सुहाना, माहीन, क्लास 2 मे रिहान, राहिला फातिमा, शाह फहद, कक्षा 3 मे उजेफ, मौहम्मद फरहान, पायल, कक्षा 4 मे मौहम्मद अयान, जैद, जैनब, कक्षा 5 सफिया सिद्दीकी, इकरा, शबजान, कक्षा 6 मे इलमा, वंशिका, जोया, कक्षा 7 मे उमेरा गौर, मंतशा त्यागी, जोया व कक्षा 8 मे सना, ईशा व सिराज संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान व आफिया त्यागी, आनिया जहरा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। इस अवसर पर स्कूल शिक्षक राजीव राणा, मोनिका शर्मा, मिथलेश, रुबीना कुरैशी, फरहाना, गुलबरी, शबाना, आयुषी, मानसी, शादा नसीर, रेखा व शहजादी आदि का योगदान रहा।वही दूसरी और आदर्श ग्रुप के दूसरे विद्यालय आदर्श जूनियर हाई स्कूल ख्रष्णापुरी का परिणाम घोषित हुआ। मुख्य अतिथि अनस नसीर रहे।प्रिंसिपल हाजी जमीर अहमद ने बताया की विद्यालय की टॉपर कक्षा 6 की रमशा सैफी रही। यहाँ इकरा, तुबा, नाजमा, सानिया, सना, नशरा, शबीना अपनी कक्षाओं के टॉपर रहे। यहाँ शिक्षिका नजफ आरफी, उषा सैनी व अक्सा सलमानी व शादाब आदि मौजूद रहे।

सभी देशवासियों को माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
डा० रिज़वान अली
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन)
डा० मौ. शुऐब
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन)
डा० ज़ैनब इनाम
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेष)
दीवान हॉस्पिटल
सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर-251001
☎ 0131-2634069, 9837335711



# मानसिक तनाव के चलते युवक ने लगाई फांसी

**कादीपुर गांव का विपिन हरियाणा में करता था खाद फैक्ट्री में नौकरी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** कादीपुर गांव में मानसिक तनाव के चलते युवक ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। युवक की असमय मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव कादीपुर निवासी विपिन कुमार 35 वर्ष हरियाणा मे एक पेस्टीसाइड कंपनी में नौकरी करता था। ग्रामीणों के अनुसार विपिन दो दिन से गांव में आया हुआ था। शनिवार को परि. जनों के साथ खेत मे गन्ने की बुवाई करने के बाद वह घर के नीचे वाले कमरे में लेट गया।विपिन को न देख माता ने छोटे भाई सचिन को उसे बुलाने के लिए भेजा तो विपिन ने थोड़ी देर बाद आने के लिए कहकर सचिन को वापस भेज दिया। सचिन और उसके पिता रमेश पाल जब खाना खाकर नीचे आए तो कमरे का दरवाजा बंद मिला। जब उन्होंने दरवाजा खोलकर देखा तो विपिन छत के पंखे से फांसी के फंदे पर लटक रहा था। यह देखकर दोनों की चीख निकल गई। दोनों के शोर मचाने पर ग्रामीण और परिजन मौके पर इकठा हो गए और विपिन को



फांसी के फंदे से नीचे उतारा और आनन फ़ानन मे विपिन को चिकित्सक के पास ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना भोपा पुलिस को दी गई सूचना पर क्षेत्राधिकारी भोपा और थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश रोरिया फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच के लिए फील्ड यूनिट को बुलाया गया। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने पुलिस को युवक द्वारा लिखा एक चार पन्नों का सुसाइड नोट सौंपा है। युवक की असमय मौत से पिता रमेशपाल, माता बाला देवी व भाई सचिन कुमार का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक युवक का एक भाई बीएसएफ में तैनात है जिसे मामले की सूचना दे दी गई है।

# पचैण्डा कला प्रधान की बर्खास्तगी तक करते रहेंगे संघर्ष: मोनिका युधिष्ठिर

**मुजफ्फरनगर।** पंचेड़ा कला गांव में ग्राम प्रधान धर्मेंद्र के खिलाफ एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। गांव के निवासी पहलवान युधिष्ठिर और उनकी पत्नी डॉ. मोनिका ने ग्राम प्रधान पर फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर चुनाव लड़ने और उन्हें साजिश के तहत बदनाम करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। दोनों ने आशंका जताई कि गांव के ही कुछ प्रभावशाली लोगों के हाथों की कठपुतली बनकर ग्राम प्रधान वी कुछ अन्य उन्हें वह उनके परिवार को झूठे मुकदमे में फंसने की साजिश रच रहे हैं।

प्रेस वार्ता में डॉ. मोनिका ने बताया कि अभी हाल ही में खरीदी अपनी दो बीघा निजी जमीन पर भराव करने की योजना बनाई। लेकिन ग्राम प्रधान धर्मेंद्र ने इसे तालाब का अवैध कब्जा बताकर अपनी पत्नी के जरिए पुलिस को झूठी शिकायत करवा दी।

जबकि सच्चाई यह है कि गांव के ही चंद्रवीर आदि ने तालाब की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किया हुआ था जिसे उन्होंने मुक्त कराया तथा अवैध कब्जा करने वालों पर प्रशासन ने जुर्माना भी लगाया।युधिष्ठिर ने ग्राम प्रधान की वैधता पर सवाल उठाते हुए बड़ा खुलासा किया। उन्होंने दावा किया, ष्धर्मेंद्र ने अनुसूचित जाति का फर्जी सर्टिफिकेट बनवाया, जिसमें खुद को कोरी जाति का बताया। असल में वह कबीरपंथी हिंदू जुलाहा है। गांव के सरकारी संपत्ति रजिस्टर में कुछ लोगों ने हेरा फेरी कर कोरी शब्द बढ़ाया है जिसकी जांच कर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करना चाहिए।

स्क्रूटनी कमेटी ने उसका प्रमाण पत्र तीन बार खारिज किया, फिर भी वह चार साल से ग्राम प्रधान बना हुआ है।जबकि निकटवर्ती जनपद बागपत में ऐसे कई प्रधानों को कार्य मुक्त किया जा चुका है। उन्होंने कई प्रभावशाली लोगों का नाम सार्वजनिक करते हुए



यह आरोप लगाया कि वह उन्हें किसी फर्जी मामले में फंसा सकते हैं। मोनिका ने कहा कि हमने हर अधिक. ारी से गुहार लगाई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बागपत में डीएम ने ऐसे फर्जी प्रधानों को हटाया, लेकिन मुजफ्फरनगर में ऐसा क्यों नहीं हो रहा? दोनों ने मांग की कि ग्राम प्रधान के खिलाफ जांच हो और उसे पद से हटाया जाए। उन्होंने घोषणा की कि वह ग्राम प्रधान के साथ-साथ विधानसभा चुनाव लड़ने पर भी गंभीरता के साथ विचार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि युधिष्ठिर के परिवारजन पिछले तीन योजनाओं में ग्राम प्रधान रह चुके हैं उनका नाम बहुचर्चित महिमा कांड से भी जुड़ा था परंतु कोर्ट ने उन्हें आरोप मुक्त कर दिया तथा कहां की वह चाहे तो रंजिशनउनका नाम इस कांड में जोड़ने वालों के खिलाफ कार्यवाही कर सकते हैं।

# श्री शनि अमावस्या महोत्सव में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बे के श्री शनि धाम मंदिर में श्री शनि अमावस्या महोत्सव आज शनिवार के दिन बड़ी ही धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। श्री शनि अमावस्या महोत्सव में पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड देखने को मिली।

यहां पर सभी श्रद्धालुओं ने सरसों के तेल का दीपक जलाकर तथा श्री शनि देव के दर्शन करके धर्म लाभ उठाया। बताया जाता है कि बुढाना कस्बे के श्री शनि धाम मंदिर में कमेटी द्वारा श्री शनि अमावस्या महोत्सव का आयोजन किया गया था। इस भव्य महोत्सव में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने सरसों के तेल का अभिषेक करते हुए प्रसाद



चढाकर सम्पूर्ण कष्टों के निवारण की कामना ईश्वर से की। श्री शनि धाम मंदिर कमेटी के द्वारा मंदिर प्रांगण में एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर व्यवस्था बनाने में श्री शनि धाम मंदिर कमेटी के सभी पदाधिकारी और सदस्यों की उपस्थिति देखने को मिली।

# राष्ट्र सेवा सबसे बड़ा संस्कार है: अमित मोहन

**भोपा।** भोपा -मुज़फ्फरनगर मार्ग पर जट मुझेड़ा मे स्थित न्यू वैल्किन पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा 11 तक के सभी छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओ को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आरम्भ अमित मोहन पटपटिया और डॉक्टर विवेक कुमार ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया कक्षा नर्सरी, एलजी, व यूकेजी में लक्षित अक्षिता सैनी, कर्तव्य, पूर्वी, देव, अक्षत , मोहम्मद अहमद, सानिया खान, काव्य, इतिशा सूर्यवंशी, अभिनव सैनी ,अवनी, काव्या, आयुष, देवासी राठी, देवांश जोगी, तेजस राठी, विराज सिंह, खदीजा आदि छात्र-छात्राओं ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा प्रथम व द्वितीय में अर्णव चौधरी



कनक, रूही आदि छात्र-छात्राओं ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर अच्छे अंक प्राप्त किए। कक्षा 6 व कक्षा 7 में काव्य त्यागी, प्रतीक्षा आरव राठी ,शिफा ,मान्या तोमर, आरुष राठी, गुरमीत कौर, अन्या राठी, नैना सैनी, निशा, बुशरा आदि छात्र-छात्राओं ने प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किए। कक्षा तृतीय से पांचवी तक के छात्र-छात्राओं में शिवानी सैनी, अनमोल, रितिका सैनी, काव्या, हार्दिक, कुंज चौधरी, अक्षांक सैनी, तुलसी नायक, अक्षय जावला, आवंश चौधरी, विधि, देवेश जसमीत कौर ,आरव कुमार, देव, हर जीवन सिंह, सानिया ,तरजोत कौर, इफरा ,अंशिका इतिशा त्यागी ,दक्ष धीमान, इकरा आदि छात्र छात्राएं प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 8 में अयान कुमार, अक्षिता, समाना कर्मन कौर ,मानवी त्यागी, अरमन कौर ,आर्यन पाल, सुनैना ,अर्णव ,सलोनी, यशस्वी आदि छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त किए। कक्षा 9 में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर स्नेहा शर्मा, गुंजन, आरजू, अंगना आदि छात्राओं ने बाजी मारी। इसके अतिरिक्त अंशी ,अनिरुद्ध, अफान ,अर्पित शर्मा, हिना परवीन ,वाणी त्यागी ने भी अच्छे अंक प्राप्त किए। कक्षा 11 में शगुन तोमर, श्रेया त्यागी, मंदिप सैनी ,मेघा ,विवेक और कार्तिक ने सक्सेस स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवीं के अभिनव कक्षा 11 के विवेक और मेघा ने 100: उपस्थिति उपलब्ध कराकर पुरस्कार प्राप्त किया । विद्यालय के उपाध्यक्ष के के आनंद,अतिथि अमित मोहन पटपटिया और डॉक्टर विवेक कुमार जी ने प्रथम द्वितीय व तृतीय आने वाले छात्र-छात्राओं को पुरुस्ख्रत कर अग्रिम भविष्य की बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। अमित मोहन पटपटिया ने रक्तदान व नेत्रदान करने से होने वाले लाभ के बारे में बताया डॉक्टर विवेक कुमार ने कहा कि राष्ट्र सेवा सबसे बड़ा संस्कार है। विद्यालय के उपाध्यक्ष के के आनंद जी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

# सठेडी में सरकार की उपलब्धियों का बखान

**बुढ़ाना।** सेवा, सुशासन और सुरक्षा को समर्पित उत्तर प्रदेश की भाजपा की सरकार के सफलतम आठ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में गांव सठेडी में भाजपा नेता अनिक त्यागी के आवास पर आयोजित शक्ति केंद्र बिटावदा के बूथ नंबर 68, 70, 71, 72, 73, 74, 75 और 76 की बैठक भारतीय जनता पार्टी बुढाना के मंडल अध्यक्ष मोनू ठाकुर कुरथल की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक विराजमान रहे। उन्होंने यहां पर सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए डबल इंजन की भाजपा सरकार की विभिन्न उपलब्धियों, जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों पर संपूर्ण जानकारी दी। बैठक मे समस्त बूथों के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोजा इफ्तार कराकर दिया मौहब्बत का पैगाम



**शाहपुर।** कस्बे के वरिष्ठ सपा नेता सत्येंद्र पाल ने कल्पना चावला इंटर कॉलेज के प्रांगण में रोजा इफ्तारी कार्यक्रम करके मोहब्बत का पैगाम दिया। आज विद्यालय प्रांगण में रोजा इफ्तारी का कार्यक्रम रखा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जिया चौधरी तथा क्षेत्रीय सांसद हरेंद्र मलिक के पुत्र निशांत मलिक व नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी रहे। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी भाईचारा मजबूत होता है उन्होंने कहा कि सत्येंद्र पाल सभी का सम्मान करते हैं। यह रोजा इफ्तारी कार्यक्रम एक यादगार कार्यक्रम के रूप में रहेगा। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष अकरम खान, भा कि यू के नगर अध्यक्ष जुल्किार कुरैशी, मुरसलीन राई, ब्रह्म सिंह सैनी, वरिष्ठ प्रमुख चिकित्सक डॉ. लोकेंद्र बालियान, मास्टर हरवीर सिंह, सभासद मनोज अरोड़ा सतीश पाल विशाल गर्ग, एडवोकेट प्रवेज त्यागी, वरिष्ठ प्रमुख चिकित्सक डॉ. अब्बास चौधरी, सभासद वकील बेगम, इनाम सैफी, पूर्व सभासद उमेश गोयल, मास्टर उस्मान चौधरी, वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी हाजी शाहिद त्यागी,युवा समाजसेवी तौहीद त्यागी, युवा समा. जसेवी सोनू मलिक, सपा नेता इक़बाल कुरैशी, प्रिंस मेडिकल स्टोर के स्वामी शाकिर मलिक, शाह टाइम्स के पत्रकार भाग्य शर्मा, शहजाद मलिक, इमरान मलिक, मोहम्मद नईम, सोनू अंसारी के अलावा क्षेत्र की सैकड़ो शख्सियत कार्यक्रम में शामिल रही। कार्यक्रम के आयोजन सत्येंद्र पाल ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## सेवानिवृत्ति जीवन की नई पारी की शुरुआत :महेश्वरी

**मुजफ्फरनगर।** लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सभागार में आयोजित विदाई समारोह में समस्त विद्यालय परिवार ने सेवानिवृत शिक्षकों कुंवरपाल सिंह व सुखवीर सिंह वत्स को फूल माला पहनाकर तथा उपहार भेंट कर अश्रुपूर्ण नेत्रों से विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध समिति अध्यक्ष ललित महेश्वरी, प्रबंधक देवेंद्र कुमार गर्ग, प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर दोनों शिक्षकों ने सेवा के दौरान अपने अनुभवों को भी साझा किया। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष ललित महेश्वरी ने सेवानिवृत होने वाले दोनों शिक्षकों के स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनायें प्रदान की। प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश कुमार शर्मा ने कहा कि सेवानिवृति हमारी सेवा का अंत नही, बल्कि जीवन की नई पारी का आरंभ होता है। उन्होंने कहा कि दोनों शिक्षक अपने द्वारा अर्जित ज्ञान का प्रकाश समाज में निरंतर फैलाते रहे। हिंदी प्रवक्ता नीलम शर्मा एवं वाणिज्य प्रवक्ता धनप्रकाश वर्मा ने दोनों अध्यापकों के सम्मान पत्र पढ़ते हुए उनके अनुकरणीय कार्यों का बखान किया। हिंदी अध्यापिका सरिता ने उनके विषय में अपने अनुभवों को साझा किया। संगीत शिक्षक अमित शर्मा ने सुंदर विदाई गीत प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन महेश कुमार ने किया।

# तीनदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का एस.डी. मैनेजमेंट स्टडीज में समापन

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बीबीए, बीसीए एवं बी.एससी (कंप्यूटर साइंस) के छात्रों के बीच तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन किया गया। टूर्नामेंट की शुरुआत विधिवत रूप से मुख्य अतिथियों द्वारा की गई, जिसमें प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें खेल भावना से खेलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि खेलों से छात्रों में अनुशासन, एकता और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। तीसरे और अंतिम दिन फाइनल मुकाबला बी.एससी (कंप्यूटर साइंस) और बीसीए (ए टीम) की टीमों के बीच खेला गया । इस निर्णायक मैच में दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और दर्शकों को अंतिम गेंद तक रोमांचित रखा। बी. एससी (कंप्यूटर साइंस) की टीम ने उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। बी.एससी (कंप्यूटर साइंस) ने बीसीए (ए) टीम को 206 रनों का टारगेट दिया, जिसके जवाब में बीसीए (ए) की टीम केवल 146 रन ही बना पायी व बी.एससी (कंप्यूटर



साइंस) ने यह मैच 60 रनों से जीत लिया। फाइनल मुकाबले के बाद पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जिसमे विजेता बी. एससी (कंप्यूटर साइंस) व उपविजेता बीसीए (ए) की टीम रही । मैंच मे बैस्ट बॉलर मोन्टी, बैस्ट बैटस् मैन / मैन ऑफ द मैंच आदित्य व कमेन्ट्री सूयश शर्मा ने की। मैंच मे एम्पायर की भूमिका रोबिन गर्ग व अंकित धामा, टीम मैनेजर अनुज गोयल ने निभाई।बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव त्यागी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों को खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ उनके मानसिक एवं शारीरिक विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने टीम वर्क और संघर्षशीलता के महत्व पर प्रकाश डाला । बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस टूर्नामेंट में सभी छात्रों ने अद्वितीय खेल भावना का प्रदर्शन किया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने कहा कि यह टूर्नामेंट कॉलेज में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अवसर मिला ।इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए खेल समिति एवं आयोजक मंडल मे शामिल रोहन त्यागी, मौद्द अंजर व लवी वर्मा को भी विशेष रूप से धन्यवाद दिया गया, जिनकी मेहनत और लगन से यह प्रतियोगिता सफल रही।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मौहल्ला कमलनगर (कूकडा) मुजफ्फरनगर से सम्बन्धित मकान के असल बैनामे क्रमांक 1977 दिनांकित 15.03.1990 व बैनामा क्रमांक 6422 दिनांकित 03.10.1998 व बैनामा क्रमांक 4873 दिनांकित 28.06.2000 व बैनामा क्रमांक 9600 दिनांकित 25.11.2005 व इकरारनामा महायदा बय क्रमांक 3093 दिनांकित 21.04.2004 व इकरारनामा क्रमांक 5229 दिनांकित 31.12.2005 व बैनामा क्रमांक 2959 दिनांकित 14.03.2008 जो रजिस्ट्री कार्यालय, मुजफ्फरनगर के यहां पंजीकृत है। दिनांक 24.03.2025 को समय करीब 1:30 बजे घर से बैंक सम्बन्धी कार्य से केनरा बैंक शाखा सुलभ अलमासपुर, मुजफ्फरनगर को जाते हुये रास्ते में कहीं खोये गये है। तलाश करने पर नहीं मिले है। यदि किसी व्यक्ति को पाये जाते है तो इसका उपयोग अवैधानिक/अपराधिक होगा।

श्रीमति विनेश पत्नी श्री कुंवरपाल सिंह निवासी-27, जगदीशपुरम (कमलनगर) कूकडा, थाना नई मंडी, मुजफ्फरनगर। मो0नं0- 7830445151

# सत्यवती माडर्न में मेधावी बच्चों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सत्यवती मॉडर्न जूनियर हाई स्कूल प्रेमपुरी वार्षिक रिजल्ट 2025 शनिवार को घोषित किया गया। स्कूल के प्रबंधक गौरव मंगल एवं स्कूल के प्रधानाचार्य सचिन कुमार के द्वारा सभी बच्चों को वार्षिक रिजल्ट घोषित होने पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया कि अवसर पर अपनी कक्षा में फर्स्ट सेकंड थर्ड आने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया जिसमें मुकुल रंजन पुत्र संदीप रंजन के द्वारा अपनी कक्षा 4 में 92.42 प्रतिशत अंक पाकर अपनी कक्षा में दूसरे स्थान प्राप्त किया। जिस पर स्कूल के



प्रबंधक गौरव मंगल एवं प्रधानाचार्य सचिन कुमार के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मुकुल रंजन लगातार अपनी कक्षा में कोई ना कोई स्थान बनाकर स्कूल का नाम रोशन करता है और जो की पढ़ाई में भी अच्छा है इस अवसर पर काफी संख्या में अभिभावक एवं बच्चे मौजूद रहे

# मीट की दुकान बंद कराने को सीएम को भेजा पत्र

**खतौली।** भाजपा नगर अध्यक्ष प्रवीण ठकराल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर नवरात्रि के दौरान मीट की दुकानों और मांसाहारी होटलों को पूरी तरह बंद कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि 30 मार्च से नवरात्रि प्रारंभ हो रही है, जो हिंदू समाज के लिए अत्यंत पवित्र पर्व है। इस दौरान श्रद्धालु शाकाहार और फलाहार का पालन करते हैं और मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए जाते हैं। ऐसे में शहर में मांस की दुकानों और मांसाहारी भोजनालय खुले रहने से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच सकती है और सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो सकता है। प्रवीण ठकराल का मानना है कि नवरात्रि के दौरान मांस की दुकानों का खुला रहना हिंदू समाज की आस्था के विपरीत है। उनका कहना है कि नवरात्रि के दिनों में माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना की जाती है और सात्विक भोजन ग्रहण किया जाता है। धार्मिक स्थलों और गलियों में जाते समय खुले मांस की दुकानों और मांसाहारी भोजनालयों से श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंच सकती है। इससे समाज में टकराव की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। इस मांग को लेकर व्यापारियों, होटल मालिकों और स्थानीय नागरिकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया सामने आई है। कुछ लोगों का कहना है कि नवरात्रि के दौरान मांस की दुकानों को बंद रखना धार्मिक आस्था और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए आवश्यक है। कई हिंदू संगठनों ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार को इस पर सख्त कदम उठाना चाहिए।

# स्वच्छता अभियान को जिला पंचायत अध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी



**मोरना।** नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल ने शुकतीर्थ मे हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता रैली शुभारंभ किया गया। वहीं तीर्थ नगरी मे साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला गंगा समिति मुजफ्फरनगर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने तीर्थ वासियो से नगरी को साफ सुन्दर रखने के लिए अपील करते हुए कहा की शासन प्रशासन तीर्थ स्थलों की स्वच्छता व सुंदरता पर विशेष ध्यान केंद्रित किये हुए है।जन सहयोग के बिना स्वच्छता अभियान अधूरा है। कूड़ा करकट इधर उधर न फेंक कर कूड़ेदान मे ही डालें, गंगा मैया मे किसी प्रकार की गंदगी न डालें, गंगा किनारे किसान जैविक खेती को अपनाये जिससे मां गंगा स्वच्छ व निर्मल रहे।प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग बिलकुल न करें।साथ ही जूनियर हाई स्कूल भोपा एंड कस्तूरबा स्कूल के बच्चों द्वारा गंगा घाट पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर स्वच्छता का संदेश लोगो को दिया गया । कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में जिला परियोजना अधिकारी हर्ष कुमार बालियान वन विभाग के कर्मचारी आदि का सहयोग रहा।

# शराब बिक्री के बम्पर ऑफर पर बिफरे 'आप' कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार को सांसद और आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के निर्देशानुसार, जिला अध्यक्ष अरविन्द बालियान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की मुज़फ्फरनगर इकाई ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शराब बिक्री पर दिए गए बम्पर ऑफ़र की कड़ी निंदा करते हुए एक ज्ञापन उत्तर प्रदेश की राज्यपाल महामहिम आनंदीबेन पटेल के नाम, आदमी पार्टी की जिला कार्यकारिणी, ज़िले के पदाधिका. रिओं व् भारी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओ के साथ जिला अधिकारी उमेश मिश्रा को सौंपा।

जिला अध्यक्ष अरविन्द बालियान ने कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा शराब की एक बोतल के साथ दूसरी और तीसरी तक बोतल मुफ्त देने की



योजना ने न केवल समाज को नैतिक रूप से कमजोर किया है, बल्कि यह राज्य के नागरिकों के स्वास्थ्य और भविष्य के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न कर रही है। जिला महासचिव अजय चौधरी ने कहा कि यह योजना यह संदेश देती है कि शराब को एक प्रोत्साहन के रूप में पेश किया जा रहा है, जिससे राज्य में शराब के सेवन को बढ़ावा मिलेगा। उत्तर प्रदेश राज्य में पहले से ही सामाजिक और आर्थिक असमानताएं बढ़ रही हैं, और इस तरह की योजनाएं केवल इन असमानताओं को और बढ़ा सकती हैं। साथ ही यह योजना हमारे युवाओं के लिए एक नकारात्मक संदेश भेजती है और शराब की लत को बढ़ावा देती है, जो स्वास्थ्य और समाज दोनों के लिए घातक है। प्रदेश भर में शराब दुकानों पर लोगों में होड़ मच चुकी है, वे बंपर ऑफर का फायदा उठाना चाहते हैं। जिससे क़ानून व्यवस्था के बिगड़ने का भी लगातार खतरा बना हुआ है!

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अरविन्द बालियान, जिला महासर्. चव अजय चौधरी, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप तोमर, जिला उपाध्यक्ष प्रेमपाल जी, जिला कोषाध्यक्ष सुशील अहलावत, जिला मीडिया प्रभारी संजीव मान, प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अलीम रोशन, चरथावल विधानसभा अध्यक्ष अजय बरवाला, वाजिद अली, मेहताब, अमन कुमार, रोशन कुमार व मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक: 2658/सा.प्र./2024-25 दिनांक:- 29/03/2025

## ई-निविदा सूचना।

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के मार्ग प्रकाश विभाग द्वारा कमला नेहरू वाटिका (कम्पनी बाग) के सौन्दर्यकरण हेतु 170 नग फैन्सी पोल्स 3.5 मीटर मय 72-84 वॉट 170 नग एल.ई.डी. लाईट की आपूर्ति/संयोजन कार्य हेतु व्यापार कर/आयकर/जी.एस.टी. पंजीकृत अनुभवी विक्रेता अथवा निर्माता कम्पनी से ई-निविदा दिनांक 7-04-2025 की अपराहन 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। वेबसाईट **https://etender.up.nic.in/nicgep/app** पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 01-04-2025 की प्रात: 10 बजे से दिनांक 7-04-2025 की अपराहन 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। साथ ही निविदादाता को स्वघोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा, यह स्वघोषणा पत्र अंकन रू0 100/- के स्टॉम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है। कार्य की 10 प्रतिशत धरोहर राशि एफ.डी.आर./एन.एस.सी. आदि के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के नाम बन्धक होगी तथा निविदा मूल्य (जी.एस.टी. सम्मिलित करते हुए) का ड्राफ्ट नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के पक्ष मे जारी कराते हुए दिनांक 07-04-2025 की प्रात: 10 बजे से अपराहन 3:00 बजे तक कार्यालय मार्ग प्रकाश विभाग में रखे बॉक्स में जमा किया जाना अनिवार्य है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक- 7-04-2025 को सायं 4.00 बजे अधिशासी अधिकारी के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्यदिवस को साय 4.00 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य पालिका निधि/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत है।

**मार्ग प्रकाश प्रभारी**
**नगर पालिका परिषद्**
**मु. नगर**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**मु. नगर।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**मु. नगर।**

# भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ ने किया रतनपुरी थाने पर प्रदर्शन

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** सपा सांसद को लेकर दिये गये बयान के विरोध में शनिवार को भारतीय शार्मिक कामगार महासंघ के कार्यकर्ताओं द्वारा रतनपुरी थाने पहुंचकर प्रदर्शन कर बयान पर आक्रोश जताया गया। इस दौरान इंस्पेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर समाजवादी पाटह्र के सांसद पर कार्यवाही की और उनकी सदस्यता रद्द करने की मांग की है।

शनिवार को भारतीय श्रमिक कामगार महासंघ के कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाध्यक्ष हरीओम सोम के नेतृव में हाथों में बैनर और नारे लिखी तख्तियां लेकर रतनपुरी थाने पर जुलूस के रूप में पहुंचे। ये लोग सपा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ नारे लगाते हुए आक्रोश प्रकट कर रहे थे। प्रदर्शन के उपरांत राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन रतनपुरी इंस्पेक्टर तेज सिंह को सौंपा गया। इसमें सपा सांसद रामलीलाल सुमन द्वारा राणा सांगा को लेकर की गई टिप्पणी पर रोष प्रकट करते हुए उनकी संसद सदस्यता रद्द कर जेल भेजने की मांग की गयी। ज्ञापन में कहा गया कि भारत वर्ष के मेवाड़ राजवंश में अनेक ऐसे महान पराक्रमीयो राजा हुए, जिन्होंने भारत पर आक्रमण करने वाले को धूल में ललकारा और हराया। राणा सांगा भी इनमें शामिल हैं। उन्होंने इब्राहिम लोदी व बाबर को युद्ध में हराया। जिसका उल्लेख खुद बाबर ने अपने बाबरनामा में किया। ऐसे महापुरूष पराक्रमी योद्धा को अपमानित करने का काम समाज वादी पाटह्र राज्य सभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा किया गया जो निदंनीय है जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार अर्थात बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। भारतीय कामगार महासंघ ने मांग करते हुए कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव आरा.पी सांसद रामजीलाल सुमन को तुरन्त पार्टी से निष्कासित करें और सांसद समाज से माफी मांगे। इसके अलावा सांसद रामजी लाल सुमन की संसद सदस्यता समाप्त की जाए। प्रदर्शन करने वालो में दर्जनों लोग मौजूद रहे।



# वन विभाग ने किसान की खड़ी फसल को ट्रैक्टर से रौंदा

**मोरना।** गंगा खादर में वन विभाग द्वारा किसानो की फसलों पर ट्रैक्टर चलाकर उनकी फसलों को बर्बाद किया जा रहा है किसान राज बहादुर की खड़ी फसल पर वन विभाग द्वारा ट्रेक्टर चलाकर रोंद देने से रोष व्याप्त हो गया है। राज बहादुर सहित पीड़ित किसानों ने फसल के मुआवजे की मांग शासन प्रशासन से की है।

किसान राज बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2013 में उसने अपने गांव की कुछ जमीन बेचकर गंगा खादर में खेती करने के लिए जमीन खरीदी थी। जिसका उसने किसान से बेनाम कराया हुआ है। किसान पिछले करीब 12 वर्षों से अपनी जमीन पर खेती करता चला आ रहा है। किसान का आरोप है कि शुक्रवार की शाम उसे जानकारी मिली कि उसकी गन्ने की फसल पर वन विभाग की टीम द्वारा ट्रैक्टर चला कर फसल को नष्ट कर दिया गया है। जिसे लेकर उसने वन विभाग के अधिका. रियों से बात की तो वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उसकी जो जमीन है वह वन विभाग की जमीन है। जिस पर अवैध कब्जा किया हुआ है। वही किसान का आरोप है कि कुछ दिन पहले वन विभाग के कुछ कर्मचारियों द्वारा उसकी जमीन पर निशान लगाया गया था। जिसकी शिकायत किसान द्वारा बिजनौर के जिला अधिकारी से शिकायती पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई थी जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निष्पक्ष जांच की बात कही थी वही किसान का आरोप है कि वन विभाग की टीम द्वारा बिना जानकारी व बिना नोटिस के उसकी खड़ी फसल पर ट्रैक्टर चलाकर उन्हें भारी नुकसान पहुंचाया गया है। खड़ी फसल बर्बाद होने पर किसान सदमे में है। वही किसान ने शासन प्रशासन से कार्रवाई की मांग करते हुए अपनी फसल के मुआवजे की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### 31 मार्च तक खुले रहेंगे कोषागार तथा बैंक शाखाएं

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया क 30 मार्च, 2025 को रविवार व 31 मार्च, 2025 को ईद-उल-फितर का त्यौहार होने एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्ति की ओर अग्रसर होने के कारण शासनादेश संख्या-4/2025/ए-1-35 दस-2025-10-1099/276/2020 11 मार्च, 2025 के अनुपालन में वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-2 के प्रस्तर 503 के अन्तर्गत ऐसे बैंकों की सभी शाखाएं, जो सरकारी लेन-देन का कार्य करती हों एवं कोषागार को 30 व 31 मार्च, 2025 को प्रत्येक कार्य दिवस की भांति खोले जाने के आदेश एतद्वारा पारित किये जाते है।

### आर जी पब्लिक स्कूल में बांटे गए अंक पत्र

**मोरना।** मोरना-जानसठ पर बेहड़ा सादात स्थित आरजी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। छात्र-छात्राओं को अंक पत्र वितरित किये गये। उच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कक्षा एल के जी मे चैतन्य, वेदांश राठी, हर्ष राठी को प्रथम द्वितीय तृतीय रहने पर कक्षा एक में अब्बास अली ज़ैदी, अली मेंहदी, अबू हुरैरा,कक्षा दो के शलोक, मौ. आफियान, नवेरा बतूल व कक्षा 6 मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र अक्षि द्वितीय आस्था तृतीय आराधना सैनी व कक्षा 11 मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले संगम द्वितीय स्थान पर खुशी तृतीय स्थान आरोही को सम्मानित किया गया विद्यालय प्रबंधक रमेश चंद्र व प्रधानाचार्या बबीता कौशिक ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें प्रोत्साहन किया। इस अवसर पर आर जी पब्लिक स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### कक्षा 11 की छात्रा सोफिया व 6 की छात्रा अल्तिफा आई प्रथम

**बुढ़ाना।** शनिवार के दिन बुढाना ब्लाक के गांव भसाना में खतौली रोड पर बजाज शुगर मिल के समीप स्थित रामप्रसाद कात्यायन इंटर कॉलेज में सभी कक्षाओं के छात्र और छात्राओं के वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। जिनमें से कक्षा 06 की छात्रा अल्तिफा ने प्रथम, छात्र मोहम्मद अली ने द्वितीय तथा छात्रा आंचल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 में छात्रा सायमा ने प्रथम, छात्रा शमा ने द्वितीय तथा छात्रा सिमरन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8 में छात्र शमी चौधरी ने प्रथम, छात्र अरहम ने द्वितीय तथा छात्र शहजीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 की छात्रा अक्सा ने प्रथम, छात्रा तहजीम ने द्वितीय और छात्र सक्षम शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 की छात्रा सोफिया ने प्रथम, छात्रा शोबी ने द्वितीय तथा छात्रा सना ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कालेज का नाम रोशन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉक्टर नीलेश वशिष्ठ ने बताया कि आगामी 4 अप्रैल को इन सभी बच्चों को विशेष समारोह में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, राकेश कुमार, मान सिंह, दिनेश कुमार, विपुल कुमार सिंह, विनोद यादव तथा भूमि विकास बैंक बुढाना के अध्यक्ष विनोद सैनी सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

### आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्राएं सम्मानित

**बुढ़ाना।** आर्य कन्या इंटर कॉलेज बुढ़ाना में मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार के दिन आर्य कन्या इंटर कॉलेज बुढ़ाना में सत्र 2024-25 की गृह परीक्षा का वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रधानाचार्य और कक्षा अध्यापिकाओं के द्वारा मेडल पहनाकर और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 08 की छात्रा अनु ने कालेज में सर्वाधिक 92. 56 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए कालेज का गौरव बढ़ाया। प्रत्येक कक्षा की प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं में कक्षा 06 से साक्षी ने 92.5 प्रतिशत, कक्षा 07 से हनी ने 91. 06 प्रतिशत, कक्षा 08 से अनु ने 92.56 प्रतिशत, कक्षा 09 से मंतशा ने 84. 90 प्रतिशत और, कक्षा 11 से विशाखा 85.8 प्रतिशत अंक लाई। कालेज की सभी छात्राओं को उनकी कक्षाओं की अध्यापिकाओं के द्वारा परीक्षा फल दिलाए गए। इस अवसर पर यहां कालेज की प्रधानाचार्य श्रीमती प्रमेश कुमारी के द्वारा आगामी शैक्षिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कड़ी मेहनत व समर्पण के साथ सभी को अध्ययन करने की प्रेरणा दी गयी। इस कार्यक्रम में कालेज की समस्त अध्यापिकाएं उपस्थिति रही और सभी का पूरा सहयोग रहा।

### 30 कुंतल सरिया चोरी करने वाले 4 चोर पकड़े

**बुढ़ाना।** फुगाना पुलिस ने एक वाहन से 30 कुंटल लोहे का सरिया, वैल्डिंग मशीन, लीटर सिलेंडर, गैस चूल्हा और प्लाई कटिंग मशीन चोरी करने वाले 4 चोरों को लोई मार्ग से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस खुलासे में कांस्टेबल अजय तेवतिया की अहम भूमिका बताई जा रही है। पुलिस टीम को सीओ ऋषिता सिंह ने बधाई दी है। फुगाना पुलिस के अनुसार दारोगा राकेश कुमार ने दारोगा महेन्द्र सिंह, कांस्टेबल अनीश खान, अजय तेवतिया, विशाल कुमार, रामेन्द्र कुमार, करन प्रतिहार व मन्दीप कुमार की मदद से खास मुखबिर की सटीक सूचना पर लोई मार्ग से नौशाद पुत्र दिलशाद निवासी जिला शामली, आबिद पुत्र नवाब अली व दानिश पुत्र यूसुफ निवासीगण जिला बागपत और ख्रष्ण पुत्र अजमेर निवासी जिला सहारनपुर को गिरफ्तार किया तो सभी ने बीती 26 मार्च को हुई चोरी की घटना को कबूल करते हुए पुलिस टीम को चोरी का सभी सामान बरामद करा दिया। ये चोर उक्त सामान को लोई मार्ग के किसी खेत में रखे हुए थे और आज शनिवार को उसको कहीं पर बैंचने के लिए जा रहे थे कि पकड़े गये। यह सामान उक्त चोरों ने एक पिकअप गाडी महिन्द्रा बुलेरो से चुराया था। पुलिस ने लिखापढ़ी के बाद सभी को जेल भेज दिया है वहीं सीओ ने टीम को बधाई दी है।

### 6 सरकारी शिक्षक हुए सेवानिवृत्त

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के आधा दर्जन सरकारी शिक्षक आज शनिवार के दिन सेवानिवृत्त हो गये। इन सभी शिक्षकों को सेवानिवृत्ति पर एक समारोह में भावभीनी बिदाई देकर काफी उपहार भेंट किये गये। सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों में कंपोजिट विद्यालय बुढाना के शिक्षक सोमदत्त शर्मा, जूनियर हाईस्कूल टोडा के शिक्षक अशोक मलिक, प्राथमिक विद्यालय नंबर दो कुर्थल के प्रधानाध्यापक रोहिताश शर्मा, जूनियर हाईस्कूल रियावली नंगला के शिक्षक यूनुस अली, कंपोजिट विद्यालय सराय के शिक्षक रामपाल सिंह और जूनियर हाईस्कूल बड़कता के शिक्षक सुशील कुमार हैं। इन सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को बुढाना खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव और शामली जनपद के ऊन ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी विकास पंवार ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया और शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कस्बे के एक बैंकट हाल में आयोजित किए गये बिदाई समारोह में सेवानिवृत्त हुए 04 शिक्षकों की आंखें डबडबा गयी। यह बिदाई समारोह आगामी 31 मार्च को होना था लेकिन 30 मार्च को रविवार और 31 मार्च को ईद उल फितर का त्योहार होने के कारण यह समारोह आज किया गया। यहां अन्य शिक्षकों में आनंद, मनोज, सुशील सैनी, चौधरी जमील अहमद, योगेश शर्मा, विजय, अजय, राजीव, विपिन त्यागी, मुनेश राणा, अनिता, सुनीता, गीता और रश्मि आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही।

### अवैध डोडा पोस्त के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मीरापुर।** बीआईटी चौकी प्रभारी ललित कुमार ग्राम कैलापुर जसमोर के जंगल में गश्त के लिए जा रहे थे उसी दौरान एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में धूमता हुआ दिखाई दिया। पूछताछ के लिए हिरासत में लेने के बाद उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 7 किलो डोढा पोस्त मय फल के बरामद किये गये। पूछताछ में इस व्यक्ति ने अपना नाम कृपाल सिंह पुत्र काका सिंह निवासी ग्राम कैलापुर जसमोर थाना मीरापुर बताया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर युवका का चालान कर दिया है। जेल गये व्यक्ति के उपर अन्य गम्भीर धाराओं में मुकदमे दर्ज बताये गये हैं।

# साप्ताहिक पैंठ के कारण पूरे कस्बे में लगता है जाम

**बुढ़ाना।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मुजफ्फरनगर के जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक ने कहा कि कस्बा बुढाना में स्थित जोगपुरा रोड पर प्रत्येक शनिवार को लगने वाली पीठ से रास्ता जाम रहता है। कस्बे एवं क्षेत्र के ग्रामीण इस रोड से गुजरकर जब अन्य बाजारों में जाते हैं तो उनको बहुत ही परेशानी होती है। पैंठ में कुछ दुकानदारों की खाट सड़क पर बिछती है और ये उस पर सामान लगाकर बैंचते हैं। पैंठ बाजार में किसी भी वाहन को पार करने में लगभग आधा घंटा लग जाता है। प्रशासन भी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है क्योंकि किसी दिन कोई भी बड़ी घटना हो सकती है। शनिवार को पूरे दिन ही नहीं देर शाम तक भी पूरा योग. पुरा रोड जाम की चपेट में रहता है। अगर देखा जाए तो बहुत ही बुरी स्थिति हो जाती है। इसी पैंठ बाजार मे शनि देव मंदिर भी है। जिसमें खासकर शनिवार के दिन कस्बे और ग्रामीण क्षेत्र से श्रद्धालुओं का अच्छी खासी संख्या में आना जाना लगा रहता है। श्री मलिक का कहना है कि हर शनिवार को लगने वाले इस साप्ताहिक बाजार से गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। मंदिर रोड पर लगने वाले इस बाजार से पूरा रास्ता जाम हो जाता है। बाजार के लिए कोई निर्धारित स्थान न होने के कारण विक्रेता सड़क पर ही दुकानें लगा लेते हैं। बाजार में खरीदारों की भीड़ भी अधिक होने से यातायात बाधित होता है। स्थानीय निवासी रिहान का कहना है कि बाजार लगना समस्या नहीं है। लेकिन दुकानदारों को सड़क जाम नहीं करनी चाहिए। इससे राहगीर घंटों तक फंसे रहते हैं। कस्बे की गृहणी लिसा ने भी सड़क जाम पर खूब नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि संबंधित अधिकारियों को इस समस्या का संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन को कुछ ठोस कदम उठाने होंगे।

# बीआईटी में एआई पर विदेशी विशेषज्ञों ने रखे विचार

**मीरापुर।** भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीटड्यूशन्स में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर विशेषज्ञों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अमे. रिका, भारत समेत विभिन्न देशों के रिसर्चर्स और शिक्षाविदों ने एआई के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा की।

संस्थान के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह ने कॉन्फ्रेंस की सोविनियर बुक का अनावरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. विभु सहानी द्धचेयरमैन, फाइनेंस कमेटी, गेस्ट ऑफ ऑनर प्रो. आकाश वेद द्धसेंट्रल काउंसिल मेंबर, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडियाद्ध, संस्थान के निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल, उप निदेशक डॉ. अजय गुप्ता, सह-निदेशक डॉ. पुष्पनील वर्मा, फार्मेसी प्राचार्य डॉ. सचिन सिंघल, डीन डॉ. अजय सिंह, जीएम फाइनेंस ऑफिसर दुष्यंत कुमार, डिप्टी रजिस्ट्रार आदित्य कुमार शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने




मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर राष्ट्रगान के साथ कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ किया। कॉन्फ्रेंस के प्रथम सत्र में अमेरिका के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के रिसर्च साइंटिस्ट डॉ. ऑगस्टिन ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा प्रणाली कई चुनौतियों का सामना कर रही है, जिनका समाधान एआई के माध्यम से संभव है। उन्होंने एआई-संचालित डायग्नोस्टिक टूल्स, टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म और हेल्थ ऐप्स की संभावनाओं पर चर्चा की, जो रोगियों के डेटा को ट्रैक कर स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बना सकते हैं। प्रो. डॉ. विभु सहानी ने कहा कि भारत के स्टार्टअप परिदृश्य में एआई केवल चर्चा का विषय नहीं बल्कि बदलाव का उत्प्रेरक है। यह न केवल उद्योगों को नया रूप दे रहा है, बल्कि स्थानीय चुनौतियों के समाधान के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रो. आकाश वेद ने कहा कि एआई उद्यमियों को नवाचार, विस्तार और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करता है।

संस्थान के निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल ने बताया कि एआई संचालित शिक्षा उपकरण सीखने की प्रक्रिया को प्रभावी बना सकते हैं और छात्रों के व्यक्तिगत विकास में सहायक हो सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में फार्मेसी प्राचार्य डॉ. सचिन सिंघल, डॉ. विजय डी, डॉ. पुनीत कुमार, डॉ. ललित वर्मा, अंकुर चंद्रा, खुशबू चौधरी, आंशिका अग्रवाल, विकास भारद्वाज, मेघा कटारिया, आरती, विशाल कुमार, सुनील कुमार, रविंद्र कुमार, नाजिया बेगम सहित अन्य शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

# सुधीर सैनी के जिलाध्यक्ष बनते ही सक्रिय हुए पार्टी टूट के कारक पारस जैन

**खतौली।** खतौली क्षेत्र में भाजपा पार्टी में पिछले कई सालों से चल रही अंदरूनी उठापटक का कारण बने पूर्व पालिकाध्यक्ष पारस जैन सुधीर सैनी की ताजपोशी के साथ ही फिर से सक्रिय हो गए हैं। शनिवार को नगर में हुए जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी के स्वागत समारोह में पारस जैन मंचासीन रहे। वह भी तब, जब मौजूदा पालिका बोर्ड में वह भाजपा के सिंबल पर चुनाव लड़ने वाले राजेंद्र जैन के खिलाफ निर्दलीय लड़कर जीतकर पालिका में पहुंचे हैं। पारस जैन आज भी भाजपा में पुनर्वापसी विधिवत रूप से नहीं कर पाएं हैं। उसके बावजूद मंच पर उनकी मौजूदगी सीधे तौर पर जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव कुमार बालियान से उनकी नजदीकी बयां करती है।

एक कहावत है कि घर का भेदी लंका ढावे। ये कहावत शनिवार को खतौली में उस समय देखने को मिली जब खतौली में जिला अध्यक्ष का स्वागत कार्यक्रम चल रहा था, जिसमे उस नेता को मंच पर बैठाया गया, जिसने भाजपा में रहकर फूट डालो राज करो की राजनीति की। बता दें कि विधानसभा चुनाव प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक विक्रम सैनी के चुनाव में यही नेता पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच फूट डाल कर उनकी हार का कारण बने थे। यही नही निकाय चुनाव में भी इसी भाजपा नेता पारस जैन ने भाजपा पार्टी के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ते हुए अपना उम्मीदवार मैदान में उतार कर भाजपा प्रत्याशी उमेश कुमार को बुरी तरह से हराकर अपना डंका बजवाया था। वहीं मंच पर पारस को बैठाने के बाद भाजपा के पदाधिकारियो पर प्रश्नचिन्ह लग गया है कि आखिर पार्टी को हर कदम पर नुकसान पहुँचाने वाले इस नेता को आज भी सम्मान देते हुए भाजपा पदाधिकारियो की अनदेखी की जा रही है। वहीं कि पार्टी प्रोटोकॉल के तहत मंच पर जिला अध्यक्ष और पूर्व मंत्री के साथ-साथ मंच पर खतौली विधान सभा के मंडल अध्यक्षो को बैठने का सम्मान दिया जाना जरूरी है, लेकिन किसी भी मंडल अध्यक्ष को मंच पर जगह नहीं दी गई। बता दें कि कुछ देर के लिए मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल को मंच पर बैठाया गया था और वे भी मंच से नदारद हो गए, लेकिन भाजपा के बागी नेता को मंच पर ही जिलाध्यक्ष और पूर्व मंत्री के साथ मंच पर बैठाए रखा गया।

## हिन्दू नववर्ष पर पर्व पत्रिका का विमोचन

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन द्वारा ग्रीन एप्पल होटल रूड़की रोड पर नव वर्ष विक्रमी संवत 2082 की पूर्व संध्या पर हिंदू पर्व पत्रिका का विमा. चन वरिष्ठ चिकित्सक डा.एमके तनेजा, वरिष्ठ पत्रकार अरविन्द भारद्वाज, भाजपा नेता कुशपुरी, हिन्दू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी, संगठन की महिला अध्यक्ष सरिता शर्मा अरोरा आदि ने किया। कार्यक्रम के आयोजक संजय अरोड़ा ने कहां की अगर हमें भारत को बचाना है तो हमें अपनी जनसंख्या बढ़ानी होगी। उन्होंने सूर्य मलिक को युवा क जिला अध्यक्ष मनोनीत किया।इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक प्रवीण जैन, लोकेश सैनी ,प्रमोद वर्मा आदि ने भी अपने विचार रखा। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुनील वर्मा अमरीश शर्मा कन्हैया शर्मा सोनू धीमान संजय गोस्वामी संजय ठाकुर लक्ष्मी विजयलक्ष्मी संजीव मलिक श्याम वर्मा सचिन वर्मा अरुण वर्मा पूनम अरोड़ा वंश अरोड़ा ईशा अरोड़ा अशोक आर्य संदीप आर्य अमित मित्तल चित्रा नमन मित्तल संगम आदि बड़ी संख्या में हिंदू वीर उपस्थित रहे।

# गोल्ड मैडल जीतकर निशानेबाज ने किया जिले का नाम रोशन

**मोरना।** क्षेत्र के प्रसिद्ध निशानेबाज राकेश सहरावत ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे भिन्न गेटेगरी मे दो गोल्ड मैडल जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है।राकेश सहरावत की उपलब्धि पर भोकरहेड़ी कस्बे मे खुशी की लहर दौड़ गयी है। वहीं गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी हैं। कस्बा भोकरहेड़ी निवासी राकेश सहरावत को प्रसिद्ध निशानेबाज के रूप मे जाना जाता है। राकेश सहरावत ने अनेक प्रतियोगिताओं मे भाग लेकर उच्च स्थान प्राप्त कर ख्याति हासिल की हुई है। ढलती आयु के पड़ाव पर राकेश सहरावत ने मध्य प्रदेश मे आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे सुपर मास्टर, सीनियर मास्टर केटेगरी मे गोल्ड मैडल जीतकर खुद को साबित करते हुए जनपद का नाम रोशन किया है।निशानेबाज राकेश सहरावत ने बताया की मध्य प्रदेश के इंदौर के पास महू मे 23 मार्च से 31 मार्च तक नेशनल ऑपन बिग बोर राइफल कंपटीशन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। बीते 25 मार्च को आयोजित 300 मीटर रेंज बिग बोर मे 1100 निशानेबाज प्रतिभागियो ने भाग लिया था जिसमें सुपर मास्टर व सीनियर मास्टर ऑपन साईट केटेगरी मे 300 अंको से 176 अंक हासिल कर दोनों




केटेगरी मे गोल्ड मैडल जीता है।

राकेश सहरावत की इस उपलब्धि पर कस्बे मे खुशी की लहर दौड़ गयी है। सांसद चंदन चौहान सहित कस्बे के पूर्व चौयरमैन कैप्टन ज्ञानेंद्र सिंह, राजेश सहरावत,काजी मौ. आकिल,अजय कुमार,रामपाल नेता,जोगेन्द्र वर्मा, प्रदीप सहरावत,डॉ. चन्द्रपाल सिंह, उदयवीर सिंह,चेयरमैन पुत्र सचिन वामन, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण पाल सिंह, रामकुमार शर्मा, बृजवीर सिंह,राहुल गर्ग,राहुल गर्ग डॉ. अलीशेर अंसारी,प्रधानाचार्य कैप्टन प्रवीण चौधरी, अंकुर सहरावत आदि ने बधाई दी है।

# मोदी-योगी की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच पहुंचीं मीनाक्षी स्वरूप

**मुजफ्फरनगर।** केन्द्र में मोदी सरकार के दस साल और यूपी में योगी आदित्यनाथ की सरकार के आठ साल का जश्न मनाया जा रहा है। इसके लिए भाजपा के द्वारा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम में लोगों तक डबल इंजन की सरकारों के कामकाज को पहुंचाने के लिए नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप भी भाजपा कार्यकर्ताओं और पालिका सभासदों के साथ जनसंपर्क अभियान में जुटी हैं। उनके द्वारा भाजपा के हनुमत मंडल में आने वाले शहर के वार्ड 49 के अन्तर्गत मौहल्ला पंचमुखी, सर्राफा बाजार, मोती महल, आहताऔलिया में पहुंचकर लोगों से घर-घर जाकर मुलाकात की गई और इस दौरान पीएम मोदी एवं सीएम योगी की सरकारों के द्वारा जनता के कल्याण और देश व प्रदेश के उत्थान के लिए कराये गये ऐतिहासिक कार्यों की जानकारी देने के साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बाजार क्षेत्र में भी दुकानों पर पहुंचकर व्यापारियों और ठेले लगाने वाले लोगों से मिलकर भी उनको भाजपा सरकारों की योजनाओं और उपलब्धियों वाले पत्रक वितरित किये। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक मंडल उपाध्यक्ष सलभ गर्ग, वार्ड सभासद मनोज वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजेन्द्र पाल, जिला मंत्री सुधीर खटीक, मंडल अध्यक्ष दीपक मित्तल, विशाल गर्ग, अमित सुधा, डॉ. अनुज पचीसिया, विवेक चौहान, आशुतोष वर्मा, राधे वर्मा, राधा वल्लभ गोयल, यश वर्मा, अरविंद दीक्षित, आशु वर्मा, कवि वर्मा, नितिन गर्ग, गोपाल अग्रवाल, आर्यन बिड़ला, अनुराग शर्मा आदि मौजूद रहे।

इससे पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप द्वारा मौहल्ला कृष्णापुरी में घर-घर जाकर केंद्र और



यूपी सरकारों की उपलब्धियों व योजनाओं को लेकर प्रचार किया गया। यहां पर वार्ड सभासद राजीव शर्मा के नेतृत्व में नागरिकों ने उनका स्वागत किया। जनसंपर्क अभियान में सभासद मनोज वर्मा, प्रशांत गौतम, योगेश मित्तल, जिला उपाध्यक्ष संजय गर्ग, जिला मंत्री सुधीर खटीक, मंडल अध्यक्ष दीपक मित्तल, रोहित जैन, रक्षित नामदेव, रवि गोस्वामी, आर्यन बिड़ला, मनोज गोयल, वीणा त्यागी, आशुतोष वर्मा, जितेंद्र मित्तल एवं मंडल के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इंसाफ के लिए भटक रहे दिव्यांग छात्र के परिजन

**मोरना।** अध्यापक द्वारा दिव्यांग छात्र के साथ की गयी मारपीट के बाद शिकायत करने पर कॉलिज प्रबंधन द्वारा परिजनों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। परिजनों जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग की है। थाना भोपा क्षेत्र के गांव रुड़कली तालाब अली निवासी फैसल ने बीते 22 मार्च को डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया था कि उसका आठ वर्षीय पुत्र दिव्यांग है। जो मौलाना आजाद मैमोरियल इंटर कॉलेज में कक्षा एक का छात्र है। आरोप है कि कॉलेज के एक अध्यापक ने उसके दिव्यांग पुत्र की बेरहमी से पिटाई कर दी थी। जिसमें छात्र के दाहिने पैर की हढी में फेक्चर हो गया था। बेटे से जानकारी पाकर जब वह इस बाबत कॉलेज में शिकायत करने गया तो प्रबंधन जुड़े व्यक्तियों द्वारा उसके साथ अभद्रता की गयी व आरोपी मारपीट पर उतारू हो गए थे पीड़ित ने जिलाधिकारी को छात्र की पिटाई करने के बारे में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को जांच के आदेश दिए थे। फेसल ने शनिवार को पुन: थाना ककरौली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# अशोक नर्सिंग होम पर हुआ रोजा इफ्तार का आयोजन

**बुढ़ाना।** कस्बे के कांधला रोड पर लकड़ी की आढ़त के समीप स्थित अशोक नर्सिंग होम पर रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।

जिसमें नर्सिंग होम के आनर डाक्टर अशोक कुमार और डाक्टर फरमान मलिक ने संयुक्त रुप से सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दोनों धर्मों के लोगों को पार्टी में आमंत्रित करते हुए सां. प्रदायिक सौहार्द की मिसाल कायम की। इस पार्टी की सराहना हुई जिसमें शामिल लोगों ने ऐसे आयोजनों को करने पर डाक्टर अशोक कुमार और उनके पार्टनर डाक्टर फरमान मलिक का आभार जताया।

अशोक नर्सिंग होम बुढ़ाना में रमजान के पवित्र महीने में एक विशेष इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिंदू मुस्लिम धर्मों के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। सामूहिक रूप से रोजा इफ्तार करने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इस आयोजन की तारीफ की और देश में शांति और भाईचारा बनाए रखने की बात कही।

इफ्तार पार्टी के आयोजक डाक्टर अशोक कुमार व डाक्टर फरमान मलिक ने कहा कि रोजा इफ्तार से लोगों के बीच प्रेम व भाईचारा बढ़ता है। रमजान माह हमें एकजुट होकर रहने की सीख देता है। यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढाना के प्रभारी चिकित्सा अधिक. ारी डाक्टर अर्जुन सिंह, मेट्रो हॉस्पिटल बुढाना के संचालक डॉक्टर आरिफ, सिटी हॉस्पिटल बुढाना के संचालक डॉक्टर नदीम कुरैशी, डॉक्टर नियम, डॉक्टर वसीम, शौकीन, हाजी दिलशाद मलिक, साहिल, नदीम, मौ. सुल. मान, उस्मान, नमन, उम्मीद आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# आर्य एकेडमी स्कूल में स्थापना दिवस पर रंगशाला का शुभारंभ






**मुजफ्फरनगर।** स्थानीय आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल ए 2 जेड रोड में स्थापना दिवस के अवसर पर रंगशाला (ऑडिटोरियम) का शुभारंभ किया गया संस्था के प्रेरणा स्रोत स्वर्गीय चौधरी इलमचंद आर्य जी की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर संस्कार शाला में देव यज्ञ का आयोजन हुआ जिसके यज्ञमान डॉक्टर सत्यवीर आर्य एवं श्रीमती उर्मिला आर्य रहे यज्ञ के ब्रह्मा प्रोफेसर सुरेंद्र पाल आर्य रहे, मृदुला आर्य ने सस्वर वैदिक मन्त्रोचार के द्वारा पुनीत यज्ञ कार्य संपन्न कराया।

यज्ञ के उपरांत नवनिर्मित भवन रंगशाला (ऑडिटोरियम) का विधि विधान के साथ प्रसिद्ध शिक्षाविद प्रोफेसर सुरेंद्र पाल आर्य तथा स्पिक मैके के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राधा मोहन तिवारी जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके किया। रंगशाला में ही प्रथम कार्यक्रम के रूप में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया एकेडमी की छात्राओं द्वारा समूह गान एवं वाद्य यंत्र प्रस्तुति से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, इसके पश्चात अतिथियों ने विभिन्न शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक क्षेत्र में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया जिसमें विशेष रूप से कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय, दैनिक उपस्थिति, सर्वश्रेष्ठ कलाकार, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ सुद्धारित छात्र, सर्वाधिक सहानुभूतिशील छात्र, विशिष्ट प्रतिभा में जिला एवं राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं तथा समर्पित माता-पिता पुरस्ख्रत किए गए। इसके साथ-साथ स्पेल बी एवं राष्ट्रीय ओलंपियाडै व्थ् के पदक विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। साथ ही संस्था के चौयरमेन डॉ सत्यवीर आर्य एवं अध्यक्ष राजकुमार वर्मा ने सभी उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

अपने आशीष रूपी उद्बोधन में प्रोफेसर सुरेंद्र पाल आर्य जी ने सभी उपस्थित अभिभावकों को संस्कार परक शिक्षा की ओर प्रेरित किया तथा आर्य एकेडमी इस ओर विशेष ध्यान दे रहा है इसकी उन्होंने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। अपने उद्बोधन में डॉ राधा मोहन तिवारी जी ने अपने आशीष वचन में रंगशाला के महत्व एवं देश की संस्ख्र ति को सजाने के लिए जो कार्य राष्ट्रीय स्तर पर स्पीक मैके कर रहा है यह भवन इस संस्कृति का स्वरूप बने ऐसा मेरा आशीर्वाद है। कार्यक्रम के अंत में संस्था के सचिव एडवोकेट सुघोष आर्य ने सभी उपस्थित अतिथियों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

## लाल दयाल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परिणाम की घोषणा

**खतौली।** लाल दयाल पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक रिजल्ट की घोषणा की गई इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों के रिपोर्ट कार्ड लेने विद्यालय पहुंचे बच्चों के शैक्षणिक विकास देखकर अभिभावक को में हर्ष का माहौल था विद्यालय प्रधानाचार्य ममता शर्मा ने बताया कि कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र 2024-25 का रिपोर्ट कार्ड सौपा गया तथा विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा उन्होंने बच्चों को उनके वार्षिक परिणाम पर बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया की नवीन सत्र 2025-26 के लिए एडमिशन प्रारंभ हो चुके हैं तथा नवीन सत्र 1 अप्रैल 2025 से आरंभ हो रहा है। प्रधानाचार्य द्वारा अभिभावकों को डिजिटल ए आई शिक्षा पद्धति के बारे में बताया गया तथा कहा गया की बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय हमेशा प्रयासरत है।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# प्राथमिक विद्यालय में पहुंचे डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविंद कुमार चौहान ने आज अपने निरीक्षण के दौरान विकासखंड शामली के प्राथमिक विद्यालय रामगढ़ व प्राथमिक विद्यालय बनती खेड़ा विकास क्षेत्र थाना भवन का औचक निरीक्षण निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने दोनों विद्यालयों में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं को देखते हुए संबंधित को दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के समय जिलाधिक. ारी द्वारा सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय रामगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जिला. धिकारी ने कक्षा 3 में बच्चों से खोया मोती रविंद्रनाथ टैगोर कहानी




पढ़वा और लिखवाकर देखा और कक्षा 4 में बच्चों से अंग्रेजी की किताब पढ़वा कर देखा जिसको बच्चों ने पढ़कर सुनाया।निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने विकासखंड थानाभवन के आदर्श प्राथमिक विद्यालय बंतीखेड़ा का भी निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था देखते हुए कक्षा- 1 के बच्चों से हिंदी की पुस्तक पढ़वाकर देखा तो बच्चे ढंग से पढ़ नहीं पाए जिसके लिए शिक्षा का स्तर सुधारने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही कुछ बच्चे बिना ड्रेस के दिखे जिसमें बच्चों को डीबीटी के माध्यम से ड्रेस आदि उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौर आदि मौजूद रहें।

# मिल के गंदे पानी से किसानों की फसलें सूखी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** गांव शामली शामला के किसान के खेत में चीनी मिल की दीवार से निकला गंदा पानी भर गया जिससे किसान की गेहूं की फसल सुख गई पीड़ित ने उप जिला अधिक. ारी को शिकायत कर फसल का मुआवजा दिलाने तथा मिल के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

गांव शामली शामला निवासी किसान राजकुमार पुत्र मानसिंह की भूमि ऊन चीनी मिल की दीवार के पास है किसान का आरोप है कि चीनी मिल का गंदा पानी जिसमें केमिकल मिला होता है दीवार में रिसाव होकर उसके खेत में भर जाता है जिससे फसल बर्बाद हो जाती है इस बार भी केमिकल युक्त गंदा पानी उसके खेत में भर गया जिससे गेहूं की



करीब दो बीघा फसल सुख गई है जिससे उसे भारी नुकसान हुआ है किसान ने मिल के अधिकारियों को भी कई बार अवगत कराया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई ।इस संबंध में पीड़ित ने उप जिला अधिकारी निधि भारद्वाज को शिकायत कर फसल का मुआवजा दिलाने तथा चीनी मिल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत

**जलालाबाद।** जलालाबाद स्थित रेलवे स्टेशन पर पैसेन्जर ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत हो गई । स्टेशन मास्टर द्वारा घटना की सूचना रेलवे पुलिस को दी गई । युवक की शिनाख्त नही हो सकी है । शनिवार की सुबह जलालाबाद रेलवे स्टेशन पर लगभग सवा चार बजे सहारनपुर से चलकर शामली के रास्ते दिल्ली जाने वाली पैसेन्जर ट्रेन से कटकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई । युवक किस प्रकार ट्रेन के नीचे आया यह स्पष्ट नही हो सका है। घटना की जानकारी ट्रेन के स्टेशन से जाने के बाद हुई । की मैन सतीश कुमार द्वारा स्टेशन मास्टर संजीव कुमार को जानकारी दी गई कि यार्ड में पटरियो के बीच अज्ञात शव पडा है । जिसके बाद स्टेशन मास्टर ने रेलवे पुलिस शामली को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मृतक युवक की पहचान कराने की कोशिश की गई परन्तु पहचान नही हो सकी मृतक के हाथ पर जयवीर नाम खुदा है परन्तु वह कहा का है उसके पास से पुलिस को एक बैग तो मिला परन्तु कोई आई डी प्रूफ नही मिला जिससे उसकी स्पष्ट शिनाख्त हो सके। हादसे में उसकी मौत हुई या फिर उसके द्वारा ट्रेन के आगे आकर आत्म हत्या की गई यह भी स्पष्ट नही हो सका। रेलवे पुलिस शव को शामली मोर्चरी ले गई है। जहां पर शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। थानाध्यक्ष रेलवे शामली चांदवीर सिंह ने बताया कि पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है 72 घन्टे तक शव को सुरक्षित रखा जाएगा उसके बाद पहचान नही होती है तो अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

## बस चालक की गिरफ्तारी की मांग



**शामली।** थानाभवन क्षेत्र के मंटी हसनपुर निवासी दो सगे भाई 18 वर्षीय क्रिश व 21 वर्षीय नितिश पुत्रगण आंनद किशोर गत 23 मार्च को सवेरे करीब साढे चार बजे बाईक से सवार होकर मेरठ एनडीए का पेपर देने के लिए जा रहा थे। क्रिश का पेपर था, जबकि बडा भाई उसके साथ जा रहा था। शहर के सहारनपुर हाईवे स्थित गंगा अमृत हॉस्पिटल के निकट रोडवेज की अनुबंधित बस के चालक ने सहारनपुर से लौटते समय टक्कर मारकर दोनों भाईयों को मौत के घाट उतार दिया था। शनिवार को परि. जनों ने थाना आदर्शमंडी पुलिस पर कार्यवाही न करने का आरोप लगाते हुए घेराव किया। उन्होने कहा कि आरोपी बस चालक की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाए। जब पुलिस बस को पकड सकती है तो चालक को क्या नही पकड पा रही है। इस अवसर पर पिता आनंद किशोर, नरेश सैनी, ब्रहमपाल सिंह, अनिल कुमार, मोनू, अनूप आदि मौजूद रहे।

## अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेलने मासी एक महिला ने एक युवक पर घर में घुसकर बुरी नीयत से दबोचने एवं अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है पुलिस जांच में जुटी है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी महिला ने शनिवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि एक वर्ष पूर्व एक युवक पीड़िता को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा कर ले गया था। पुलिस ने पीड़ित को बरामद कर लिया था और आरोपी को जेल भेज दिया था। आरा. ेप है कि आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बना रखी है जो आरोपी के पास मौजूद है।

आरोपी लगातार वीडियो को वायरल करने की धमकी देते हुए पीड़िता को ब्लैकमेल कर रहा है। गत रात्रि पीड़िता अपने घर में सो रही थी तभी आरोपी उसके घर में घुस गया और उसे बुरी नीयत से दबोच लिया और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करने का प्रयास किया। शोर शराबा होने पर आरोपी मारपीट करते हुए फरार हो गया। पीड़ित महिला ने आरोपी के विरुद्ध थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है पुलिस जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### पुलिस चेकिंग के दौरान तमंचा व कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस ने एक युवक को एक तमंचा एवं कारतूस सहित गिरफ्तार किया है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। शुक्रवार की मध्य रात्रि गंगेरू चौकी प्रभारी उप निरीक्षक विक्रम भाटी पुलिस टीम के साथ मिलकर क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित जिडाना रजवाहे पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनो की चेकिंग कर रहे थे। पुलिस के अनुसार मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार के साथ घूम रहा और किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को आता दिखाई दिया जब पुलिस ने मुखबिर के इशारे पर युवक को रोककर तलाशी लेने का प्रयास किया तो आरोपी भागने लगा। पुलिस ने आरोपी को ईंट भठे के समीप से भाग दौड़ करते हुए पकड़ लिया। जिसकी तलाशी लेने पर एक तमंचा वह कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम राहुल पुत्र एहसान निवासी गांव गंगेरू बताया। शनिवार को पुलिस ने कार्रवाई करते ही आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

### हनुमान मंदिर में द्वादश ज्योतिर्लिंग समिति ने किया महाआरती का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर द्वादश ज्योतिर्लिंग आरती समिति द्वारा भगवान महादेव की महा आरती का आयोजन किया गया यह आरती हर माह की शिव चौदस को आयोजित की जाती है मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सुधीर मुंडेपी हिमांशु मुंडेपी और अवधेश शर्मा ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना व आरती कराई बाद में भक्तों ने भजन और फूलों की होली से सभी का मन मोह लिया आरती में आसपास के सभी भक्तजनों ने भाग लिया आरती के आयोजक डॉक्टर अनिल कुमार बंसल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया अंत में सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया इस मौके पर वीरेंद्र गोयल अजय गोयल लोकेंद्र संगल सुशील ऐरन विजय गुप्ता कल्लू हलवाई अनिल रेनू मास्टर दुष्यंत मनजीत बंसल पीयूष रहेला शिवकुमार तायल नीतू बंसल पिंकी अग्रवाल वीणा अग्रवाल प्रवीण बंसल संगीता गुप्ता अर्चना तायल आदि मौजूद रही।

### म्यान कस्बा में अंग्रेजी शराब के ठेके का विरोध

**मस्जिद के पास खोला जा रहा था अंग्रेजी शराब का ठेका**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** म्यान कस्बे में मेन तिराहे पर खोले जा रहे अंग्रेजी शराब के ठेके का मुस्लिम समाज के लोगों ने जमकर विरोध किया। ठेकेदार यह अंग्रेजी शराब का ठेका म्यान कस्बे में मेंन तिराहे पर मस्जिद व मदरसे के पास खोलने की तैयारी की जा रहा है । इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा ग्राम प्रधान के अलावा जिला आबकारी शामली और पुलिस चौकी को लिखित शिकायत की गई है। मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 - 26 के लिए म्यान कस्बा द्धबिडोलीत्र्ह में मेंन तिराहे के पास अंग्रेजी शराब का ठेका खोला जा रहा था। अंग्रेजी शराब का यह ठेका अहमदगढ़ गांव के निवासी सूरजभान पुत्र रनवीर सिंह द्वारा खोला जा रहा था। हाफिज मोहम्मद इनाम, जावेद नसीम, अजीमुद्दीन, रफीक, अली हसन, समर रजा, मोहम्मद नकी आदि ग्रामीणों का कहना है कि इस ठेके से करीब 50 मीटर की दूरी पर ही मदरसा जामिया इसानुल इस्लाम शाहवली उला मजीद एवं संयुक्त रूप से मस्जिद है। इसलिए यहां पास में शराब का ठेका उचित नहीं है जिसको कहीं और लगाया जा सकता है। करीब आधा दर्जन से अधिक हस्ताक्षर से युक्त एक शिकायत पत्र बिडौली पुलिस चौकी इंचार्ज तथा जिला आबकारी शामली और ग्राम प्रधान को भेजा गया है।

# अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट की बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट की एक महत्वपूर्ण सामान्य बैठक द्धळमदमतंस डममजपदहत्र्ह का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से आगामी दो वर्षों के लिए ट्रस्ट के अध्यक्षों का चयन किया गया।

बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए रोबिन गर्ग को ट्रस्ट का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। साथ ही वर्ष 2026-27 के लिए सीए द्धडॉ।त्र्ह आकाश गुप्ता को आगामी अध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया। यह निर्णय समाज की सतत प्रगति, युवा नेतृत्व को प्रोत्साहन और संगठन की निरंतर सुदृढ़ता को ध्यान में रखते हुए लिया गया। इस अवसर पर पिछले वर्ष के अध्यक्ष राहुल तायल ने सभी



सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि पिछला वर्ष सेवा, समर्पण और संगठन के विस्तार का वर्ष रहा। ट्रस्ट ने समाज के विभिन्न वर्गों के बीच समरसता, पारिवारिक भावना और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत किया। सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों के माध्यम से हमने समाज को एकजुट रखने का प्रयास किया, जिसमें आप सभी का भरपूर सहयोग रहा।

उन्होंने यह भी कहा कि हर संस्था की शक्ति उसके सदस्य होते हैं, और मैं गर्व से कह सकता हूं कि हमारा ट्रस्ट ऐसी शक्ति से भरपूर है। मैं नए अध्यक्षों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि वे ट्रस्ट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। ट्रस्ट के सचिव सीए द्धडॉ।त्र्ह आकाश गुप्ता द्वारा वर्ष भर में किए गए कार्यों का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसमें सेवा कार्य, चिकित्सा शिविर, धार्मिक आयोजन आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। संस्था के चेयरमैन प्रवीण गोयल जी एवं संगीत गोयल ने भी ट्रस्ट की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और भावी दिशा को लेकर अपनी शुभकामनाएं दीं। संस्थापक अध्यक्ष नीरज सिंघल ने ट्रस्ट के प्रारंभिक उद्देश्यों, मूल विचारों और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की। बैठक में अशोक गर्ग, प्रवीण गोयल, संगीत गोयल, नीरज सिंघल, सुशील सिंघल, सुमित बंसल, रजत बिंदल, पराग गर्ग, उत्तम जिंदल, निखिल एरण, अंकित गर्ग, राहुल गर्ग, पंकज बंसल, सोनू बंसल, ओमप्रकाश बंसल, संजीव बंसल, पंकज संगल, संजीव पिंटू, शिवाणू बंसल, वीरेंद्र गर्ग, जिया लाल ऐरन, मयंक गोयल, अमित मित्तल, अपार, राजू प्रॉपर्टी, विजय गर्ग, अरविंद गर्ग, श्रवण संगल, मुकेश बुरेवाले, राहुल गर्ग, नितिन गर्ग आदि रहे।

## प्रेमी युगल ने पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाने पहुंचे प्रेमी युगल ने शिकायती पत्र देकर अपने परिजनों से जान का खतरा बताते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। मेरठ जनपद के सरधना थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी निवासी रिजवान ने बताया कि उसने पांच महा पूर्व अपने गांव की ही युवती नाजिया के साथ कोर्ट मैरिज कर प्रेम विवाह किया था। तभी से पीड़ित व उसकी पत्नी दोनों कस्बे में एक किराए के मकान पर रहते हैं और अपना पालन पोषण कर रहे हैं। आरोप है कि उसकी पत्नी के परिजन पीड़ित को आए दिन फोन कर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हैं। प्रेमी युगल का आरोप है कि वह दहसत के साए है में अपना जीवन यापन कर रहे हैं। प्रेमी युगल ने शनिवार को थाने पर तहरीर देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने प्रेमी युगल को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए सुरक्षा का आश्वासन दिया है।

# हरियाणा राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के आधा दर्जन से भी लोगों ने हरियाणा के चंडीगढ़ हयात होटल में हरियाणा राज्य हज कमेटी के चेयरमैन राज्य मंत्री मो. हसिन चौधरी के द्वारा रोजा इफ्तार पार्टी कार्यक्रम में भाग लिया। और राज्यपाल को फूलों का गुलदस्ता बैठकर शिष्टाचार भेंट की।

जिसमें मुख्य रूप से हरियाणा राज्य के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय जी एवं हरियाणा राज्य के गृह विभाग की अपर मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा पंजाब के पूर्व मंत्री नुसरत अली बग्गा जी शामिल हुए इसके अलावा जनपद शामली से राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन, ऋषिराज राजड जी, कुलदीप पंवार जी, अफसर प्रधान जी,जावेद जंग कांधला, मुनव्वर जंग, गुलजार अंसारी ,शामिल हुए कार्यक्रम का संचालन मशहूर शायर जुनैद अख्तर कांधल. वी ने किया कार्यक्रम में राज्यपाल महोदय ने अपने विचार रखें सभी मेहमानों ने राज्यपाल का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया मोहसिन चौधरी ने राज्यपाल का टोपी पहनाकर शाल ओढ़ा एवं सभी मेहमानों का शाल



ओढ़ाकर स्वागत किया।

## ऊन चीनी मिल का पेराई सत्र समाप्ति की ओर

**ऊन।** सुपीरियर फूड ग्रेंस प्राइवेट लिमिटेड का पेराई सत्र समाप्ति की ओर है चीनी मिल में गन्ने की आवक कम हो गई है चीनी मिल द्वारा शनिवार को करीब 48000 कुंतल गन्ने की पेराई की गई है तथा इस पेराई सत्र में अभी तक 80 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की गई है चीनी मिल के 90 गन्ना क्रय केन्द्रो में से 40 गन्ना क्रय केंद्र बंद हो गए हैं गन्ने की आवक कम होने के कारण चीनी मिल द्वारा पेराई सत्र समाप्त करने हेतु प्रथम नोटिस 1 मार्च का चश्पा किया गया है। मिल के मुख्य गन्ना प्रबंधक कुलदीप पिलानिया ने बताया कि गन्ने की आवक कम होने के कारण पहले नोटिस 1 मार्च का लगाया गया है।

## उच्च न्यायालय न्यायाधीश ने किया कैराना में निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रशासनिक न्यायाधीश अरूण कुमार देशवाल, न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद के द्वारा जनपद न्यायालय शामली परिसर स्थित कैराना का किया गया निरीक्षण। प्रशासनिक न्यायाधीश अरूण कुमार देशवाल, न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद के द्वारा शनिवार को जनपद न्यायालय शामली स्थित कैराना का



निरीक्षण किया गया और ई स्टेप व ई- परिसन पोर्टल आदि के प्रभावी कियान्वयन के संबंध में जनपद न्यायालय, शामली के जनपद न्यायाधीश एवं समस्त न्यायिक अधिकारीगण के साथ मीटिंग की गई।

# भारतीय जनता पार्टी ने की मंडल अध्यक्ष की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** शामली जिले से कांधला मंडल के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिले ने दोबारा से डॉक्टर रश्मीकांत जैन को मंडल अध्यक्ष मनोनीत करके उनमें अपना विश्वास जताया है।

अपने आप को मंडल अध्यक्ष मनोनीत होने पर डॉक्ट रश्मिकांत ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी पूरे भारत का जनता का नेतृत्व करती है वह किसी विशेष वर्ग की पार्टी नहीं है।वो भारत की सबसे बड़ी पार्टी है हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री माननीय नरेंद्र दास। मोदी का स्लोगन सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास एवं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी। द्वारा

## डॉ रश्मि कांत जैन को मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर शहर में खुशी की लहर



चलाई जा रही योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे और हमारे जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक । तेजेन्द्र निर्वाल जीके साथ कंधे से कंधा। मिलाकर उनके मार्गदर्शन में कार्य करेंगे कस्बे वासियों का कहना है डॉक्टर रश्मिकांत जैन अपने सरल व अच्छे व्यवहार के लिए जाने जाते हैं डॉक्टररश्मिकांत जैन ने अपना जीवन भारतीय जनता पार्टी की सेवा में समर्पित किया है उन्होंने कहा है कि आगामी 2027 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को एक बार फिर से पूर्ण बहुमत मिलने जा रहा है।

# सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की दर्दनाक मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**तल्हेडी बुजुर्ग।** स्टेट हाईवे 59 पर हुए भीषण सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, परिवार में हुई मौत के कारण परिजनों में शोक का माहौल व्याप्त है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को सुबह करीब चार बजे संजीव उर्फ काला पुत्र पहल सिंह उम्र करीब 40 वर्ष निवासी गंगदासपुर जट्ट थाना देवबंद त्रिवेणी शुगर मिल में गन्ने डालकर वापिस लौट रहा था। जैसे ही वह तल्हेडी बुजुर्ग कस्बे के निकट हाईवे पर बने नये बिजली घर के समीप पहुंचा तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार एक अनियंत्रित ट्रक एच आर 58 डी 3537 ने ट्रेक्टर ट्राले में जोरदार टक्कर मार दी जिसके कारण ट्रैक्टर काफी दूर तक घिसटता चला गया और संजीव की उसके नीचे कुचलकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।



हाईवे पर घटित घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और तल्हेडी चौकी के पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए। जिन्होंने घटना में प्रयुक्त ट्रक को हिरासत में ले लिया जबकि ट्रक चालक मौके से भागने में सफल हो गया। पुलिस ने मृतक संजीव की शिनाख्त कर उसके परिजनों को घटना की जानकारी से अवगत कराया। जिसके कुछ ही देर बाद मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए ओर मृत पड़े संजीव के शव को देखकर विलाप करने लगे। तत्पश्चात पुलिस ने क्षत विक्षत स्थिति में पड़े शव को एकत्र कर परि. जनों की मौजूदगी में मृतक संजीव के शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भिजवा दिया। उधर मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि मृतक संजीव के पांच बच्चे हैं जिनमें चार बड़ी लड़कियां हैं और एक छोटा बेटा है। उनका कहना है कि वह अपने परिवार का एकलौता मात्र सहारा था। उधर पुलिस का कहना है कि परिजनों के द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## बैंककर्मी से लूट

**बेहट।** बाइक सवार हथियारबंद दो बदमाशो ने बैंक के कर्मचारी से आतंकित करते हुए करीब 88 हजार रुपए लूट लिए।

बंधन बैंक में गंगोह इलाके के गांव जानपुर माजरी निवासी मो. हनलाल पुत्र जगमाल रिलेशनशिप ऑफिसर है। मोहनलाल शुक्रवार की दोपहर करीब 1 बजे कोतवाली बेहट इलाके के गांव दबकौरा से कलेक्शन कर वापस बैंक लौट रहा था। पीड़ित के मुताबिक जैसे ही वह दबकौरा से कुछ दूर आगे निकला तो पीछे से एक बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशो ने उसे रोक लिया और देशी तमंचे से आतंकित कर उससे करीब 88 हजार दो सौ रुपए लूट लिए। जब उसने विरोध किया तो बदमाशो ने उसके साथ मारपीट की और रकम लूटने के बाद फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की सूचना बेहट पुलिस को दी तो कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित से मामले की जानकारी ली।

# शिक्षक नहीं होता रिटायर: अनिरुद्ध



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के महामंत्री अनिरूद्ध त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता।

अनिरूद्ध आज बी डी बाजोरिया इंटर कालेज में सेवानिवृत्ति कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत होने वाले शिक्षक संगठन के सजग प्रहरी रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों ने जनपद, मंडल और शिक्षा निदेशक कार्यालय लखनऊ पर विशाल धरना देकर अपनी मांगो के प्रति सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। प्रदेश उपाध्यक्ष रजनीश चौहान ने कहा कि साथियों समाज में अपने गौरवपूर्ण अस्तित्व को बनाए रखने के लिए हमें एकजुट होकर इन भ्रष्टाचारियों और शिक्षक विरोधियों को मुंहतोड जवाब देने के लिए संघ को मजबूत करना है।

समारोह में स्वराज पाल दोहुड्डू, राजवीर सिंह यादव, शिव कुमार राठौर, धर्मपाल सिंह, रकम सिंह, राजेंद्र सिंह राठौड़, अनीता रानी, अंजू गुप्ता, संदीप कुमार, अनिल, दशरथ आदि सैकड़ो की संख्या में शिक्षक शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# रोजा इफ्तार से दिया एकता का संदेश



शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में भाजपा के मण्डल महामंत्री युवा भाजपा नेता निशांक जैन एवं वार्ड सभासद ममता जैन द्वारा रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वधर्म के सैंकड़ो लोंगो ने एक साथ मिलकर रोजा इफ्तार कर आपसी सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दिया।

शुक्रवार अलविदा जुमा के दिन निशांक जैन के आवास पर आयोजित रोजा इफ्तार कार्यक्रम में पहुंचे गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर निशांक जैन ने कहा कि रमजान की फजीलत में शाइर पेश करते हुए कहा कि जिसने बना दिया हर घर को गुलिस्तान चला जायेगा वो मेहमाने रमजान, तोहफे में देकर जा रहा है जुमा, सभी को अलविदा अलविदा माहे रमजान।

निशांक जैन की माता वार्ड 8 से सभासद ममता जैन ने सभी लोगों को अलविदा जुमा की बधाई दी। उन्होंने कहा कि नगर में हिन्दू मुस्लिम के बीच सद्भाव और भाईचारे को दर्शाने के लिए गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखते हुए उन्होंने इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। कार्यक्रम में सुधीर जैन, चौधरी धीरज सिंह, एम एस सोनू कुरैश, तहरीर अब्बास नकवी, सुशील मोगा, साजिद अंसारी, कलीम अंसारी, आजम अंसारी, मोनू अंसारी, शिवनन्दन शर्मा, राशिद फरीदी, रियासत मलिक, गौरव गुप्ता, नीलकमल गुप्ता, लवी जैन सहित सैंकड़ो लोग मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्ति पर विदाई

**छुटमलपुर।** प्राथमिक विद्यालय हुसैनपुर उर्फ नवादा विकास खंड मुजफ्फराबाद, की ग्राम पंचायत हुसैनपुर उर्फ नवादा में एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन समितिने प्रधानाचार्य बिजेंद्र कुमार शर्मा दीपक को उनकी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में सम्मानित किया।

श्रीमती गुलशन देवी और प्रधान प्रतिनिधि मन्नवर राव ने बिजेंद्र को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर बिजेंद्र कुमार शर्मा ने भी रसोई माता संतोष देवी, असगरी और सुनीता देवी को उनके बेहतरीन कार्यों के लिए सम्मानित कर अपनी उदारता और सहकर्मियों के प्रति सम्मान का परिचय दिया। कार्यक्रम में शिक्षक राकेश कुमार, अनुज कुमारी, इंदु रानी, मुनेश सैनी, सुनीता, संतोष, असगरी सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# जाम से निजात दिलाने को थाना प्रभारी ने संभाला मोर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** लंबे समय से जाम की समस्या से परेशान जनता को राहत दिलाने के लिए थाना प्रभारी धर्मेंद्र ने खुद मोर्चा संभाल लिया।

शनिवार, 29 मार्च 2025 को दोपहर 12:20 बजे के आसपास मुख्य बाजार और रोडवेज बस स्टैंड के पास लगे भारी जाम को देखते हुए थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने तुरंत स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाया। उन्होंने अपनी टीम के साथ मिलकर सड़कों पर उतरकर यातायात को व्यवस्थित किया और जाम को खुलवाने में सफलता हासिल की। जाम खुलवाने के बाद थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाली गाड़ियों पर भी सख्ती दिखाई। उन्होंने कुछ गाड़ियों के हूटर की चेकिंग की और जो गाड़ियां नो-एंट्री जोन में घुस गई थीं, उनके चालान काटे गए। इस कार्रवाई से यातायात नियमों का पालन करने में लापरवाही बरतने वालों में हड़कंप मच गया।



स्थानीय लोगों ने बताया कि जाम के कारण उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ रहा था, जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही थी। लेकिन थाना प्रभारी धर्मेंद्र की त्वरित कार्रवाई, समर्पण और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्ती को देखकर जनता ने उनकी जमकर तारीफ की। एक स्थानीय कस्बा निवासी शाकिर मलिक ने कहा धर्मेंद्र जी ने न सिर्फ जाम को खुलवाया, बल्कि नियम तोड़ने वालों को सबक भी सिखाया। उनकी कार्यशैली कांबले-तारीफ है। इस घटना के बाद क्षेत्र में थाना प्रभारी की कार्यशैली की चर्चा जोरों पर है।

थाना प्रभारी धर्मेंद्र ने इस मामले पर कहा जाम की स्थिति को देखते हुए तुरंत कार्रवाई करना जरूरी था। हमने न सिर्फ जाम को खुलवाया, बल्कि यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ भी सख्त कदम उठाए। हमारा मकसद लोगों को राहत देना और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

# भाकियू ने कराया रोजा इफ्तार



**बिहारीगढ।** भारतीय किसान यूनियन के युवा महासचिव राजू कश्यप ने पवित्र माह रमजान में कस्बा बिहारीगढ के पंचायत घर में मुस्लिम समुदाय के बीच रोजा इफ्तार का आयोजन किया। उन्होंने कस्बे में अपने मुस्लिम समुदाय के रोजेदारों को रमजान माह मे रोजा इफ्तार पार्टी देकर खुशी मनाई।

राजू कश्यप ने कहा कि रमजान इबादत और तौबा का महीना है, जो आत्मिक शांति और अमन का संदेश देता है। साथ ही, आपसी भाईचारे को मजबूत करने की बात कही। इस मौके पर रामकुमार, सुखबीर कश्यप,कान्हा कश्यप,राजेंद्र कश्यप, काला कश्यप, पन्नू कश्यप, अर्जुन कश्यप, सोनी, मीडिया प्रभारी कुलदीप सिंह, मनोज कांबोज मौ.युसूफ, तबरेज मालिक, डॉ नावेद राव, मेम्बर मनजीत सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस आयोजन ने धार्मिक सद्भाव और एकता का संदेश दिया।

# सांसद रामजीलाल का पुतला फूंक कर ज्ञापन सौंपा

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** वीर शिरोमणि महाराणा सांगा के सम्मान और इतिहास को लेकर राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन की संसद में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी ने सर्वसमाज में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। इस टिप्पणी के विरोध में छुटमलपुर में सर्वसमाज ने एकजुट होकर सांसद का पुतला फूंका और राष्ट्रपति व भारत सरकार से उनकी संसद सदस्यता समाप्त करने तथा कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

प्रदर्शन के दौरान अनुज सिंह राणा, परविंदर राणा, कान्हा राणा और शिवाय सिंह ने संयुक्त बयान में कहा कि महाराणा सांगा ने देश की शान और मर्यादा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनकी वीरता का अपमान करने वाली ऐसी टिप्पणी समाज की भावनाओं पर हमला है। उन्होंने कहा कि इस तरह की भाषा बोलने वाला व्यक्ति संसद में रहने के लायक नहीं है।



जिला महासचिव अल्प के नेतृत्व में हुए इस विरोध प्रदर्शन में पुतला दहन के साथ-साथ सांसद के खिलाफ नारेबाजी की गई। इसके बाद थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर डॉक्टर देवराज सिंह पुंडीर, डॉक्टर किरणपाल, सभासद सोमपाल राणा, रजत राणा, सभासद अर्जुन राणा अंकित राज, बाल्मीकि समाज अध्यक्ष रोहित राणा, टीकु प्रधान, भानु कांबोज और विशाल कांबोज आदि मौजूद रहे।

इस घटना ने क्षेत्र में तनाव का माहौल पैदा कर दिया है। वहीं, देश के अन्य हिस्सों जैसे फिरोजाबाद, जयपुर, जोधपुर, गाजियाबाद और चंदौली में भी करणी सेना, विश्व हिंदू परिषद, भाजपा कार्यकर्ताओं और राजपूत समाज ने पुतला दहन और पैदल मार्च के जरिए विरोध जताया। कई स्थानों पर राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपे गए, जिसमें सांसद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। यह विवाद अब राष्ट्रीय स्तर पर बहस का विषय बन गया है, जिसमें लोग ऐतिहासिक नायकों के सम्मान की रक्षा के लिए एकजुट हो रहे हैं।

## सीएम योगी की उपलब्धियां बताई

**छुटमलपुर।** उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के 8 साल के सुनहरे कार्यकाल को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ष्घर-घर संपर्क अभियानष का आगाज छुटमलपुर मंडल से हुआ। मंडल अध्यक्ष अमित सेन की अगुवाई में फतेहपुर भादो बूथ नंबर 380-381 पर शुरू हुए इस अभियान में भाजपा कार्यकर्ताओं ने योगी सरकार की शानदार उपलब्धियों को जनता के सामने रखा। यह अभियान भाजपा की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति का जीता-जागता प्रमाण है।

अमित सेन ने गर्व के साथ कहा, "योगी सरकार ने 8 साल में जो विकास और सुरक्षा का माहौल बनाया है, वह अभूतपूर्व है।


**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.,**

**ई-निविदा सूचना**

ई- निविदा संख्या-129/डब्लू/2024-25:- वि.वि.खण्ड- देवबन्द के कार्यक्षेत्र 132 के.वी. उपकेन्द्र सांपला रोड देवबन्द से निर्गत 33 के.वी. उपकेन्द्र अम्बेहटा शेखा की लाईन के कन्डक्टर चोरी होने के कारण नये कन्डक्टर लगाने का कार्य। ई-निविदा संख्या:-130/डब्लू/2024-25:- वि. वि.खण्ड-बेहट के अन्तर्गत वि.वि.उपखण्ड-बेहट के कार्यक्षेत्र में रनिंग कान्ट्रेक्ट के माध्यम से विभिन्न 33/11 के.वी. उपकेन्द्रो 11 के.वी. व एल.टी. लाईन से सम्बन्धित मेजर ब्रेकडाउन में विद्युत आपूर्ति को सूचारू बनाये रखने हेतु विभिन्न कार्य। अल्पकालीन ई-निविदा संख्या:-131/डब्लू/2024-25:- वि.वि. खण्ड-बेहट के कार्यक्षेत्र में विभिन्न 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्रो से निकलने वाले 11 के.वी. पोषको के विभिन्न स्थानो पर गाटर पोल व राउण्ड पोल नीचे से क्षतिग्रस्त व गले हुये पोलो को 3 एम.एस. एंगल के द्वारा वैल्डिंग कराकर पुन: ग्राउटिंग कराये जाने का कार्य।

**नोट:**- ई-निविदा सं. 129 एंव 130/डब्लू/2024-25 का प्रथम भाग दिनांक 25.04.2025 एंव अल्पकालीन ई-निविदा सं. 131/डब्लू/2024-25 का प्रथम दिनांक 15.04.2025 यथा समय खोला जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदाए प्रथम भाग खुलने की दिनांक को 12:00 बजे तक जमा की जायेगी तथा इनका प्रथम भाग उसी दिन 14:30 बजे के बाद खोला जायेगा। निविदाओं की विस्तृत जानकारी एंव निविदाओं में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-टेण्डर वैबसाईट www.etender.up.nic.in तथा निगम की वैबसाईट www.pvvnl.org पर उपलब्ध करायी जायेगी।

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत वितरण मण्डल - प्रथम**
**सहारनपुर**

राष्ट्र हित में बिजली बचायें
बिजली चोरी की सूचना हेल्पलाईन नम्बर पर दें : 1800-180-3002 (मेरठ), 1800-180-8752 (लखनऊ)

पत्रांक 5389/वि.वि.म.प्र./स.पुर/ निविदा    दिनांक 27.03.2025


# वार्षिक रिजल्ट पाकर मासूमों के चेहरों पर दिखी खुशियां





**नागल।** तेजस इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया जिसमें मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर अभिनन्दित किया गया।

अतिथि थानाध्यक्ष रमेश चंद सिंह एवं एरोन एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्षा रश्मि टेरेंस ने कहा कि यह नन्हे मुन्ने छात्र हमारे देश का भविष्य है। शिक्षकों के साथ-साथ माता-पिता को भी चाहिए कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान बनायें। भविष्य में देश निर्माण की कमान इन्हीं बच्चों के हाथों में ही होगी। इस दौरान चौधरी राजवीर सिंह, गुलजार सिंह चीमा, शाहिद अंसारी, मनमोहन सिंह, बिरमपाल प्रधान, संटी चावला, राजीव त्यागी, अजीत सैनी, मीनाक्षी अरोड़ा,कपिल डाबर, हेमंत अरोडा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

**अंबेहटा।** डिवाइन लाइट अकैडमी मे वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक अनवर शफीक, अध्यक्ष अर्शी शफीक, डायरेक्टर दानिश शफीक सहित विद्यालय की प्रधानाचार्य किरण खन्ना अध्यापिका आदेश ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मैधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य किरण खन्ना ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के डायरेक्टर दानिश शफीक ने बताया विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस दौरान पारुल, शाहरुख अंसारी, ज्योति, निलाक्षी आरजू आदि शामिल रहे।

नकुड़ रोड स्थित आर्यन इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा तीन से कक्षा नौ व ग्यारहवी तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक अंकुर अग्रवाल,कुलदीप मित्तल व निखिल अग्रवाल सहित विद्यालय की प्रधानाचार्य अमिता चौधरी एवं उपप्रधानाचार्य नीरू ने किया। कार्यक्रम के दौरान रवीश राठी, अजय, पल्लवी जैन, रूपा मीनू, पारुल, बबिता, शिवांगी शर्मा, आकांक्षा मेघा, रजनी अर्चना आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शाहरुख हसन ने किया।

**नानौता।** ब्राईट होम पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया गया। अव्वल रहे छात्रों को प्रधानाचार्य मौ. अहमद खान एवं मुमताज खानम ने पुरस्कार वितरित किए। प्रधानाचार्य मौ. अहमद खान जी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं उनके द्वारा किए गए नियमित कठिन परिश्रम की सराहना की। उन्होने सभी अभिभावकों व शिक्षक शिक्षिकाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। गुरुद्वारा चौक स्थित दुर्गा पब्लिक स्कूल में आयोजित घोषित वार्षिक परीक्षाफल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रबंधक स. अरविंदर सिंह काका ने कहा कि विद्यार्थी को अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए मेहनत व लगन से प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य बुशरा खान, सुदेश धीमान, कामिनी पुंडीर, तनवीर जेहरा, रितुपाल, उरूसा सिद्दीकी आदि मौजूद रहीं।

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के नव जनोदय इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ शोभित विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. महिपाल सिंह, शोभित विश्वविद्यालय के हेरीटेज सेंटर के संचालक राजीव उपाध्याय यायावर, समाजसेवी बालकृष्ण शर्मा, संदीप कुमार, प्रधानाचार्य श्याम कुमार सैनी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान सुनील सैनी, अनिल कुमार, पदम कुमार, बिजेंद्र सिंह, राजकुमार, धीरज सिंह, सोनू धीमान, सवित कुमार, नलनीश कुमार आदि रहे, संचालन मनोज सैनी ने किया।

**बेहट।** जनता इंटर कालेज का वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया।

कालेज के प्रधानाचार्य डॉ सुभाष चंद सागर ने कहा कि सभी सफल विद्यार्थी आगे चलकर और अधिक मनोयोग से मेहनत करके अगले वर्ष उत्कृष्ठ प्रदर्शन अपने विद्यालय तथा अपने माता-पिता का नाम गौरवानिवत करें। उन्होंने ग्रह परीक्षा के परिणाम घोषित करते हुए बताया कि कक्षा 6,7,8,9व 11 कुल 1062 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिनमे 97.45% विद्यार्थी सफल हुए। कक्षा 9 डी की छात्रा कु महक ने 92.25% अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया है। कक्षा 6 में प्रथम कुमारी अल्फीशा, आरुषि द्वितीय तथा तनिशा तृतीय रही।कक्षा 7 में असफिया प्रथम, कु सिद्दीकी द्वितीय तथा तन्वी तृतीय रहे। कक्षा 8 में कु सना प्रथम, महिमा द्वितीय, साहिल मलिक तृतीया स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 9 में कु महक प्रथम, कु चहक द्वितीय, वंशिका तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 11 कला एवं विज्ञान वर्ग में कु खुशी प्रथम, मानव द्वितीय तथा वैष्णवी शर्मा तृतीय रहे। कक्षा 11 के व्यवसायिक वर्ग में आफिया प्रथम, सलिहा द्वितीय तथा नसरा तृतीय स्थान पर रही। इस मौके पर परीक्षा प्रभारी राजेश त्यागी, अरुण कुमार गौतम, नेत्रपाल सिंह, प्रदीप शर्मा, रविंद्र रुहेला, आकाश कुमार, नीरज चौहान, सुमित चौहान, आदित्य धीमान व राजीव रुहेला मौजूद रहे।


**MAHARAJ SINGH COLLEGE, SAHARANPUR**
**SHORT-TERM TENDER NOTICE**

Sealed tenders are invited from reputed and experienced Firms/ Suppliers for the supplying of Computers (Desktop) and Laptop & its Accessories, for Computer Labs in Maharaj Singh College Saharanpur on Rate Contract basis for the session 2025-26.

| S. | Discription of Items | Qty | Completion period |
|---|---|---|---|
| 1 | Desktop(Dell)<br>1. Processor- Intel core i5 14th gen. (integrated graphics)<br>2. Ram- 16GB DDR4/DDR5 upgradable<br>3. Storage-512 GB SSD (NVME)<br>4. Display-22 inch full HD LED<br>5. Networking-Gigabit Ethernet, Wifi 6 support<br>6. Operating System- Window 11 pro edition (Genuine)<br>7. Office Suite- MS office professional edition | 10 | 07 Days from the date of order |
| 2 | Laptop (HP)<br>1. Processor- Intel core i5 14th gen. (integrated graphics)<br>2. Ram- 16GB DDR5 upgradable<br>3. Storage-512 GB SSD (NVME)<br>4. Display-15 inch full HD<br>5. Operating System- Window 11 pro edition (Genuine)<br>6. Office Suite- MS office professional edition | 01 | 07 Days from the date of order |
| 3 | 1. UPS- 1KVA | 10 | |

**NOTE**

1. Terms and Conditions are explained in Tender Documents. 2. The Tender form can be purchased from accounts section between 10:30 am to 02:00 pm from 1st April to 4th April 2025 at the cost of Rs. 1000/- by cash payment. 3. Tenders may be Submitted in Principal office from 6 April to 8 April 2025 upto 02:00 pm or through registered post. 4. Tenders will be opened on 9th April 2025 at 03:00 pm in Principal Office. 5. The college reserves all the rights to reject any tender without explaining any reason.

**Dated: 29-03-2025**
**Place: Saharanpur**    **Principal/Secretary**



**सहारनपुर नगर निगम सम्पत्ति अनुभाग**

पत्रांक:- 377/वि०अनु०/न०नि०सहा०/2024-25    दिनांक:- 29 मार्च, 2025

**ई-निविदा**

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु जोन संख्या 10 का विज्ञापन ठेका की ई-निविदा दिनांक 04.04.2025 को आमंत्रित की जा रही है। निविदा किये जाने वाले यूनिपोल/बाईपोल का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र.सं. | जोन संख्या | जोन का नाम | यूनिपोल की संख्या व साईज (24x12) | बाईपोल की संख्या व साईज (20x10) | जमानत राशि | प्रिमियम व विज्ञापन शुल्क की राशि | जी.एस.टी. राशि | न्यूनतम ऑफर धनराशि (जी.एस.टी. सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 10 | होटल क्लार्क इन्टरनेशनल से नौगजा पीर | 11 | 08 | 1,90,000/- | 15,42,983/- | 2,77,737/- | 18,20,720/- |

**निविदा शर्ते निम्नवत् है:-**

26. प्रत्येक जोन के ठेके के निमित्त तकनीकी निविदा में निम्नलिखित प्रपत्र प्रस्तुत करने होंगे:-
- विज्ञापन अनुभाग में पंजीकरण (यदि हो)। यदि विज्ञापन अनुभाग में पंजीकरण नही है, और सर्वोच्च ऑफर प्राप्त होता है, तो सम्बन्धित को पंजीकरण कराने के उपरान्त ही कार्यादेश जारी किया जायेगा।
- आधार कार्ड, पैन कार्ड, जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, नगर आयुक्त महोदय को सम्बोधित शपथ पत्र (फोटो सहित) जिसमें यह तथ्य अंकित होगा कि वह किसी भी संस्था का बकायेदार नही है, और न ही कभी ब्लैक लिस्टेड हुआ है, निविदा के साथ अपलोड करने होंगे।
- निविदादाता की हैसियत 20 लाख रूपये की होनी चाहिये व पिछले 03 वित्तीय वर्ष की कुल टर्न ऑवर 50 लाख रू० होनी चाहिये, संलग्न करनी होगी।
- निविदा में केवल फर्म, पार्टनर फर्म, कम्पनी ही प्रतिभाग कर सकते है, Joint Venture प्रतिभाग नही कर सकते है, पार्टनरशिप फर्म की स्थिति में समस्त पार्टनर के आधार कार्ड, पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करने होंगे।
- ठेके की निमित्त निर्धारित जमानत धनराशि ई-टैण्डरिंग के माध्यम से जमा करनी होगी।

2- ठेके से संबंधित सभी शर्ते सम्पत्ति अनुभाग में देखी/पढी जा सकती है, व सूचना व शर्ते नगर निगम की वेबसाईट www.saharanpurnagarnigam.com व एन०आई०सी० की वेबसाईट www.saharanpur.nic.in पर भी उपलब्ध है।

3- ठेका बिना कारण बताये स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम सहारनपुर में निहित होगा।

4- जिन ठेकेदारों द्वारा गत वर्षों के ठेके की समस्त धनराशि नगर निगम कोष में जमा नही करायी गयी है, उनका ऑफर मान्य नही होगा, तथा जिन ठेकेदारों को नगर निगम द्वारा डिफाल्टर घोषित / ब्लैकलिस्टेड किया हुआ है, वह भी निविदा में भाग नहीं ले सकेगें।

5- ऑनलाईन निविदा दिनांक 04.04.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक ऑनलाईन के माध्यम से डाली जायेगी, एवम् तद्दिनांक को सायं 03:00 बजे निविदा गठित समिति एंव निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

6- टैण्डर शुल्क सभी ठेकों में अंकन 1180/- रू० जी०एस०टी० सहित) देय होगा।

प्रभारी अधिकारी (विज्ञापन)
नगर निगम, सहारनपुर।

अपर नगर आयुक्त
नगर निगम सहारनपुर।

# चालक व सवारी के बीच हुए विवाद में युवक घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** ई-रिक्शा चालक और सवारी के बीच किराए को लेकर हुए विवाद में बीच बचाव के लिए आये युवक पर उस्तरे से हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। परिजनों ने घायल युवक को सरकारी अस्पातल में भर्ती कराया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

मोहल्ला पठानपुरा निवासी सरफुद्दीन की अंसारियान मस्जिद के पास रोटी की दुकान है। शनिवार की शाम दगड़ा निवासी एक युवक ई-रिक्शा में सवार होकर उसकी दुकान पर पहुंचा था। यहां किराए को लेकर उसकी रिक्शा चालक से विवाद हो गया। सरफुद्दीन के पिता शमशुल आरिफीन के मुताबिक बेटे ने जब रिक्शा चालक को बचाने की कोशिश की तो आरोपी ने उस पर उस्तरे से हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। जिसे परिजनों ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे रेफर कर दिया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# ट्रक की ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर से चालक की मौत

- पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** तेज गति से आ रहा ट्रक ने शुगर मिल से गन्ना डालकर वापस लौट रहे किसान कि ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर चालक सड़क पर जा गिरा जिससे नीचे दबने से चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

क्षेत्र के गंगदासपुर जट्ट गांव निवासी 34 वर्षीय संजीव उर्फ काला पुत्र पहल सिंह त्रिवेणी शुगर मिल में गन्ना डालकर वापस लौट रहा था। सवेरे पांच बजे वापस लौटते समय जब संजीव तल्हेड़ी बिजलीघर के समीप पहुंचा तो पीछे से आए तेज गति ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें ट्रैक्टर पलट लिया। इसके नीचे दबने से संजीव की मौत पर ही मौत हो गई। राहगीरों से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर के नीचे दबे शव को बाहर निकलवाया। जानकारी मिलने पर उसके परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस का कहना है कि घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। चालक के बारे में जानकारी कराई जा रही है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिग औलाद का फितरा अदा करना वाजिब है: गोरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलीम.ीन की ओर से चलाई जा रही हेल्पलाइन पर शनिवार को भी बड़ी संख्या में रोजेदारों ने शरीयत से संबंधित अपने सवालों के जवाब हासिल किए। एक सवाल पर उलमा ने कहा कि सदका-ए-फितर ईद से पहले अदा करना चाहिए। ताकि गरीब और जरूरतमंद लोग भी ईद की खुशियों में शामिल हो सकें।

प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि सदका-ए-फितर हर उस मुसलमान पर वाजिब है जो साहिब-ए-निसाब हो। इसका मकसद यह है कि समाज में आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी ईद का जश्न मना सकें और उनकी जरूरतें पूरी हो जाएं। इसलिए इसे ईद की नमाज से पहले अदा करना सबसे बेहतर है।

सवाल: सहारनपुर के आमिर ने पूछा कि अगर किसी की जकात पूरी अदा नहीं हो पाई और रमजान खत्म होने वाला है तो क्या वह ईद के बाद इसे अदा कर सकता है।

जवाब: शरीयत के अनुसार जकात अदा करने के लिए कोई निश्चित समय नहीं है, लेकिन इसे जितनी जल्दी अदा किया जाए उतना बेहतर है। क्योंकि जकात गरीबों और जरूरतमंदों का हक है।

सवाल : देवबंद के अनस ने पूछा कि क्या सदका-ए-फितर सिर्फ गेहूं, जौ या खजूर में ही दिया जा सकता है या इसकी कीमत पैसे में भी दी जा सकती है।

जवाब: शरीयत में है कि सदका-ए-फितर गेहूं, जौ, खजूर, किशमिश या इसकी कीमत के बराबर पैसे देकर भी अदा किया जा सकता है। आजकल पैसे में देना ज्यादा मुफीद (फायदे वाला) होता है। ताकि जरूरतमंद अपनी आवश्यकताओं के अनुसार इसका उपयोग कर सके।

सवाल: मुजफ्फरनगर के तनवीर ने पूछा कि क्या मर्द अपनी बीवी और बालिग औलाद का सदका-ए-फितर अदा कर सकता है।

जवाब: मर्द पर केवल अपनी नाबा. लिग औलाद का सदका-ए-फितर अदा करना वाजिब है। बालिग औलाद और पत्नी को अपना सदका-ए-फितर खुद अदा करना चाहिए। अगर पति अपनी खुशी से पत्नी और बालिग औलाद का सदका-ए-फितर अदा कर दे और वे इसकी इजाजत दे दें तो यह सही होगा।

सवाल: मेरठ के अरमान ने पूछा कि अगर किसी को ईद के दिन ही सदका-ए-फितर अदा करने का



मौका मिले तो क्या वह कर सकता है?

जवाब: हां, अगर किसी कारणवश सदका-ए-फितर ईद से पहले अदा नहीं कर सका तो वह ईद के दिन भी अदा कर सकता है। लेकिन सबसे बेहतर यह है कि इसे ईद की नमाज से पहले अदा कर दिया जाए ताकि गरीब और जरूरतमंद लोग भी ईद की खुशियों में शामिल हो सकें।

## ईद की नमाज का समय

ईदगाह 7.30 बजे
मस्जिद रशीद 7.45
जामा मस्जिद 8.00
मस्जिद कदीम 6.30 बजे
अतियाबुल मस्जिद 7.00 बजे अदा की जायेगी

# दारुल उलूम ने की ईद की नमाज सड़कों पर न अदा करने की अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** विश्व प्रसिद्ध इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम के नायब मोहतमिम मौलाना अब्दुल खालिक मद्रासी ने मुसलमानों से ईद-उल-फितर की नमाज सड़कों पर अदा न करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी को कानूनी पाबंदियों का ख्याल रखना चाहिए।

दारुल उलूम की ओर से शनिवार को जारी अपील में नायब मोहतमिम मौलाना अब्दुल खालिक मद्रासी ने कहा कि ईदु-उल-फितर खुशियों का दिन होता है। इस दिन को अल्लाह ने मुसलमानों को रमजान के रोजे रखने के लिए इनाम के रूप में दिया है। उन्होंने कहा कि सभी लोग ईद की नमाज अदा करने के लिए कम से कम 15 मिनट पहले ईदगाह और मस्जिदों में पहुंच जाएं और कानूनी पाबंदी का लिहाज रखते हुए आम रास्तों पर नमाज अदा करने से परहेज करें।

# गुलदार का पिता-पुत्र पर हमला

## वन विभाग से गुलदार पकड़ने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** तहसील चांदपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में एक बार फिर से गुलदार के हमलों को लेकर ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है और अब फिर से चिंता सताने लगी है।

गत दिवस ग्राम चौंधेरी में आदमखोर गुलदार ने फिर किसानों पर तीसरी बार हमला कर दिया। हमले में पिता व पुत्र दोनों बुरी तरह घायल हो गए। गुलदार के इस हमले को लेकर ग्राम चौंधेरी के आसपास के गांव में भय का माहौल बना हुआ है। बच्चे, बूढ़े व महिला घरों से नहीं निकल पा रहे हैं। गुलदार के हमले में घायल किसान करतार सिंह व राहुल दोनों को सी.एच.सी स्याऊ में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। ग्रामीणों की माने तो ग्राम चौंधेरी में 27 फरवरी को खेत पर चारा लेने गई एक महिला पूनम देवी को गुलदार ने अपना निवाला बनाते हुए मौत के घाट उतार दिया था। उसके बाद 27 मार्च को गुलदार ने गांव के ही दो किसानों पर हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया था। और इसी क्रम में आज फिर 29 मार्च को अपने खेत पर काम कर रहे पिता व पुत्र दोनों पर गुलदार ने हमला कर दिया। हमले में पिता व पुत्र दोनों बुरी तरह घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी स्याऊ में भर्ती कराया गया है।



गांव में नरभक्षी गुलदार का आतंक मचा हुआ है। ग्रामीण जंगल जाने से घबरा रहे हैं। ग्राम चौंधेरी के लोगों के साथ -साथ आसपास के ग्रामीणों में भी भय का माहौल बना हुआ है। यदि ठीक प्रकार से देखा जाए तो वन विभाग भी गुलदार को पकड़ने में नाकाम साबित होता नजर आ रहा है। हालांकि वन विभाग द्वारा कई जगह पर जाल लगाकर गुलदारों को पकड़ा भी जा चुका है। लेकिन एक सप्ताह में लगातार गुलदार के तीन हमले ग्रामीणों को भय के साये से उबरने नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार संभावित क्षेत्र में जाल बिछाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है।

# समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का आह्वान

**देवबन्द।** गुर्जर समाज की आयोजित पंचायत में समाज मे फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए समाज के लोगो से आहवान करने के साथ ही पंचायत में निर्णय लिया गया कि अब समाज के विवाह समारोह में डीजे बजाने के साथ फिजूलखर्ची पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने पर सहमति बनी।

उत्तराखण्ड बार्डर से सटे देवबंद तहसील के गांव चोंदाहेड़ी में रमेश पंवार के निवास पर आयोजित गुर्जर समाज की पंचायत में जनपद समेत उतराखंड क्षेत्र के भी गुर्जर समाज के लोग शामिल हुए। पंचायत में समाज मे फैली कुरी. तियों पर चर्चा की गई। लंबी चली पंचायत में निर्णय लिया गया अब समाज में होने वाले विवाह समारोह में जहां डीजे नहीं बजाया जाएगा वहीं फिजूलखर्ची को भी प्रतिबंधित किया गया। हालांकि पूर्व की पंचायत में मंढा भोज में दाल-चावल बनाने सहित पांच मुद्दों पर मोहर लगी थी। पंचायत में राजसिंह, सचिन सलेमपुर, परविंदर मिरगपुर, मा. यशपाल, मदन, कृष्ण, कल्याण सिंह, बिट्टू लंबरदार, सेठपाल, संदीप और रविंद्र आदि ने बच्चों को शिक्षित करने, दहेज प्रथा पर रोक, नशा मुक्ति और कम बरात ले जाने आदि मुद्दों पर अपने प्रस्ताव रखे। वक्ताओं ने कहा कि शादी समारोह में फिजूलखर्ची के कारण समाज का गरीब वर्ग परेशान है और आर्थिक तंगी झेल रहा है। पंचायत की अध्यक्षता अनूप सिंह और संचालन अनिल सिंह ने किया। इस दौरान सहेंद्र प्रधान, पदम् सिंह, मनोज पंवार, ओमपाल मुखिया, अमित शिवपुर, कृपाल सिंह और मदन सिंह सहित गुर्जर समाज के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मासूम अरीब अंसारी ने रखा पहला रोज़ा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** वाजिद अंसारी के 7 वर्षीय बेटे अरीब अंसारी ने पहला रोजा रखने से परिवार में खुशी माहोल है।

मुकद्दस माह ए रमजान में मासूम बच्चो के रोजा रखने का सिलसिला जारी हैं शुक्रवार को वाजिद अंसारी के 7 वर्षीय पुत्र अरीब अंसारी ने बिना सहरी खाये 27वां रोजा रखा मासूम बच्चे के रोजा रखने से परिजनो व रिशतेदारो में खुशी का माहोल हैं। परिजनो व रिशतेदारो ने मासूम बेटे अरीब अंसारी के साथ रोजा इफतार किया। इस खुशी के मौके पर जाहिद अंसारी, महबूब अंसारी, मौहम्मद शाहिद, मौहम्मद साजिद, सनान अंसारी, मौहम्मद अदि आदि परिजन व रिशतेदार शामिल रहे।

# क्रिसेंट में जूनियर वर्ग का परीक्षा परिणाम घोषित

शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** मुस्लिम फंड बसी किरतपुर द्वारा संचालित क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में जूनियर वर्ग का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें विद्यालय ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की।

इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मेधावी छात्रों को ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक इंचार्ज शहजाद खान ने कक्षा 8 की छात्रा मरयम जहाँ को पूरे वर्ष 100 प्रतिशत उपस्थिति बनाए रखने के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया।

समारोह में विद्यालय के प्रबंधक मुंशी हसीनुद्दीन, उप प्रबंधक मरगूब अहमद और प्रधानाचार्य नदीम बख्त



उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सारिम फरहत ने किया। शैक्षणिक इंचार्ज शहजाद खान ने मेधावी छात्रों की प्रशंसा करते हुए उनके परिश्रम और समर्पण की सराहना की। जबकि प्रधानाचार्य नदीम बख्त ने सभी छात्रों को अच्छे अंक लाने और निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय के प्रबंधक मुंशी हसीनुद्दीन ने कहा कि क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में कम फीस में उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान की जा रही है

और नए सत्र के लिए कक्षा नर्सरी से कक्षा 9 तक के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन ने विद्यालय के समस्त कर्मचारियों को ईद की मुबारकबाद देते हुए उपहार भी वितरित किए।

# चौकीदार के बेटे ने फांसी लगा कर जान दी

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम नवादा केशो निवासी उदयराज सैनी सिंह पैलेस बैंकट हॉल मैं चौकीदारी का काम करता है। उदयराज सैनी अपनी पत्नी और अपने पुत्र के साथ बैंकट हॉल में ही रहता था। शुक्रवार को चौकीदार व उसकी पत्नी जंगल में खेत में पानी लगाने चले गए। इसी बीच उदयराज सैनी का पुत्र उम्र करीब 24 वर्ष अमित कुमार ने बैंकट हॉल में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब चौकीदार वापस सिंह पैलेस आया तो देखा कि उसका पुत्र मृतक अवस्था में लटका हुआ है। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने डेड बॉडी उतारी और पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

**बुढ़नपुर।** श्री साईं इण्टर कॉलेज रुपपुर का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए तथा बच्चों द्वारा काफी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक प्रमोद त्यागी, निदेशक राहुल कुमार प्रधानाचार्य प्रियंका कुमारी, शोभित त्यागी आदि के द्वारा मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित प्रबंधक प्रमोद त्यागी ने बच्चों से कहा कि मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करें। कार्यक्रम में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें प्रथम स्कूल टॉपर कक्षा 8 की छात्रा विदिशा चौहान ने 98.35 % द्वितीय स्कूल टॉपर कक्षा 8 की छात्र निखिल कुमार ने 95.65% एवं तृतीय स्कूल टॉपर कक्षा 7 का छात्र अंश ने 95.20% अंक प्राप्त कर स्कूल का एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया। तथा प्रथम टॉपर विदिशा चौहान को 2100 रुपए, द्वितीय टॉपर निखिल कुमार को 2100 रुपए एवं तृतीय टॉपर अंश को 500 रुपए का चेक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका मोनिका कुमारी एवं कोमल कुमार ने किया।

# निष्पक्ष जांच के लिए पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन

**शेरकोट।** नगर के पत्रकारों ने एक ज्ञापन थाना अध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुमार को देते हुए बताया कि दैनिक समाचार पत्र के सम्पादक द्वारा जिला मुख्यालय पर प्रेस वार्ता के दौरान मण्डावर में अवैध कालोनियों के फैले कारोबार के सम्बन्ध में आवाज बुलन्द कर इसकी शिकायत कार्यक्रम में उपस्थित मन्त्री जी से की थी, जिससे खफा होकर अवैध रूप से कालोनी काटने वाले मण्डावर के कॉलोनाईजरों ने सम्पादक आजम आदिल के खिलाफ झूठा शिकायती पत्र दे दिया है, जिसमें रुपये के लेन देन का झूठा आरोप लगाया गया है। सभी पत्रकारों ने निष्पक्ष जांच करने की मांग की। इस दौरान पत्रकार डा. शाहनवाज, अमिष रस्तोगी, शकाफत एस भारती, सुहैल इदरीसी, मास्टर अकील, शराफत कस्सार, अरमान सैफी, अनीस खान, अबरार मंसूरी, विजय वर्मा, खालिद खान, सुशील उर्फ सोनू, इन्तजार मंसूरी, सुमित वर्मा, गुफरान राजा, अदनान राईन, शाहरूख मलिक, पण्डित कृष्ण कुमार, इमरान अहमद आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

# शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव के स्वागत की तैयारी के लिए बैठक



शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** शिव सेना पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की एक बैठक बसंती देवी धर्मशाला में शिवसेना के प्रदेश उप प्रमुख पंडित नरेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में एवं जिला महासचिव सुरेंद्र चौधरी के संचालन में हुई।

बैठक में पंडित नरेश कुमार शर्मा ने कहा कि शिवसेना उत्तर प्रदेश में तेजी से आगे बढ़ रही है जिसे देखते हुए शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख महाराष्ट्र उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के दिशा निर्देश पर 4 अप्रैल को मुरादाबाद में महाराष्ट्र से शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अडसूल पहुंच रहे हैं जो शिव सैनिकों को संबोधित करेंगे। शिव सेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा कि बिजनौर से बड़ी संख्या में सभी शिवसैनिक शिवसेना क्षेत्रीय कार्यालय ग्राम बागडपुर में एकत्रित होकर 4 अप्रैल को मुरादाबाद के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां सभी अपने प्रिय नेता का स्वागत करेंगे। बैठक में मुक. ेश लांबा, रितुल शर्मा, कृष्ण मोहन, अशोक कुमार, शंकर, अक्षित शर्मा, संदीप बिल्ला, सोनू, जतिन कुमार, राहुल आदि शिव सैनिक उपस्थित रहे।

# सपा सांसद का पुतला फूंका



**धामपुर।** ग्राम हुसैनपुर पुराना धामपुर मे चौक पर राजपूत समाज ने सपा सांसद रामजी सुमन द्वारा संसद भवन में दिये गये बयान की कड़े शब्दों मे घोर निंदा करते हुए उनकी संसद सदस्यता को तत्काल प्रभाव से निरस्त किये जाने की मांग करते हुए उनका पुतला फूंका। उन्होंने कहा कि सांसद रामजी सुमन सार्वजनिक रुप से माफी मांगे। समाज के लोगों ने उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उनका पुतला आग के हवाले कर दिया। पुतला फूँकने वालों मे अनिल कुमार राजपूत, गौरव कुमार, नभय चौहान, कामेन्द्र देवरा, पूर्व प्रधान मान सिह,समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, सतेंद्र सिंह, पंकज, राजेंद्र चौहान, सुरेशचंद देवरा आदि शामिल रहे।

# सुहाना और अनवर ने किया कॉलेज टॉप

**सहसपुर।** स्थानीय पब्लिक इंटर कॉलेज सहसपुर के वार्षिक परीक्षा परिणाम किए घोषित। पब्लिक इंटर कॉलेज के परीक्षा प्रभारी आलिम खां ने बताया कि अनवर अकरम ने कक्षा 6 में 1600 में से 1336 अंक प्राप्त कर अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# अभिकान्त ने किया विद्यालय टॉप

**धामपुर।** रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 6, 7, 8, 9 व 11 के कुल 800 छात्र इस परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें 97.29 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। कक्षा 6 के छात्र अभिकान्त ने 97.15% अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रूद्र प्रताप कक्षा 9 के छात्र ने दूसरा तथा इसी कक्षा के छात्र सूर्यांश सैनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**NOTICE**

I SHEELA W/o No-6606123, W/o EX HAV (LATE) RUP CHAND RESIDING AT, KAKRALA NAKUR SAHARANPUR (UP) DO HEREBY SOLEMNLY AFFIRM AND DECLARE THAT MY NAME AND DATE OF BIRTH IN THE RECORDS OF MY HUSBAND IS WRONG. CORRECT NAME IS SHEELA AND DATE OF BIRTH IS 01-01-1952.

# शैक्षिक सत्र के समापन पर कार्यक्रम

**धामपुर।** पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय मिलक जहांगीराबाद वि क्षेत्र अलहैपुर में शैक्षिक सत्र के समापन के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय द्वारा वर्ष भर में आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रकार की गतिविधियों, प्रतियोगिताओं जैसे पतंग बनना प्रतियोगिता, मिट्टी के कार्य प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, सुलेख प्रतियोगिता, हिंदी अंग्रेजी स्पेलिंग प्रतियोगिता, श्रुतलेख प्रतियोगिता, कविता लेखन प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागी छात्र छात्राओं को सम्मान पत्र प्रदान किए गए। साथ ही कक्षा में वर्ष भर 100% उपस्थित रहने वाले छात्रों को भी सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्षा अफसाना खातून शबनम ग्राम प्रधान, ज्योति प्रकाश गहलौत, अभयवीर सिंह, चंद्रभान प्रसाद, पूनम चौहान, नीरज, कुलजीत, निगार सुल्तान, होशियारी देवी, तरन्नुम खातून, जायदा खातून आदि मौजूद रहे। प्रधान अध्यापक अभिषेक भारद्वाज द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ आगामी सत्र में शत प्रतिशत नामांकन हेतु अभिभावकों से विनम्र अपील की गई।

# छात्रों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित



**स्योहारा।** नगर के इकरा पब्लिक जूनियर हाईस्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित होने पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। शनिवार को विधालय परिसर में कक्षा नर्सरी में प्रथम अल्फैज, द्वितीय यश, तृतीय सायमा, केजी में प्रथम अरीब, द्वितीय जोया, तृतीय जजा व राधिका कक्षा एक में प्रथम बुशरा, द्वितीय अदनान व तृतीय साइम कक्षा दो में प्रथम सारिका, द्वितीय हुमैरा, तृतीय दानिश को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जूनियर में भी उच्च अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# वार्षिक परीक्षाफल घोषित, मेधावी किए सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहारनपुर।** छिंपियान स्थित न्यू लिटिल एंजल्स पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया गया स्कूल के प्रबन्धक मौ सलमान ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विभिन्न कक्षाओं में विधार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए और साथ ही Best parents award भी दिए गए नेबीया सोनू ने पुरे स्कूल मे 98.9 प्रतिशत जवच से किया। कार्मक्रम का संचालन सना प्रवीन व अलीसा अंसारी मौ. फरहान अनसारी अध्यापकगण मौजूद रहे।

# राजस्थान को स्पिन के जाल में फंसाने उतरेगी सीएसके

## आईपीएल-2025

● सीएसके की स्पिन जोड़ी नूर और जडेजा खराब फॉर्म में चल रही आरआर की बल्लेबाजी लाइनअप के खिलाफ अहम भूमिका निभा सकती है

**गुवाहटी, वार्ता।** बरसापारा की धीमी मानी जाने वाली पिच पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की स्पिन तिकड़ी रविवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बल्लेबाजों को दवाब में लाने की रणनीति के साथ मैदान पर उतरेगी।

आईपीएल 2025 का 11 वां मैच रविवार शाम 7:30 बजे में यहां खेला जायेगा। पिच के टर्न के अनुकूल होने की उम्मीद के बीच सीएसके की स्पिन जोड़ी नूर अहमद और रवींद्र जडेजा खराब फॉर्म में चल रही आरआर बल्लेबाजी लाइनअप के खिलाफ अहम भूमिका निभा सकती हैं। सीएसके ने इस सीजन की मिश्रित शुरुआत की है, उसने मुंबई इंडियंस को एक शानदार जीत से चैंका दिया था, लेकिन चेपक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उसे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, आरआर ने शुरुआती दोनों मैच हारकर खुद को मुश्किल में पाया है और फॉर्म में वापसी की कोशिश कर रही है। आमने-सामने की स्थिति में, सीएसके 29 मुकाबलों में 16 जीत के साथ थोड़ा आगे है। हालांकि, हाल के वर्षों में आरआर का दबदबा रहा है, जिसने 2020 से पांच बार की चैंपियन के खिलाफ अपने पिछले आठ मैचों में से छह जीते हैं। नूर अहमद सीएसके के ट्रम्प कार्ड के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने अब तक दोनों मैचों में महत्वपूर्ण प्रहार किए हैं। उनकी विविधता और स्पिन के अनुकूल ट्रैक पर पनपने की क्षमता उन्हें एक बड़ा खतरा बनाती है। उधर, हमेशा भरोसेमंद रहने वाले रवींद्र जडेजा रन रोकने और बीच के ओवरों में साझेदारी तोड़ने में महत्वपूर्ण होंगे। संजू सैमसन समेत आरआर के शीर्ष क्रम के साथ उनका द्वंद्व मुकाबले को दिलचस्प सकता है। सीएसके के मिस्ट्री स्पिनर महेश दीक्षाणा एक निराशाजनक शुरुआत के बावजूद पावरप्ले में नुकसान पहुंचाने के लिए सक्षम हैं। गुवाहाटी की धीमी सतह पर उनकी कैरम बॉल एक महत्वपूर्ण हथियार हो सकती है। आरआर की किस्मत यशस्वी जायसवाल पर निर्भर हो सकती है, जो 2023 से 160-4 की स्ट्राइक रेट से 1060 रन बनाकर उनके स्टैंडआउट बल्लेबाज रहे हैं। पावरप्ले में उनकी धमाकेदार शुरुआत सीएसके को शुरुआत में ही बैकफुट पर ला सकती है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 37 गेंदों पर 66 रनों की तूफानी पारी खेलने वाले कप्तान संजू सैमसन एक बार फिर आगे से नेतृत्व करने के लिए उत्सुक होंगे। सीएसके के लिए रचिन रवींद्र ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच जीतने वाली 65 रनों की पारी खेलकर पहले ही अपनी क्लास दिखा दी है और वह शीर्ष क्रम में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे। हालांकि, सीएसके के मध्य क्रम की असंगतता चिंता का विषय बनी हुई है। बरसापारा ट्रैक पारंपरिक रूप से धीमे गें. दबाजों के अनुकूल रहा है, जिसमें स्पिनर 7-8 रन प्रति ओवर की इकॉनमी बनाए रखते हैं। मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 173 रहा है, जबकि लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने औसतन 158 रन बनाए हैं।

## केएल राहुल की मौजूदगी देगी दिल्ली कैपिटल्स को ताकत



○ दिल्ली ने लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में आखिरी ओवन में जीत के साथ अभियान की शुरुआत की

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** केएल राहुल की मौजूदगी से दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी को रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ खेले जाने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में मजबूती मिलने की संभावना है।

दिल्ली ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ पिछले मैच के आखिरी ओवर में रोमांचक जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी। आशुतोष शर्मा (31 गेंदों पर 66 नाबाद) और विप्रज निगम (15 गेंदों पर 39) की दमदार बल्लेबाजी की बदौलत टीम ने एक विकेट शेष रहते 210 रन का लक्ष्य हासिल किया था। हालांकि डीसी के लिए उसका शीर्ष और मध्य क्रम चिंता का सबब बना हुआ है। एलएसजी के खिलाफ जेक फेजर-मैकगर्क, फाफ डु प्लेसिस और अभिषेक पोरेल संघर्ष करते नजर आए थे वहीं मिशेल स्टार्क, कुलदीप यादव और मोहित शर्मा एसआरएच के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ शुरुआती बढ़त बनाने का लक्ष्य रखेंगे। दूसरी ओर, हैदराबाद ने अपने सीजन की शुरुआत राजस्थान रॉयल्स पर शानदार जीत के साथ की, लेकिन अपने दूसरे मैच में लखनऊ के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। ट्रैविस हेड (28 गेंदों पर 47 रन) के शानदार प्रयास के बावजूद, एसआरएच केवल 190/9 रन ही बना सका, जिसे एलएसजी ने आसानी से हासिल कर लिया। एसआरएच टूर्नामेंट में सबसे आक्रामक बल्लेबाजी लाइनअप में से एक है, जिसमें अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन और अनिकेत वर्मा से अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। हालांकि, उनकी गेंदबाजी चिंता का विषय बनी हुई है, जिसमें सिमरजीत सिंह और एडम ज़म्पा फॉर्म में नहीं हैं। कप्तान पैट कमिंस और वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को डीसी के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए कदम बढ़ाना होगा। विशाखापत्तनम की पिच ने हाल के मैचों में हाई स्कोर की प्रवृत्ति दिखाई है, जिसमें 200 से अधिक स्कोर का सफलतापूर्वक पीछा किया गया है। स्पिनरों का प्रभाव पड़ने की संभावना है, साथ ही मैच के अंतिम चरणों में गेंद के नीचे रहने की उम्मीद है। दोनों टीमों के पास मजबूत बल्लेबाजी होने के कारण, उच्च स्कोरिंग मुकाबला होने की संभावना है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## टूर्नामेंट में हमारा अनुभव रहा शानदार: पूजा

**रांची, वार्ता।** राष्ट्रीयि महिला हॉकी लीग 2024-25 के अंतिम चरण का खिताब जीतने वाली हॉकी हरियाणा की कप्तान ने टीम के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि टूर्नामेंट में उनका अनुभव शानदार रहा है। हॉकी हरियाणा ने झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ पर एक करीबी मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को 3-2 से हराकर राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 के अंतिम चरण का खिताब जीता है। चार जीत, दो हार और एक शूटआउट जीत के साथ, हॉकी हरियाणा ने सात मैचों में 15 अंक दर्ज किए और पूल चरण को तालिका में शीर्ष पर समाप्त किया। ओडिशा हॉकी एसोसिएशन ने भी 18 गोलों के साथ समान अंक प्राप्त किए, हालांकि हॉकी हरियाणा का गोल अंतर बेहतर रहा। सुप्रिया और सावी ने हॉकी हरियाणा के लिए शानदार प्रदर्शन किया, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में चार-चार गोल किए। कप्तान पूजा मलिक ने भी शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने आगे बढ़कर तीन गोल किए। फाइनल में, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के लिए अहल्या लाकड़ा (8') ने पहला गोल किया, लेकिन हॉकी हरियाणा के लिए काजल (12', 22') ने दो गोल किए, इसके बाद सावी (44') ने एक गोल करके जीत सुनिश्चित की।

## ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करेंगी दारिया कसात्किना

**दुबई, वार्ता।** स्थायी निवास के लिए आवेदन को स्वीकार किए जाने के बाद रूसी मूल की टेनिस खिलाड़ी दारिया कसात्किना अब ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करेंगी। रूस के एलजीबीटीक्यू+ नियमों की आलोचना करने वाली और यूक्रेन में युद्ध का विरोध करने वाली 27 वर्षीय दारिया कसात्किना फिलहाल दुबई में रह रही हैं और पिछले ढाई साल से रूस नहीं लौटी हैं।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने उन्होंने इस बात का खंडन किया था कि डब्ल्यूटीए टूर ड्रॉ समारोह में उनके नाम के आगे इस्तेमाल किए गए झंडे में गड़बड़ी के बाद उन्होंने स्पेन की नागरिकता ले ली है। आठ एकल खिताब जीतने वाली दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ऑस्ट्रेलिया एक ऐसी जगह है जिसे मैं प्यार करती हूं, यह एक ऐसी जगह है जहां मैं पूरी तरह से घर जैसा महसूस करती हूं। मुझे मेलबर्न में रहना पसंद है और मैं वहां अपना घर बनाने के लिए उत्सुक हूं। उन्होने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि मैं अब से अपने पेशेवर टेनिस करियर में अपनी नई मातृभूमि ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करूंगी। जाहिर है, इस निर्णय के कुछ हिस्से ऐसे हैं जो आसान नहीं रहे हैं।

## जडेजा के नाम अनोखा डबल रिकॉर्ड



3000 रन और 150 प्लस विकेट लेने वाले इकलौते खिलाड़ी बने

**चेन्नई, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 17 साल बाद चेन्नई सुपर किंग्स को उन्हीं के होमग्राउंड चेपाक में हराया। टीम को 2008 में आखिरी जीत मिली थी। आरसीबी ने 196 रन बनाए, जवाब में सीएसके 146 रन ही बना सकी। बेंगलुरु ने 50 रन से मैच जीत लिया।

सीएसके के विकेटकीपर एमएस धोनी ने 0.16 सेकेंड में स्टंपिंग की। आरस. ीबी के कप्तान रजत पाटीदार के 3 कैच छूटे। रवींद्र जडेजा आईपीएल में 3000 रन और 150 प्लस विकेट लेने वाले इकलौते खिलाड़ी बने। चेन्नई सुपर किंग्स को पहला विकेट विकेटकीपर एमएस धोनी की बहुत तेज स्टंपिंग के चलते मिला। 5वें ओवर की आखिरी बाल नूर अहमद ने आफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फेंकी। साल्ट कवर ड्राइव खेलने गए, लेकिन मिस कर गए। धोनी ने बाल कलेक्ट की और साल्ट का पैर क्रीज में आने से पहले ही गिल्लियां उड़ा दीं। उन्होंने 0.16 सेकेंड में स्टंपिंग की। फिल साल्ट 32 रन बनाकर आउट हुए। धोनी ने मुंबई के खिलाफ टीम के पहले मैच में भी इसी तरह की तेज स्टंपिंग की थी। तब उन्होंने सूर्यकुमार यादव को पवेलियन भेजा था। 11वें ओवर में मथीश पथिराना की बाउंसर विराट कोहली के हेलमेट पर लगी। विराट पुल शाट खेलने गए, लेकिन गेंद मिस कर गए। फिजियो मैदान में आए और कोहली को चेक करने लगे। विराट ने कुछ देर बाद बैटिंग शुरू की और अगली ही गेंद पर छक्का लगा दिया। बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार को 3 जीवनदान मिले। दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी और खलील अहमद ने 8 गेंद के अंदर रजत के 3 कैच छोड़े। इसके बाद उन्होंने 51 रन की पारी खेली। 12वें ओवर की तीसरी बाल रवींद्र जडेजा ने गुड लेंथ पर फेंकी। पाटीदार ने शाट खेला, लेकिन गेंद लान्ग आफ पर खड़ी हो गई। हुड्डा तेजी से बाल के नीचे आए, लेकिन कैच नहीं पकड़ सके। पाटीदार इस वक्त 17 रन पर थे। 13वें ओवर की पहली बाल नूर अहमद ने आफ स्टंप के बाहर फेंकी। पाटीदार ने बड़ा शाट खेला, लेकिन गेंद कवर्स पोजिशन पर खड़ी हो गई। त्रिपाठी ने डाइव लगाई, लेकिन मुश्किल कैच नहीं पकड़ सके। पाटीदार इस वक्त 19 रन पर थे। 13वें ओवर की पांचवीं बाल नूर अहमद ने फुलर लेंथ फेंकी। पाटीदार ड्राइव करने गए, लेकिन बाल थर्ड मैन की ओर खड़ी हो गई। खलील अहमद ने डाइव लगाई, लेकिन कैच छूट गया। पाटीदार इस वक्त 20 रन पर थे। 20वें ओवर में बेंगलुरु के टिम डेविड ने सैम करन के खिलाफ लगातार 3 छक्के लगाए। करन ने ओवर की शुरुआती 2 गेंदें डाट करा दीं। डेविड ने तीसरी बाल पर लान्ग लेग, चौथी गेंद पर सामने और पांचवीं गेंद पर लान्ग आन की दिशा में छक्का लगा दिया। उन्होंने 8 गेंद पर 22 रन बनाए। बेंगलुरु के जोश हेजलवुड ने अपने पहले ही ओवर में 2 विकेट झटक लिए। उन्होंने दूसरे ओवर की दूसरी गेंद बाउंसर फेंकी।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में पाकिस्तान को शिकस्त

■ मार्क चैपमैन ने 132 और डेरिल मिचेल ने 76 रनों की पारी खेली

**नेपियर, वार्ता।** मार्क चैपमैन (132) और डैरिल मिचेल (76) के बीच 199 रन की भागीदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ पहले एक दिवसीय मैच में 73 रनों की बड़ी जीत दर्ज की।

मैकलीन पार्क में बल्लेबाजी करने उतरी मेजबान टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 344 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 44-1 ओवरों में 271 रनों पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड की जीत में बल्लेबाजों का अहम योगदान रहा। शुरुआती तीन विकेट मात्र 50 रन पर गिरने के बाद मेजबान टीम के दवाब में आने की संभावना दिखने लगी थी मगर चैपमैन और मिचेल ने आक्रामक रवैया अख्तियार किया और पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ते हुए मैदान के चारों ओर कई आकर्षक शाट खेले। पारी के 42वें ओवर में इरफान खान की गेंद पर आउट होने से पहले मिचेल चार चौके और इतने ही छक्के लगा चुके थे। दूसरे छोर पर चैपमैन ने पाकिस्तानी गेंदबाजों पर कोई रहम नहीं बरता हालांकि वह भी जल्दी आउट होकर पवेलियन लौट गए। चैपमैन ने अपनी शतकीय पारी में 111 गेंद खेलकर 13 चौके और छह छक्के लगाये। जवाब में बाबर आजम (83 गेंदों पर 78 रन) की शानदार पारी और उस्मान खान (39), अब्दुल्ला शफीक (36), सलमान आगा (58) की बल्लेबाजी के बावजूद पाकिस्तान कीवी टीम के विशालकाय लक्ष्य को पाने में असफल रही।

## मियामी ओपन के फाइनल में नोवाक, 100वें खिताब के करीब

■ मैं टेनिस के उस बेहद जरूरी स्तर को खोजने की कोशि कर रहा हूं जो मुझे बड़ी ट्रॉफी दिलाएगा: जोकोविच

**फ्लोरिडा, वार्ता।** नोवाक जोकोविच ने ग्रिगोर दिमित्रेव को हराकर 2016 के बाद पहली बार मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया है और इसके साथ ही वह अपने 100वें एटीपी खिताब से मात्र एक कदम दूर रह गए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी 37 वर्षीय जोकोविच ने पहला सेट जीतने के लिए लगातार पांच गेम जीते। दिमित्रेव ने दूसरे सेट में खराब शुरुआत की और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने इसका फायदा उठाते हुए 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। जोकोविच ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में अपना 99वां खिताब जीतने के बाद मैं स्पेशल 100 खिताब जीतने की संभावना के साथ खेल रहा हूं। मैं टेनिस के उस बेहद जरूरी स्तर को खोजने की कोशिश कर रहा हूं जो मुझे एक बड़ी ट्रॉफी के लिए लड़ने की स्थिति में लाएगा। मैं टूर्नामेंट के लिए जिस तरह से तैयार हुआ हूं और जिस तरह से खेल रहा हूं, उससे मैं बहुत खुश हूं। मैंने एक भी सेट नहीं गंवाया है। उन्होंने कहा कि यह एक शानदार अवसर है। देखते हैं कि दो दिनों में क्या होता है। 14वीं वरीयता प्राप्त 33 वर्षीय दिमित्रेव के लिए हवा की स्थिति खेल की शुरुआत अच्छी रही, जिन्होंने जोको. विच की सर्विस पर पहला गेम जीता, लेकिन इसका फायदा नहीं उठा पाए । इस बीच दिमित्रेव को परेशान करने के लिए कुछ कहने पर एक प्रशंसक को बाहर निकाल दिया गया, जिसके बाद बुल्गारियाई खिलाड़ी ने दूसरे सेट की धीमी शुरुआत की। पिछले साल के परा. जित फाइनलिस्ट दिमित्रेव ने अपने तीन सर्विस गेम जीते, लेकिन जोकोविच बहुत अच्छे थे।

## तमीम ने शुभचिंतकों के प्रति व्यक्त किया आभार



● आप सभी की दुआओं की बदौलत मैं अब घर पर हूं: तमीम

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने उन शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया है जिन्होने बीमारी के मुश्किल समय में उनकी सला. मती की दुआ की। तमीम को सोमवार को दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद एंजियोप्लास्टी के लिए उन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उन्होने फेसबुक पर शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। जनवरी 2025 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बावजूद तमीम घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखे हुए हैं। वह ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग के मैच में शिनेपुकुर क्रिकेट क्लब के खिलाफ मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब की अगुआई कर रहे थे, जब टॉस के तुरंत बाद उन्हें बेचैनी महसूस हुई। शुरुआती उपचार के लिए उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी हालत बिगड़ गई और सोमवार को उन्हें एंजियोप्लास्टी सर्जरी के लिए ले जाया गया। तमीम को घटना के चार दिन बाद शुक्रवार को छुट्टी दे दी गई और उन्होंने मुश्किल समय में उनके साथ खड़े रहने वाले सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। अपने फेसबुक पेज पर बांग्ला में पोस्ट किए गए संदेश में तमीम ने कहा कि आप सभी की दुआओं की बदौलत मैं अब घर पर हूं। इन चार दिनों में मैंने अपने आस-पास के माहौल को समझा है और एक नई जिंदगी पाई है। इस अहसास में सिर्फ़ प्यार और कृतज्ञता है। मुझे अपने पूरे करियर में आपका प्यार मिला है। लेकिन अब मैंने इसे और भी ज़्यादा तीव्रता से महसूस किया है। मैं वाकई अभिभूत हूँ। उन्होंने चिकित्सा पेशेवरों, अस्पतालों, सहयोगी कर्मचारियों और उन व्यक्तियों के प्रति भी अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## ओलंपियन अंकिता ध्यानी ने जीता 3000 मीटर स्टीपलचेज का खिताब

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** ओलंपियन अंकिता ध्यानी ने शनिवार को अमेरिका के कैलिफोर्निया में आयोजित मैंग्रम आमंत्रण 2025 एथलेटिक्स मीट में महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज का खिताब जीता। इस इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, अंकिता ने 9:44-05 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकाला, जो आगामी एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के 9:48:48 के क्वालीफाइंग मार्क को आसानी से पार कर गया। पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में भाग लेने वाली अंकि. कता ने 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में भाग लिया है। 26 वर्षीय धावक ने राष्ट्रीय खेलों 2025 में दर्ज अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 9:53:63 सेकंड से लगभग नौ सेकंड कम समय लिया। हालांकि, कोरिया गणराज्य के गुमी में इस साल होने वाली एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम के लिए उनका चयन एएफआई के विवेक पर निर्भर है। मैंग्रम आमंत्रण में सोफी मैकमैनस ने 10:50:93 सेकंड के समय के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि हन्ना चाउ 10:58:98 सेकंड में तीसरे स्थान पर रहीं। अंकिता की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में यह तीसरी प्रतिस्पर्धी उपस्थिति थी। उन्होंने पटना में इंडियन ओपन यू 23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 में इस स्पर्धा में अपनी शुरुआत की थी, जहाँ वह विजयी हुई थीं। पारुल चौधरी ने बुडापेस्ट में 2023 में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 9:15:31 सेकंड के समय के साथ महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है।

### मनीषा ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**अम्मान, वार्ता।** भारत की मनीषा भानवाला ने शनिवार को यहां एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं के 62 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। मनीषा ने रोमांचक फाइनल में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया की ओक जे किम को 8-7 से हराकर 2021 के बाद महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत का पहला महिला फीस्टाइल कुश्ती स्वर्ण पदक हासिल किया। मनीषा ने अपने अभियान की शुरुआत तकनीकी श्रेष्ठता के जरिए कजाकिस्तान की टाइनिस दुबेक पर शानदार जीत के साथ की। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में कोरिया गणराज्य की हनबिट ली को हराया और सेमीफाइनल में गत चैंपियन किर्गिस्तान की कलमीरा बिलिमबेक काजी को 5-1 से हराया।

## गुजरात ने मुंबई को 197 का लक्ष्य दिया


● रोहित ने लगातार दो चौके मारे, सिराज ने अगली बॉल पर बोल्ड किया

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2025 के 9वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 197 रन का टारगेट दिया है। जवाबी पारी में मुंबई ने 8 रन पर पहला विकेट गंवा दिया हैं। रोहित शर्मा लगातार दो चौके मारकर आउट हुए। उन्हें मोहम्मद सिराज ने बोल्ड किया। 3 ओवर के बाद मुंबई का स्कोर 30/1 है। तिलक वर्मा और रियान रिकेल्टन क्रीज पर हैं।



अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुंबई ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 196 रन बनाए। साई सुदर्शन ने 41 बाल पर 63 रनों की पारी खेली। उन्होंने 4 चौके और दो छक्के लगाए। साई के अलावा, जोस बटलर ने 39 और शुभमन गिल ने 38 रन बनाए। कप्तान हार्दिक पंडया ने 2 विकेट झटके। ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, मुजीब उर रहमान और एस राजू को एक-एक विकेट मिला। रोहित शर्मा की जगह बल्लेबाजी करने आए तिलक वर्मा ने दूसरा ओवर डाल रहे कगिसो रबाडा के ओवर में लगातार 3 बाउंड्री लगाई। इनमें दो चौके और एक छक्का शामिल रहा। 197 रन चेज कर रही मुंबई इंडियंस ने पहले ओवर में विकेट गंवाया। रोहित शर्मा ने पहला ओवर डाल रहे सिराज पर लगातार दो चौके लगाए। फिर अगली बाल पर सिराज ने रोहित को बोल्ड कर दिया। गुजरात टाइटंस ने ईशांत शर्मा को इम्पैक्ट प्लेयर बनाया है। वे शेरफेन रदरफोर्ट की जगह मैदान पर आए हैं। गुजरात की पारी के आखिरी ओवर से 10 रन आए और 2 विकेट भी गिरे। पारी की आखिरी बाल पर साई किशोर रनआउट हुए। जबकि चौथी बाल पर राशिद खान पवेलियन लौटे। इस तरह गुजरात ने 196 रन बनाए। गुजरात ने लगातार तीसरी बाल पर विकेट गंवाया।रदरफोर्ट, राहुल तेवतिया और साई सुदर्शन आउट हुए। 19वें ओवर की दूसरी बाल पर शरफेन रदरफोर्ड (18 रन) को दीपक चाहर ने मिचेल सैंटनर के हाथों कैच कराया। 19वें ओवर की पहली बाल पर राहुल तेवतिया (शून्य) रनआउट हुए। उन्हें हार्दिक पंडया ने डायरेक्ट थ्रो पर आउट किया। 18वें ओवर की आखिरी बाल पर साई सुदर्शन (63 रन) को ट्रेंट बोल्ट ने एलबीडब्ल्यू किया। 16वें ओवर में गुजरात ने तीसरा विकेट गंवाया।

## रमजान मुबारक



तीसवां रोजा

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 4.46 |
| | शिया | 4.49 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.38 |
| | शिया | 6.53 |

**ना उसको किसी भी चीज की आवश्यकता है। ना उसका जन्म हुआ है ना उसको मृत्यु है। और ना कोई उसका समकक्ष है**

**कुरआन करीम**

# विद्युत विभाग के कार्यालयों में रखा जाएगा शिकायती रजिस्टर

## बिजनेस प्लान बनाने में अफसर जन प्रतिनिधियों के अनुभवों का लें लाभ: सभापति

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत जांच समिति ने विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये और कहा कि अधिकारी जनप्रति. निधियों के अनुभवों का लाभ उठाते हुए बिजनेस प्लान बनाने में सुझाव ले।

सर्किट हाऊस में सभापति दिनेश कुमार गोयल की अध्यक्षता एवं समिति के सदस्य विजय बहादुर पाठक, जितेन्द्र सिंह सैंगर, विधायक नकुड मुकेश चौधरी, जिलाधिकारी मनीष बंसल की उपस्थिति में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। समिति ने विगत 3 वर्षों में जिले में कितने ट्रांसफार्मर लगाये, कितने घंटे विद्युत कटौती हुई, कितनी लाइन लॉस हुई, कितने घरेलू विद्युत उपभोक्तओं को बिजली बिल संशोधित किए गए, विद्युत फाल्ट की कितनी शिकायतें आयी, जिसमें से कितनी का निस्तारण किया गया और कितनी अवशेष है। आदि बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों से जानकारियां प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश भी संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।



समिति ने समस्त संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत विभाग के सभी कार्यालयों में पब्लिक शिकायत से संबंधित रजिस्टर रखें जाएं ताकि शिकायतों के प्रति उत्तरदायित्व तय हो सके। आमजन की शिकायतों का निस्तारण सहज हो सके। सरकार की विद्युत संबंधी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए। विद्युत अधिकारीगण सभी जनप्रति. निधियों के फोन नंबर रखें। गलत मीटर रीडिंग लेने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही करें। सभी सब डिविजन ऑफिस में एक फलैक्स के माध्यम से विद्युत भार बढाने की प्रक्रिया का उल्लेख किया जाए तथा इसका भी अधिकतम प्रचार-प्रसार किया जाए। बुकलेट में उपलब्ध डाटा में तिथि का उल्लेख अवश्य किया जाए।

इस अवसर पर पूर्व विधायक संजय गर्ग, जिलाध्यक्ष भाजपा महेन्द्र सैनी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. अर्चना द्विवेदी, एसपी देहात सागर जैन, चीफ इंजीनियर राजेश कुमार, अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता विद्युत सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 68 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त, प्रधान सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत जनपद की 68 ग्राम पंचायतों के टीबी मुक्त होने पर उनके प्रधानों को सम्मानित किया गया।

आज दिल्ली रोड स्थित विकास भवन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जनपद की 2024 में टीबी मुक्त हुई 76 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को गाँधी की प्रतिमा और प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इनमें से पहली बार टीबी मुक्त हुई 68 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को काँस्य के रंग की प्रतिमा एवं 8 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को लगातार दो वर्षो तक टीबी मुक्त पंचायत रखने पर सिल्वर के रंग की प्रतिमा प्रदान की गयी। इस मौके पर निक्षय पोषण योजना में सहयोग के लिए आईटीसी के फाइनेंस हैड सौरभ चक्रवर्ती को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया एवं 100 दिवसीय टीबी अभियान में सहयोग करने के शिवालिक एक्स रे सेंटर छुटमलपुर और डिजिटल एक्स रे सेंटर एवं एनटीईपी के स्टॉफ मुकेश, परवेन्द्र, महेन्दर, आमिर, विक्रांत, तरुण, सचिन, राजेश, सूरज, संदीप, संजय, मंजीत के अलावा 'सी एच ओ' कशीश, नेहा, तबस्सुम, शिवानी, एशवर्या आशु, तंजिम, कीर्ति, मुद्दसीर, प्रेम, राहुल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा प्रवीण कुमार एवं जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक शर्मा ने प्रधानों का प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डा सर्वेश कुमार ने जनपद में टीबी विभाग की उपलब्धि बताते हुऐ टीबी मुक्त पंचायत करने की गाइडलाइन प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन क्षय रोग लैब पर्यवेक्षक एम. पी. सिंह चावला ने किया। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा कपिल देव, जिला मलेरिया अधिकारी शिवांका गौड, दिशा से संदीप, आई टी सी से पामिश एवं रिया भी उपस्थित रहे।

## मांस की दुकानों को बंद रखने की मांग

**नकुड़।** नवरात्री पर्व को लेकर विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ताओ ने अंडा मांस की दुकानों को 9 दिन बंद रखने को लेकर ज्ञापन दिया।

शनिवार को यहां विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष दिग्विजय त्यागी के नेतृत्व मे दर्जनों कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए उपजिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे। जहां उन्होंने नव रात्रि पर्व पर नगर व देहात क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को दरुस्त रखने के साथ अंडा मांस की दुकानों पर नो दिनों के लिए पूर्णतया प्रतिबंध लगाने की मांग की। उपजिलाधिकारी संगीता राघव ने ज्ञापन लेते हुए आवश्यक कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया। इस मोके पर जिला मंत्री संदीप चौधरी,आकाश चौधरी, अंजू त्यागी,रवि सैनी, भोपाल त्यागी,अंकित सैनी आशीष चौधरी शेखर शुभम कुमार उपस्थित रहे।

# पुरस्कार पाकर खिले मेधावी बच्चों के चेहरे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** साई पब्लिक स्कुल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

साई पब्लिक स्कुल की प्रधानाचार्य श्रीमती आरती चौहान ने छात्र छात्राओं को पुरुस्कार वितरित किये और शुभकामनाये देते हुए बच्चों के उज्ववल भविष्य की कामना की है। इस दौरान अध्यापिकाये निरिया, साक्षी, वैशाली, हिमानी, नेहा सिंह, आसिया, रजिया, अंजलि, महिमा, व आशु धीमान आदि उपस्तिथ रहे हैं।

# नुसरत ने उठाई व्यापारियों की समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष नुसरत साबरी ने व्यापारियों की समस्याओं को उठाते हुए उनके निस्तारण की मांग की।

कलैक्ट्रेट में आयोजित व्यापार बंधु की बैठक में नुसरत साबरी नेबेहट रोड पर ग्रीन सिटी में खंबों पर लाइट लगाकर चालू कराने, बागेश्वर मंदिर के सामने बनाये गये नाले को ठीक कराने, तोता चौंक पर रखा ट्रास्फारमर अन्य स्थान पर शिफ्ट कराने, शकलापुरी कालोनी मैं बिजली लाइन डलवाने, धोबी घाट के पास राघवपुरम कॉलोनी में सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराने, पुल खुमरान पर बना कूड़ा घर हटवाने तथा जीआईएस टैक्स सर्वे को निरस्त कराने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की इन समस्याओं का



शीघ्रता से शीघ्र समाधान जिला प्रशासन को कराना चाहिये।







# कलाम पाक पूरा होने पर कराई दुआ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** गांव पान्डौली की कदीम जामा मस्जिद में रमजान माह माह के आखरी असरे की शब मे कलाम पाक (तरावीह) मुकम्मल होने पर दुआ कराई गयी।

गांव की कदीम जामा मस्जिद में हाफिज मोहम्मद दानिश निहायत लगन व मेहनत से तरावीह में कलाम ए पाक पूरा कराया। समाअत का फर्ज कारी मोहम्मद तालिब व हाफिज मोहम्मद उमर ने बखूबी अंजाम दिया। हजरत मोहम्मद तय्यब ने रमजान माह की बरकत व कुरान ए पाक की फजीलत बयान की। उन्होने कहा कि यह महीना रहमतों, बरकतों का महीना है इसी माह में अल्लाह ने कुरान ए पाक को नाजिल किया। इस महिने में की जाने वाली इबादत दीगर महिनों में की जाने वाली इबादत से सत्तर गुना अफजल है। आखरी असरे की रातों में अल्लाह अपने बंदों के बहुत नजदीक हो जाते है। उन्होने कहा कि अपने गुनाहों को बख्शवाने के लिए कसरत से दुआ करे । अल्लाह तौबा करने वालों को जरूर माफ करते है।

इस दौरान उन्होने रो रोकर दुआ कराई। जिसमें मुख्य रूप से हाजी नन्हे मियां, आरिफ नंबरदार, मेजर फिरासत अली,तारिक अनवर, अकरम अली ,मुशर्रफ अली, मोहम्मद शमी,अमीर अहमद, नफीस अहमद, सिकंदर अली,राशिद प्रधान, मोहम्मद वारिस, नदीम अहमद सहित अनेक नमाजी शामिल रहे।

## तीन चोर दबोचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध असलाह एवं चोरी की घटना में प्रयुक्त औजार बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

थाना कुतुबशेर पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिंह व उपनिरीक्षक जयवीर सिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर चौकिंग के दौरन चोरी की घटना को अंजाम देने वाले तीन शातिर बदमाशों शरणवीर सिंह पुत्र चरणसिंह व प्रदीप कुमार ब्रह्मसिंह निवासीगण ग्राम थिरोट थाना रोहटा जिला मेरठ हाल निवासी शताब्दीनगर थाना परतापुर जिला मेरठ व वंश पुत्र संजय निवासी टावर वाली गली नूर नगर थाना लिसाड़ीगेट जिला मेरठ को नहर सड़क पटरी पर स्थित खंडहर बिल्डिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया।







## चोरों ने अध्याना गांव को बनाया अपना निशाना, थाने में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** बीती एक बार फिर चोरों ने अध्याना गांव को अपना निशाना बनाते हुए ग्राम प्रधान द्वारा लगवाई गई सोलर प्लेटें चोरी कर ली है। प्रधान व ग्रामीणों ने कोतवाली में जाकर हंगामा काटते हुए चोरी तहरीर देकर खुलासा करने मांग की है।

एक सप्ताह में दूसरी बार चोरों ने अध्याना गांव को अपना निशाना बनाते हुए तीन सोलर प्लेटें व अन्य सामान चोरी कर पुलिस प्रशासन को सवालों के कटघरे में खड़ा कर दिया। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए फिलहाल कोतवाली पुलिस बेबस नजर आ रही है। बतातें चलें कि बीते दिनों भी क्षेत्र में बाइक चोरी, नकुड़ ब्लॉक मुख्यालय के निकट से सोलर प्लेटें तथा अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया गया है। इसके अलावा दर्जनों घटनाओं को खोलने में नकुड़ पुलिस पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है।

जबकि पीड़ित व्यक्ति थानों के बार बार चक्कर काटकर स्वंय ही अपने घर बैठ जाता है। जिसके परिणाम स्वरूप आम जनता का पुलिस प्रशासन के ऊपर से विश्वास उठ रहा है। जबकि प्रदेश सरकार बार बार एलान कर रही है कि किसी भी थाना क्षेत्र में होने वाली आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए उनकी प्राथमिकी तत्काल दर्ज कराएं।

## खुले रहेंगे निगम के कैश काउंटर

**सहारनपुर।** टैक्स बकायादारों की सुविधा के लिए रविवार व ईद को भी नगर निगम का टैक्स विभाग व कैश काउण्टर हर रोज की तरह खोला जायेगा। नगरायुक्त संजय चौहान ने इस सम्बंध में निगम अधिकारियों को निर्देश दिए है।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संगीता गुप्ता ने बताया कि टैक्स बकायादारों को 31 मार्च तक टैक्स जमा करने की सुविधा उपलब्ध हो सके इसके लिए रविवार व ईद के अवकाश समय में भी आय से सम्बंधित अनुभाग गृहकर-जलकर, सम्पत्ति अनुभाग, अभिलेखागार, लेखा अनुभाग, कोषागार/कैश काउण्टर यथावत खोले जायेंगे। नगरायुक्त संजय चौहान ने अपील की है कि अवकाश के इन दो दिनों का लाभ उठाते हुए वे अपना बकाया जमा करा दे।

## पंचायत भवन पर न बने राशन की दुकान

**सहारनपुर।** ग्रामीणों ने अपर जिलाधिकारी को प्रार्थना देकर ग्राम पंचायत भवन पर राशन डिपो की दुकानें न बनने के लिए प्रार्थना पत्र देकर मामले में कारवाई करने की मांग की।

गांव बेहडेकी परगना हरौडा ब्लाक बालियाखेडी के ग्रामीणो ने अपर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि ग्राम बेहड़ेकी में ग्राम सभा की भूमि पर पंचायत भवन 20-25 वर्षों से अधिक से बना हुआ है। गरीब होने के कारण ग्रामवासी जिसका इस्तेमाल अपने बच्चों की शादी करने के लिए करते है क्योंकि गरीब ग्रामीण विवाह स्थलों पर पैसा देने में असमर्थ है। ग्राम ंचायत स्थल पर धार्मिक एवं सामाजिक कार्य भी ग्रामवासियों द्वारा किया जाता आ रहा है। ग्रामीणो ने आरोप लगाते हुए बताया कि 29 मार्च को ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव ने अधिकारियों से साज कर ग्राम पंचायत भवन पर राशन डिपो की दुकानें बनाने के लिए नींव खोदकर कर वहां तोडद्यफोड़ कर दी है जिससे पंचायत भवन की भूमि कम पड़ रही है। ज्ञापन देने वालों में मानवसिंह (राहुल), जितेन्द्र कुमार, संगीता, पूजा, रुबी, मीनाक्षी, रेखा, सुशीला, सविता, अनिता, ऊषा, सुनीता, रेश्मा आदि मौजूद रहे।

# ईदगाह पर स्मार्ट सिटी के कार्यों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने आज सुबह ईद उल फितर पर नगर निगम की तैयारियों के दृष्टिगत अम्बाला रोड स्थित ईदगाह व जामा मस्जिद क्षेत्रों के अलावा शहर के अनेक प्रमुख मार्गो का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

नगरायुक्त संजय चौहान ने वार्ड 07 के अम्बाला रोड स्थित ईदगाह पर साफ-सफाई व स्मार्ट सिटी द्वारा कराये गए कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने स्मार्ट सिटी अधिकारियों से स्मार्ट सिटी के कार्य पूरा कराने के साथ ही निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित कर ले कहीं फुटपाथ पर कोई केबिल की तार या टायल आदि न पड़ी रह जाए। उन्होंने ईदगाह के अलावा ईदगाह के तीनों तरफ मार्गो पर नालियों व सड़कों की पूरी तरह साफ सफाई रखने और चूना व एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि सड़कों पर कहीं कोई गड्ढ़ा हो तो उसे भी ठीक कराएं।



नगरायुक्त ने चौक फव्वारा स्थित जामा मस्जिद के अलावा अम्बाला रोड, घण्टाघर, नेहरु मार्किट, चौकी सराय, शहीद गंज, बाजार मोरगंज, चिलकाना रोड, मण्डी समिति रोड आदि मार्गो का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नालियों से निकाली गयी शिल्ट सहित समय से कूड़ा उठान करने, चूना, एंटीलार्वा और फागिंग कराने के साथ ही विशेष साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने जामा मस्जिद के सामने सड़क के गड्ढे ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बड़ी नालियों की सफाई पोकलेन से कराने और हर रोज रोस्टर अनुसार पूरा विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने निगम के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी को पशुओं को नियंत्रित रखने के लिए निगम के काउ कैचर/डॉग स्कवॉड को सक्रिय रखने के खास निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर नगरायुक्त राजेश यादव व मृत्युंजय, महाप्रबंधक जलकल पुरुषोत्तम कुमार, अधिशासी अभियंता वी बी सिंह, अधिशासी अभियंता निर्माण आलोक श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी प्रवीन शाह, सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह, पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ.संदीप मिश्रा सहित अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।
























# चीन को मित्र के रूप में देखना महत्वपूर्ण: मोहम्मद यूनुस

## चार दिवसीय चीन यात्रा खत्म होने के मौके पर बोले बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार

बीजिंग, वार्ता

**बांग्लादेश** की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को अपनी चार दिवसीय चीन यात्रा खत्म होने के मौके पर कहा कि उनके देश के लिए चीन को एक अच्छे मित्र के रूप में देखना 'महत्वपूर्ण' है और उन्हें उम्मीद है कि ढाका और बीजिंग के बीच संबंध एक नए चरण में प्रगति करेंगे। मोहम्मद यूनुस ने आगे कहा कि कि हमारा रिश्ता वर्षों से बहुत मजबूत रहा है।

हमारा व्यापारिक सहयोग अच्छा है और हम चीन के साथ साझेदारी से लाभान्वित हो रहे हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के दौरान मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए चीन से अधिक निवेश की मांग की। उन्होंने कहा कि चीन बांग्लादेश के लिए एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में काम कर सकता है। मोहम्मद यूनुस और शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद दोनों देशों ने नौ समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिसमें आर्थिक और तकनीकी सहयोग, संस्कृति और साहित्य के क्षेत्र में साझेदारी, जल संसाधन प्रबंधन और बाढ़ नियंत्रण में सहयोग शामिल है। इसके अलावा, तीस्ता नदी प्रबंधन परियोजना में चीनी कंपनियों के शामिल होने का भी स्वागत किया गया। बता दें कि, पहले की शेख हसीना सरकार इस परियोजना को भारत के सहयोग से पूरा करना चाहती थी, लेकिन अब चीन इसमें भूमिका निभाने को तैयार है। मौजूदा समय में एक हजार से अधिक चीनी कंपनियां बांग्लादेश में काम कर रही हैं। चीन से बांग्लादेश का आयात लगातार बढ़ रहा है। बांग्लादेश के कई मरीज इलाज के लिए भारत जाते हैं, लेकिन अब चीन इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना चाहता है। वहीं चटगांव से चीन के कुनमिंग शहर के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि बांग्लादेशी मरीज चीन में इलाज करा सकें। रही मोहम्मद यूनुस अब थाईलैंड में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने जा रहे हैं। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की इच्छा जताई है, लेकिन अभी भारत की ओर से इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।



■ चीन बांग्लादेश के लिए एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में काम कर सकता है: मोहम्मद यूनुस

## नेपाल में हिंसक प्रदर्शन, दो की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में राजशाही की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शन में दो लोगों की मौत हो गई। हिंसा को बढ़ावा देने, प्राइवेट प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने और आगजनी करने के आरोप में पुलिस ने 105 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के उपाध्यक्ष रबिंद्र मिश्र, जनरल सेक्रेटरी धवल शमशेर राणा शामिल हैं। इसके अलावा स्वागत नेपाल, शेफर्ड लिंबू और संतोष तमांग जैसे राजशाही का समर्थन करने वाले कार्यकर्ता समेत 17 अन्य नेता भी शामिल हैं। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, प्रदर्शन के प्रमुख आयोजक नवराज सुबेदी को हाउस अरेस्ट में रखा गया है। वहीं, इस प्रदर्शन के चीफ कमांडर दुर्गा परसाई की तलाश की जा रही है। 40 से ज्यादा नेपाली संगठनों के प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू के तिनकुने में एक इमारत में तोड़फोड़ करने के बाद उसे आग के हवाले कर दिया था।




**म्यांमार। भूकंप प्रभावित लोगों के लिए रवाना होने से पहले राहत सामग्री के साथ गाजियाबाद के हिंडन हवाई अड्डे पर एनडीआरएफ के जवान।**

## अफगानिस्तान ने ईद-उल-फितर पर दो हजार से ज्यादा कैदियों को रिहा किया

**काबुल।** अफ़गान अधिकारियों ने मुसलमानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक ईद-उल-फितर की पूर्व संध्या पर 2,463 कैदियों को रिहा किया है। स्थानीय मीडिया 'टोलो न्यूज़' ने शनिवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि अंतरिम सरकार के सर्वोच्च नेता मावलवी हिबतुल्लाह अखुंदज़ादा के आदेश के आधार पर कैदियों को रिहा किया गया और जिन कैदियों में अपेक्षाकृत हल्के मामले थे, उन्हें अफ़गानिस्तान के 34 प्रांतों की जेलों से रिहा किया गया। अफ़गानिस्तान रमजान के 29वें दिन अर्धचंद्र के दिखने के आधार पर सुप्रीम कोर्ट की घोषणा के बाद ईद-उल-फितर मनाएगा।



# डोनाल्ड ट्रम्प को कोर्ट से फिर बड़ा झटका

## सरकारी सहायता प्राप्त मीडिया समूह वॉइस ऑफ अमेरिका से कर्मचारियों को निकालने के आदेश पर न्यायालय ने लगाई रोक

■ कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रम्प के फैसले को मनमाना और मनमौजी निर्णय लेने का मामला कहा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को एक बार फिर कोर्ट ने झटका दिया है। संघीय न्यायालय ने देश के सरकारी सहायता प्राप्त मीडिया समूह- वॉइस ऑफ अमेरिका को सरकारी आर्थिक मदद और कर्मचारियों को निकालने के आदेश पर रोक लगा दी है।

कोर्ट ने कहा कि वॉइस ऑफ अमेरिका को चुप नहीं कराया जा सकता। कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रम्प के फैसले को मनमाना और मनमौजी निर्णय लेने का मामला कहा। न्यायाधीश जेम्स पॉल ओटकेन ने वॉइस ऑफ अमेरिका को चलाने वाली यूएस एजेंसी फॉर ग्लोबल मीडिया को 1200 से अधिक पत्रकारों, इंजीनियरों और अन्य कर्मचारियों को नौकरी से निकालने से रोक दिया। ओटकेन ने एक अस्थाई प्रतिबंध आदेश जारी करके एजेंसी को कर्मचारियों या कांट्रैक्टरों को नौकरी से निकालने, कर्मचारियों की संख्या कम करने, छुट्टी पर भेजने और किसी भी कार्यालय को बंद करने या विदेशी कर्मचारियों को अमेरिका लौटने के लिए मजबूर करने से रोक दिया है। इसके अलावा एजेंसी फॉर ग्लोबल मीडिया को रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी, रेडियो फ्री एशिया और रेडियो फ्री अफगानिस्तान सहित अपने अन्य प्रसारण आउटलेट के लिए दिए जाने वाले फंड को समाप्त करने से रोका गया है। एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि वह न्यायाधीश के आदेश के बाद रेडियो फ्री यूरोप की फंडिंग बहाल कर रही है।

जज ओटकेन ने ट्रम्प प्रशासन को एक ऐसी एजेंसी को नुकसान पहुंचाने के लिए दोषी ठहराया, जिसे कांग्रेस द्वारा वैधानिक रूप से अधिकृत और वित्त पोषित किया गया है। न्यायाधीश ने एजेंसी के नेतृत्व की आलोचना करते हुए कि उन्होंने अमेरिकी सरकार के वैश्विक, सॉफ्ट-पावर मेगाफोन पर प्रभावों पर विचार किए बिना रातोंरात हाथ खींच लिए। जज ने वॉइस ऑफ अमेरिका के पत्रकारों, श्रमिक संघों और गैर-लाभकारी पत्रकारिता वकालत समूह रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स के गठबंधन के बाद पिछले हफ्ते ट्रम्प प्रशासन पर कटौती को रोकने के लिए दायर मुकदमे पर सुनवाई की। संघीय अदालत में दर्ज किए गए मुकदमे में कहा गया है कि वॉइस ऑफ अमेरिका के कर्मचारियों को 15 मार्च को अपने लाइव प्रसारण समाप्त करने और फिर इमारत खाली करने के लिए कहा गया। इसके तुरंत बाद उन्होंने ईमेल सहित एजेंसी के कंप्यूटर सिस्टम तक पहुंच खो दी। वॉइस ऑफ अमेरिका की समाचार वेबसाइट को तब से अपडेट नहीं किया गया है। पूर्व टीवी समाचार एंकर और राजनीतिक उम्मीदवार लेक ने कहा कि वह यह निर्धारित कर रही हैं कि न्यूनतम स्टाफिंग स्तरों पर कुछ आउटलेट्स को संचालित करने के लिए कितने लोगों की आवश्यकता है? उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को काम पर वापस लाया गया है और क्यूबा में रेडियो मार्टी सेवा शुरू कर दी गई है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ये एजेंसियां हमारे अमेरिकी मूल्यों के अनुरूप हों। हम अमेरिका की कहानी बता रहे हैं। हम अपने विरोधियों की कहानियां नहीं बता रहे हैं। हम अमेरिका विरोधी कचरा नहीं फैलाएंगे।

### कनाडा और अमेरिका ने दोनों देशों के आपसी संबंधों पर की चर्चा

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से आयात-निर्यात पर लगाए गए शुल्क को लेकर दोनों देशों के आपसी संबंधों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक सूचना विज्ञप्ति के अनुसार, कनाडा के प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति ने कनाडा के आम चुनाव, जो 28 अप्रैल को निर्धारित है, के बाद नए आर्थिक और सुरक्षा संबंधों पर व्यापक वार्ता शुरू करने पर सहमति व्यक्त की है। कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को बताया कि कनाडा की सरकार दो अप्रैल को अमेरिका की ओर से व्यापार संबंधी अतिरिक्त कदमों की घोषणा के बाद कनाडा के श्रमिकों और अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए प्रतिशोधी शुल्क लागू करेगी।

## इजरायल ने बेरूत उपनगर को बनाया निशाना

बेरूत/पेरिस, वार्ता

■ युद्ध विराम के बाद पहली बार दक्षिणी उपनगरों में इमारत पर बोला हमला

■ मैक्रों ने की लेबनान को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमलों की निंदा

**इज़रायली** हवाई हमलों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में एक इमारत को निशाना बनाया। पिछले नवम्बर में युद्ध विराम पर सहमति बनने के बाद से यह पहला ऐसा हमला था। हवाई हमलों के तुरंत बाद इज़रायल रक्षा बलों ने कहा कि उन्होंने लेबनान की राजधानी के पास हिजबुल्लाह से 'संबंधित ड्रोन भंडारण सुविधा' को निशाना बनाया था। हवाई हमलों से पहले आईडीएफ ने सोशल मीडिया पर निकासी अलर्ट जारी किया, जिसमें लेबनानी नागरिकों को साइट के आस-पास के 300 मीटर के क्षेत्र को छोड़ने की सलाह दी गई।

आईडीएफ के अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचे अद्राई ने स्थान को चिह्नित करने वाला एक नक्शा साझा किया और निवासियों से तुरंत खाली करने का आग्रह किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब परिवार अपने घरों से भाग रहे थे, तो वहां अफरा-तफरी का माहौल था, कुछ लोग जल्दबाजी में स्कूल खाली कर रहे थे। आगे भी हमले की आशंका के चलते बच्चे पजामा पहनकर निकलते देखे गए। लेबनान के शिक्षा मंत्रालय ने लक्षित क्षेत्र के पास सभी सरकारी और निजी स्कूलों, माध्यमिक संस्थानों, व्यावसायिक केंद्रों और राफिक हरीरी विश्वविद्यालय परिसर को बंद करने का भी आदेश दिया। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर इजरायल के हवाई हमलों को 'अस्वीकार्य' और संघर्षविराम का उल्लंघन बताया। मैक्रों ने पेरिस में लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि ये हमले एकतरफा कार्रवाई हैं जो पूर्व प्रतिबद्धता को तोड़ते हैं। वह शुक्रवार की बमबारी से टूटे हुए चार महीने के संघर्ष विराम का जिक्र कर रहे थे। यह संघर्षविराम लागू होने के बाद से बेरूत पर इजरायल का पहला आक्रमण था। वहीं, इजरायली सेना ने कहा कि यह हमला लेबनान से इजरायल की ओर रॉकेट हमलों के जवाब में था, जो सीमा पर तनाव बढ़ने का संकेत है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तानी जेलों से 223 अफगान कैदियों को रिहा किया

**काबुल।** पाकिस्तान में कैद कुल 223 अफगान कैदियों को रिहा कर दिया गया है और वे अपने वतन वापस लौट आए हैं। अफगानिस्तान के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, बंदी पिछले दो दिनों में पूर्वी नंगरहार में तोरखम सीमा पार बिंदु और दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक क्रॉसिंग बिंदु के माध्यम से अफगानिस्तान लौट आए हैं। पाकिस्तान ने पिछले साल जेल में बंद हजारों अफगानिस्तानियों को रिहा किया है और उन्हें स्वदेश भेजा है। गौरतलब है कि कथित तौर पर 20 लाख से अधिक अफगानिस्तानी पाकिस्तान में रह रहे हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों ने उन सभी अफगानिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने के लिए कहा है, जिनके पास कानूनी यात्रा दस्तावेज और निवासी परमिट नहीं हैं।

### इराक में हवाई हमले में दो आईएस आतंकवादी मारे गए

**बगदाद।** पश्चिमी इराकी प्रांत अनबर में हवाई हमले में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के दो आतंकवादी मारे गए। इराकी सेना ने यह जानकारी दी। इराकी संयुक्त अभियान कमान से संबद्ध मीडिया आउटलेट सुरक्षा मीडिया सेल के एक बयान के अनुसार खुफिया रिपोर्टों पर कार्रवाई करते हुए इराकी बलों ने अनबर प्रांत के एक रेगिस्तानी इलाके में आईएस के ठिकाने को निशाना बनाकर हवाई हमला किया। बयान में कहा गया है कि शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, हवाई हमले में दो आईएस आतंकवादी मारे गए, साथ ही हथियार, गोला-बारूद, उपकरण और रसद आपूर्ति नष्ट हो गई। जबकि इराक ने 2017 में आईएस पर जीत की घोषणा की।

## अमेरिका ने यमन पर किए 26 नए हवाई हमले

**सना/तेहरान।** अमेरिकी सेना ने यमन की राजधानी सना और अन्य प्रांतों पर 26 नए हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी। अल-मसीरा टीवी ने बताया कि दक्षिणी सना में अल-सवाद क्षेत्र पर आठ हवाई हमले किए गए और 18 हवाई हमलों में सादा और अल-जौफ प्रांतों के कई हिस्सों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी पक्ष ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

इससे पहले दिन में अल-मसीरा टीवी ने बताया कि अमेरिकी सेना ने भोर से पहले यमन पर 40 से अधिक हवाई हमले किए, जिसमें सना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, कमांड कैंप, सरीफ क्षेत्र और सनहान क्षेत्र में जरबन साइट के साथ-साथ उत्तरी प्रांतों में कई अन्य स्थानों को निशाना बनाया गया। इसमें कहा गया है कि एक व्यक्ति घायल हो गया। वहीं ईरान ने यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों के जारी रहने और लेबनान की राजधानी बेरूत को निशाना बनाकर किए गए नये इजरायली हमलों की निंदा की है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बागई ने शुक्रवार रात को जारी बयानों में यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों की निंदा करते हुए इसे 'अवैध और अनुचित' बताया। उन्होंने हमलों को आपराधिक कार्रवाई कहा, जो संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून सहित अंतर्राष्ट्रीय कानून के मौलिक नियमों का 'घोर उल्लंघन' है। बागई ने एक अन्य बयान में कहा कि बेरूत में आवासीय क्षेत्रों पर इजरायली हवाई हमले इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष विराम समझौते का स्पष्ट उल्लंघन है। प्रवक्ता ने इजरायल की 'आपराधिक कार्रवाई' को लेबनान की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का घोर उल्लंघन बताते हुए इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा संघर्ष विराम समझौते के इजरायल के लगातार उल्लंघन पर लगाम लगाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने का आह्वान किया। इजरायली सेना ने हालांकि कहा कि बेरूत पर उसके हवाई हमलों में हिजबुल्लाह से संबंधित 'ड्रोन भंडारण सुविधा' को निशाना बनाया गया। गौरतलब है कि अमेरिकी सेना ने कल शाम यमन की राजधानी सना और अन्य प्रांतों पर हवाई हमले किए, जिनमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।



■ राजधानी सना व अन्य प्रांतों पर साधा निशाना, एक की मौत, तीन घायल

■ ईरान ने यमन पर अमेरिकी और लेबनान पर इजरायली हमलों की निंदा की

# एलन मस्क ने एक्सएआई को बेचा 'एक्स'

## कंपनी से 33 अरब डॉलर में ऑल-स्टॉक सौदा तय हुआ

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उद्योग पति एलन मस्क ने घोषणा की कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) को अपनी खुद की एआई कंपनी एक्सएआई को 33 अरब डॉलर के ऑल-स्टॉक सौदे में बेच दिया है।

दोनों कंपनियां निजी स्वामित्व वाली हैं, इसलिए उन्हें अपने वित्तीय विवरणों को सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं है। मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अधिग्रहण एक्सएआई की उन्नत एआई क्षमताओं को एक्स की विशाल वैश्विक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाओं को अनलॉक करेगा। इस सौदे में एक्सएआई का मूल्य 80 अरब डॉलर और एक्स का 33 अरब डॉलर है। मस्क, जो टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ भी हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सलाहकार हैं, ने 2022 में ट्विटर के नाम से मशहूर इस प्लेटफॉर्म को 44 अरब डॉलर में खरीदा था। इसके बाद उन्होंने कर्मचारियों की संख्या में कमी की, अभद्र भाषा, गलत सूचना और उपयोगकर्ता सत्यापन पर नीतियों में बदलाव किया और प्लेटफॉर्म को एक्स के रूप में पुनः ब्रांड किया। एक्स को खरीदने के एक साल बाद मस्क ने एक्सएआई की स्थापना की, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में उनका अगला प्रमुख उद्यम था। उन्होंने एक्स पर लिखा एक्सएआई और एक्स का भविष्य आपस में जुड़ा हुआ है।

आज, हम आधिकारिक तौर पर डेटा, मॉडल, कंप्यूट, वितरण और प्रतिभा को मिलाने का कदम उठाते हैं। यह संयोजन एक्सएआई की उन्नत एआई क्षमता और विशेषज्ञता को एक्स की व्यापक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाओं को अनलॉक करेगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त कंपनी सत्य की खोज और ज्ञान को आगे बढ़ाने के हमारे मूल मिशन के प्रति सच्चे रहते हुए अरबों लोगों को अधिक स्मार्ट, अधिक सार्थक अनुभव प्रदान करेगी। एआई उद्योग में प्रमुखता सक्रिय मस्क खुद को एआई उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर रहे हैं, एक ऐसा फोकस जिसने ट्रम्प प्रशासन और तकनीकी क्षेत्र दोनों से महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित किया है।





# म्यांमार भूकंप से पड़ोसी चीनी प्रांत में 1700 लोग प्रभावित

■ भूकंप के बाद श्रीलंका ने म्यांमार, थाईलैंड के प्रति संवेदना व्यक्त की

**बीजिंग/कोलंबो।** म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप से दक्षिण-पश्चिमी चीनी प्रांत युन्नान में 1,700 से ज़्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। सरकारी चीनी टेलीविजन चैनल सीसीटीवी ने यह जानकारी दी। भूकंप से सीमावर्ती जिले रुइली में 458 घर प्रभावित हुए, कुल 1,705 लोग प्रभावित हुए।

दो लोग घायल हुए। कई ऊंची इमारतें और पुराने घर क्षतिग्रस्त हो गए। पानी और बिजली की आपूर्ति, सार्वजनिक परिवहन और दूरसंचार सेवाएँ बाधित हुईं। भूकंप का असर म्यांमार के पड़ोसी पांच देशों में भी महसूस किया गया। म्यांमार के प्रधानमंत्री मिन आंग लाइंग ने कहा कि इस आपदा में कम से कम 144 लोगों की मौत हो गई। आपातकालीन स्थिति के रूसी मंत्रालय ने आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रयास में म्यांमार की सहायता के लिए बचाव दल को ले जाने वाले दो विमान भेजे। वहीं श्रीलंका के विदेश मंत्रालय, विदेशी रोजगार और पर्यटन ने एक बयान में कहा कि वह म्यांमार और थाईलैंड में आए भूकंप से प्रभावित लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। मंत्रालय ने उन लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और जो लोग घायल हुए हैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मंत्रालय ने थाईलैंड और म्यांमार में श्रीलंकाई लोगों से सतर्क रहने और यांगून और बैंकॉक में श्रीलंकाई दूतावासों से संपर्क करने का अनुरोध किया। इससे पहले, बैंकॉक में श्रीलंकाई दूतावास ने कहा कि अभी तक थाईलैंड में श्रीलंकाई नागरिकों के भूकंप से प्रभावित होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है, जिसके कारण बैंकॉक और अन्य देशों में झटके महसूस किए गए।

## पाक में चेकपोस्ट पर आतंकवादी हमला विफल तीन आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी प्रांत पंजाब के डेरा गाजी खान जिले में पुलिस ने एक चेकपोस्ट पर आतंकवादी हमले को विफल कर दिया है और तीन हमलावरों को मार गिराया है। पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने शनिवार को एक बयान में कहा कि 20 से 25 आतंकवादियों ने शुक्रवार रात उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा की सीमा से लगे जिले में लखानी चेकपोस्ट पर हमला किया, जिसमें मोर्टार, रॉकेट लांचर, स्नाइपर राइफल और अन्य भारी हथियारों का इस्तेमाल किया गया। प्रवक्ता ने कहा कि हमले की तीव्रता के बावजूद, पुलिस बलों, एलीट फोर्स और स्पेशल ऑपरेशन यूनिट ने जमकर मुकाबला किया, जिससे हमलावरों को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा।

## गिनी के पूर्व तानाशाह कैमारा को मिला क्षमादान

**2009 में सेना द्वारा किए गए स्टेडियम नरसंहार के लिए 20 साल की काट रहे थे सजा**

**डकार (सेनेगल)।** गिनी के सत्तारूढ़ जुंटा ने पूर्व तानाशाह मूसा श्दादिस्श कैमारा को माफ कर दिया है। वे 2009 में सेना द्वारा किए गए स्टेडियम नरसंहार के लिए 20 साल की सजा काट रहे थे। इस नरसंहार में कम से कम 157 लोगों की मौत हुई थी और दर्जनों महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया गया था।

इस अपराध के लिए दोषी पाए जाने पर जुलाई 2024 में कैमारा को सजा सुनाई गई थी। एक बयान के अनुसार, तख्तापलट करने के एक साल बाद जब प्रदर्शनकारी स्टेडियम में राष्ट्रपति पद के लिए कैमारा की योजना का विरोध कर रहे थे, तब सैनिकों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। उस समय जुंटा ने कहा था कि सेना के 'अनियंत्रित' तत्वों ने दुष्कर्म और हत्याओं को अंजाम दिया। हालांकि, ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट में कहा गया है कि जब स्टेडियम में प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाई गईं, तब कैमारा के करीबी सहयोगी वहां मौजूद थे और उन्होंने इस नरसंहार को रोकने के लिए कुछ नहीं किया। गवाहों के अनुसार, नरसंहार के दौरान कई पीड़ितों को गोली मार दी गई। कुछ को चाकू घोंपकर मारा गया। इस दौरान कुछ महिलाएं छिप गईं, लेकिन उन्हें वहां से घसीटकर बाहर निकाला गया और सेना ने कई दिनों तक उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

# अनन्या से तुलना करने पर बिफरी पलक तिवारी



**मुंबई।** श्वेता तिवारी की बेटी और एक्ट्रेस पलक तिवारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इसी बीच उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे पैपराजी से इरिटेट होती हुई नजर आ रही हैं। दरअसल, पलक तिवारी मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंची थीं, तभी पैपराजी ने उनसे यह सवाल पूछा, श्आपको पलक कहें या अनन्या पांडे, हालांकि, पलक ने इस सवाल को नजरअंदाज करते हुए कोई रिएक्शन नहीं दिया। इसके बाद, पलक के एक्सप्रेशन को देखकर एक पैपराजी ने उनसे पूछा कि क्या आप नाराज हैं, इस पर पलक ने जवाब दिया कि आप लोग हमेशा ऐसे क्यों बोलते हो, फिर पैपराजी ने उनकी अपकमिंग फिल्म 'भूतनी' के बारे में पूछा, जिसका ट्रेलर आने वाला है। इस पर पलक हंसते हुए सिर हिलाती हैं और वहां से चली जाती हैं। साल 2023 में सलमान स्टारर शकिसी का भाई किसी की जानश से पलक तिवारी ने डेब्यू किया था। फिल्म में पूजा हेगड़े, वेंकटेश, भूमिका चावला, जगपति बाबू, विजेंदर सिंह, राघव जुयाल, जस्सी गिल, सिद्धार्थ निगम, शहनाज गिल, पलक तिवारी, विनाली भटनागर और सतीश कौशिक भी नजर आए थे। वहीं, अब जल्द पलक फिल्म 'भूतनी' में दिखाई देंगी, जिसमें संजय दत्त, मौनी राय, सनी सिंह, आसिफ खान और बेयानिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को रिलीज होने वाली है। ट्रेलर 30 को सिनेमाघरों में सलमान खान की सिकंदर के साथ जोड़ा जाएगा।

# मां की इजाजत बगैर एक रुपया भी खर्च नहीं करतीं सारा अली खान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने कहा कि वह अपनी मां की इज्जत के बिना एक रुपया भी खर्च नहीं कर सकतीं।

उन्होंने यह भी कहा कि उनका गूगल पे अकाउंट उनकी मां के अकाउंट से लिंडीएम है और ओटीपी भी उनके पास आते हैं। सारा अली खान ने कहा कि मैंने सीखा है कि छोटी-छोटी चीजों को आपको अलग-अलग जगहों पर निवेश करना चाहिए। मेरी मां मेरा फाइनेंशियल अकाउंट हैंडल करती हैं। मेरा गूगल पे अकाउंट भी उनके साथ लिंडीएम है और ओटीपी उनके पास आते हैं। मैं बिना उनसे ओटीपी लिए टिकट बुक नहीं कर सकती। इसी वजह से उन्हें हमेशा पता होता है कि मैं कहां हूं। सारा ने आगे कहा कि मैं जानती हूं और ध्यान रखती हूं कि मैं अपना पैसा कहां खर्च करती हूं। मुझे पैसे का बेवजह खर्च करना पसंद नहीं है, लेकिन हां, मुझे लगता है कि थोड़ी बहुत शापिंग या सेलिब्रेशन में कोई हर्ज नहीं है, अगर आप चाहें तो। हालांकि, मुझे यात्रा करना बहुत पसंद है, तो मैं यात्रा के लिए अपने पैसे बचाती हूं। कपिल शर्मा के शो में सारा अली खान ने बताया था कि वह अपनी मां को महंगी चीजें खरीदने से रोकती हैं। जैसे कि एक बार उनकी मां 1600 रुपये का तौलीया खरीद लाई थीं, तो सारा ने उन्हें डांटते हुए कहा कि ऐसा खर्च करना ठीक नहीं है। वहीं, सारा अली खान की बात करें तो उन्होंने साल 2018 में फिल्म श्केदारनाथश से अपने करियर की शुरुआत की थी। सारा की श्स्काई फोर्स इसी साल रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पांस मिला था।

## सलमान ने बताई पेरेंट्स की शादी की सबसे बड़ी रुकावट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अदाकार सलमान खान इन दिनों फिल्म सिकंदर के प्रमोशन में बिजी हैं। इसी बीच सलमान ने अपने पिता सलीम खान और मां सलमा खान की शादी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता के रिश्ते में सबसे बड़ी समस्या उनका धर्म नहीं, बल्कि उनके पिता का प्रोफेशन था। खान ने कहा कि भले ही उनके माता और पिता अलग-अलग धर्मों से हों, लेकिन उनकी शादी में ए कोई खास मुद्दा नहीं था। असली समस्या ए थी कि उनके पिता सलीम खान फिल्म इंडस्ट्री में काम करते थे। सलमान ने बताया कि उनकी मां के परिवार को फिल्म इंडस्ट्री में उनके भविष्य को लेकर चिंता थी। उन्हें लगता था कि ये एक परमानेंट करियर नहीं है।










































# आलिया भट्ट को पसंद नहीं, बदल गई हो कहना



**मुंबई।** आलिया भट्ट ने हाल ही में शेयर किया कि उन्हें यह पसंद नहीं है कि लोग उनसे बोले कि वह काफी बदल गई हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि हमेशा एक ही व्यक्ति बने रहना काफी खराब और मुश्किल है। आलिया का कहना है कि जिंदगी में बदलाव होना अच्छा है।

आलिया भट्ट ने हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया के साथ बातचीत की। इस दौरान एक्ट्रेस से पूछा गया कि उन्हें कौन-सी बात सबसे ज्यादा नाप. संद है। सवाल का जवाब देते हुए आलिया ने कहा कि एक बात मुझे बिल्कुल पसंद नहीं है, वो है लोगों का मुझसे कहना, 'अरे, तुम बदल गई हो।' मेरे हिसाब से यह ठीक है, मुझे लगता है कि समय के साथ बदलना अच्छा है। 16 साल की उम्र में आप जो थे, वही बने रहना डरावना है।' आलिया भट्ट ने इस बातचीत के दौरान कहा कि ऐसी कई बात हैं, जो वह चाहती थी कि इंडस्ट्री में आने से पहले कोई उन्हें बताता।




सौजन्य से:- जवाब हुसैन ग्राम प्रधान बगरब्बा वि. ख. सैदनगर रामपुर




| Scholarship test result | Scholarship on Composite fee |
|---|---|
| 97.5% or More | 100% |
| 95% to 97.49% | 90% |
| 90% to 94.99% | 80% |

Scholarship eligibility based only on Board Result

| % Board Marks | Scholarship on Composite fee |
|---|---|
| 98 % and above | 100% |